शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



पुलिस, सुरक्षाकर्मियों की छुट्टियां कम की गईं: गृह मंत्री परमेश्वर @ नम्मा बेंगलूरु


Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 11 मई, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु.| वर्ष-7 | अंक-129


## चार दिन में युद्ध विराम, चार घंटे में हुआ हराम

# शैतानियत पर उतरा पाकिस्तान

**नई दिल्ली, 10 मई (ब्यूरो)।**

पहलगाम हमले की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर को विराम देने की पाकिस्तानी अपील के बाद दोनों देशों के बीच युद्ध विराम हुआ और चार घंटे बाद ही टूट भी गया। पाकिस्तान ने युद्ध विराम का उल्लंघन करते हुए जम्मू से लेकर पूरे सीमाई क्षेत्रों में भीषण बमबारी और गोलाबारी शुरू कर दी। रात नौ बजे पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया और जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर फायरिंग शुरू कर दी। श्रीनगर में देर रात तक धमाके सुने जाते रहे और उधमपुर में पाकिस्तानी ड्रोन नजर आए। पाकिस्तान ने जम्मू के आरएस पुरा क्षेत्र में शनिवार को भारी गोलाबारी की, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के आठ जवान घायल हो गए। इनमें से एक सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज शहीद हो गए। सात जवानों का उपचार जारी है। भारत सरकार ने सेना को पाकिस्तान से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि संघर्ष विराम लागू करने को लेकर डीजीएमओ स्तर पर बनी सहमति का उल्लंघन किया गया है। भारत इसका मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। सरकार ने ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दे दिए हैं।

सीजफायर की घोषणा के तीन घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने इसकी धज्जियां उड़ा दीं। पाक सेना ने एलओसी और इंटरनेशनल बार्डर के कई सेक्टरों में गोलाबारी आरंभ कर दी थी। इसके लिए वह भारी तोपखानों का भी सहारा ले रहा है। पाक सेना ने एलओसी पर नौशहरा, अखनूर, और सुंदरबनी इलाकों में तोपखानों के मुंह खोलते हुए भीषण गोलाबारी आरंभ कर दी। लगातार चार दिनों तक भारतीय सेना के हाथों मार खाने के बाद पाकिस्तान ने बैलिस्टिक मिसाइलों के हमलों से जम्मू कश्मीर को आघात पहुंचाने की कोशिश की। मिसाइलों के अतिरिक्त उसकी वायुसेना के विमानों ने कश्मीर के उड़ी से लेकर जम्मू के पहाड़पुर सीमा चौकी तक हमले किए और बम भी गिराए। इन हमलों और मिसाइलों की बौछार में 6 नागरिकों की मौत की पुष्टि हुई है। दर्जनों घरों को क्षति पहुंची है। अपुष्ट समाचार के अनुसार श्रीनगर के पास पाक वायुसेना के दो विमान गिरा कर दो पायलटों को जिंदा पकड़ लिया गया।



> भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और इस सीमा अतिक्रमण से निपट रही है। यह अत्यंत निंदनीय है और पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है। पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इसे रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई करे।
>
> विक्रम मिस्री, विदेश सचिव

## भीषण बमबारी की बीएसएफ के अफसर शहीद

## छह नागरिक मारे, सेना को सख्त कार्रवाई का आदेश

सीजफायर की घोषणा होने के बाद पाकिस्तानी सेना ने शाम करीब 7:30 बजे सबसे पहले राजौरी के सुंदरबनी सेक्टर में गोलाबारी शुरू कर दी। हालिया तनातनी के बाद यह पहला मौका है जब पाकिस्तान ने सुंदरबनी सेक्टर में मोर्चा खोला। आरएसपुरा सेक्टर, कानाचक के ललयाल, मढ़ के गोल पटन, पुंछ, नौशेरा, सांबा, उधमपुर में भी धमाके सुनाई दिए। रात करीब साढ़े आठ बजे श्रीनगर में एक के बाद एक कई धमाके हुए। जम्मू में ड्रोन देखे जाने की बात सामने आई है।

सीजफायर की घोषणा के बाद लोग चर्चाओं में मशगूल हो गए कि अब शांति आएगी। पर, शाम 7:30 बजते ही पाकिस्तान की तरफ से सुंदरबनी और उससे सटे क्षेत्रों में पहली बार भारी हथियार से गोलाबारी की गई। सुंदरबनी के साथ लगते गांव पैली के युवा राहुल शर्मा ने बताया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे आर्टिलरी के गोले उनके गांव और जंगल में गिरे। इन धमाकों के साथ ही स्थानीय लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर ठौर लिया। उन्होंने बताया कि धमाकों की आवाज इतनी जोरदार थी कि लोगों के घरों के शीशे तक टूट गए। गोलाबारी के साथ ही ड्रोन से भी हमला किया गया जिसे हवा में ही मार गिराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें पाकिस्तान और पाकिस्तानी फौज पर कतई भरोसा नहीं। छंब सेक्टर में भी सीजफायर का उल्लंघन हुआ है।

अरनिया व कानाचक में कम से कम तीन-तीन ड्रोन देखे गए। बीएसएफ ने दोनों जगह ड्रोनों को नष्ट करने के लिए फायरिंग की। सांबा में भी ड्रोन देखे गए। सांबा, राजौरी के साथ ही कठुआ में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सायरन की आवाज भी गूंज रही है। आरएसपुरा सेक्टर में भी धमाके शुरू होते ही प्रशासन ने सायरन बजाकर अलर्ट किया। उधमपुर में फायरिंग की आवाजें गूंज रही हैं। जम्मू में ब्लैकआउट तो नहीं है, लेकिन लोगों ने खुद ब्लैकआउट कर दिया है। जहां लाइटें जलती दिख रहीं, वहां पुलिस बंद करा रही है। रामगढ़ क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से छोटे हथियारों से गोलीबारी की जा रही है। सेना सभी जगहों पर मुंहतोड़ जवाब दे रही है।

पाकिस्तान की ओर से सुबह पांच बजे शुरू किए गए मिसाइलों के हमलों का निशाना जम्मू कश्मीर के शहर रहे हैं। जम्मू शहर में ही तीन मिसाइलें गिरी थीं। एक मिसाइल इस संवाददाता के घर से आधा किमी की हवाई दूरी पर भी गिरी जिसने घरों को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। दूसरी करीब दो किमी की हवाई दूरी पर एक प्रसिद्ध मंदिर को निशाना बना कर दागी गई थी। जम्मू कश्मीर के जम्मू, नगरोटा, अखनूर, श्रीनगर, उधमपुर आदि में पाकिस्तान द्वारा दागी गई फतह-1 और फतह-2, शाहीन-एक और शाहीन-2 मिसाइलों से तबाही हुई थी। हालांकि इन मिसाइलों के हमले में किसी सैन्य प्रतिष्ठान को कोई नुकसान नहीं हुआ है। पर जम्मू में तीन नागरिकों जिनमें एक महिला भी शामिल है, की मौत हो गई। इसी तरह से राजौरी में पाक तोपखाने की गोलाबारी की चपेट में आने के कारण अतिरिक्त उपायुक्त राजकुमार थापा समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

पाक सेना द्वारा कल रात को की गई भीषण गोलाबारी के कारण कई घरों को क्षति पहुंची। लोगों में भगदड़ इसलिए हे क्योंकि इन इलाकों में इतने बंकर नहीं है जो उनके जान माल की रक्षा कर सकें। मिसाइलों के अतिरिक्त पाक वायुसेना ने आज तड़के कई इलाकों में भारतीय हवाई सीमा का उल्लंघन कर बमबारी करने की कोशिश की। अधिकारियों के बकौल, कई जगहों पर वह कामयाब भी रहा है। जबकि कई इलाकों में उनके लड़ाकू विमानों को मार भगाया गया। अपुष्ट समाचारों के अनुसार, श्रीनगर के आसपास के इलाकों में दो पाक विमानों को मार गिराया गया है और उनके दो पायलटों को जिन पकड़ लिया गया है।पाक सेना ने सीजफायर को तोड़ते हुए इंटरनेशनल बार्डर पर भी 120 एमएम मोर्टार तथा मीडियम आर्टिलरी से गोले बरसाने आरंभ किए थे। भारतीय सेना भी पाक सेना द्वारा फिर से आरंभ की गई गोलाबारी का भरपूर जवाब दे रही है। कठुआ के सांजी मोड़ इलाके में ड्रोन हमलों की सूचनाएं भी मिली हैं। पर इनकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई थी। पर लोगों द्वारा इन ड्रोनों की वीडियो सोशल मीडिया पर साझा की जा रही हैं। हालत यह है कि दोनों मुल्कों के बीच सीजफायर की घोषणा के बावजूद जम्मूवासी दहशतजदा हैं। यह दहशत कितनी है इससे स्पष्ट होता था कि जम्मू के कई इलाकों में लोगों ने ब्लैकआउट कर रखा था और वे लाइट जलाने का खतरा मोल नहीं लेना चाहते।

## देर शाम तक खूब चला युद्ध विराम का ड्रामा

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

आज अपराहन से लेकर देर शाम तक युद्ध विराम का खूब ड्रामा चला। युद्ध विराम को लेकर पाकिस्तान ने सीधे तौर पर भारत को बेवकूफ बनायास और अपनी हरकतें जारी रखीं। युद्ध विराम के बारे में आधिकारिक घोषणा करने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री खुद मीडिया के सामने आए। उन्होंने युद्ध विराम के द्विपक्षीय फैसले की आधिकारिक पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान के डायरेक्टर जेनरल मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) ने आज दोपहर साढ़े तीन बजे भारतीय सेना के डीजीएमओ को फोन कर सैन्य कार्रवाई बंद करने की अपील की। इस अपील पर विचार के बाद दोनों देशों के बीच सहमति बनी कि दोनों पक्ष आज शाम पांच बजे के बाद जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। इस तरह आज शाम पांच बजे से संघर्ष विराम लागू कर दिया गया है। इस मसले पर आगे की बातचीत के लिए 12 मई की तारीख निश्चित की गई है। 12 मई को 12 बजे दोनों देशों के बीच औपचारिक बैठक होगी। भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी आतंकी हमला हुआ तो उसे युद्ध की शुरुआत माना जाएगा और उस अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

पाकिस्तान ने कुछ घंटे बाद ही युद्ध विराम का उल्लंघन किया। लेकिन भारत सरकार युद्ध के अनुरूप न कोई जवाब दे पाई और न ही आगे की कार्रवाई के बारे में देश को कुछ बताया। जबकि युद्ध विराम पर सहमति जताते हुए केंद्र सरकार ने कहा था कि भविष्य में कोई भी आतंकी वारदात होने पर उसे देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। युद्ध विराम पर आखिरी फैसला लेने के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान और थल सेना, नौसेना और वायुसेना प्रमुखों के साथ विचार विमर्श किया। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी वारदात को युद्ध छेड़ने का प्रयास मानते हुए उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। भारत इससे पहले भी स्पष्ट संकेत दे चुका है कि वह किसी भी आक्रामक गतिविधि या युद्ध जैसे हालात का सामना करने को तैयार है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, युद्ध विराम का समझौता भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे बातचीत से हुआ, इसमें किसी तीसरे देश की मध्यस्थता नहीं है। शनिवार 10 मई को दोपहर में पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने भारत के सेना प्रमुख को फोन किया और युद्ध रोकने की अपील की। इस पर दोनों देशों के बीच बातचीत शुरू हुई। इसके बाद युद्धविराम पर सहमति बनी। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल किसी और मुद्दे पर बातचीत की कोई योजना नहीं है। ▶10पर

## बीएसएफ ने तबाह किया आतंकी लांच पैड

**जम्मू, 10 मई (ब्यूरो)।**

अखनूर सेक्टर में बीएसएफ ने पाकिस्तानी सेना के उस लांच पैड को तबाह कर दिया जहां से आतंकियों को इस ओर भेजा जाता था। जबकि आज सुबह जम्मू कश्मीर को निशाना बनाते हुए पाक सेना ने जो मिसाइलों से पूरे प्रदेश पर हमला किया, उसके तहत उसने श्रीनगर को निशाना बना जो मिसाइलें दागी उनमें से एक डल झील में जा गिरी। धमाके से कुछ शिकारे भी पलट गए। जबकि एलओसी पर गोलाबारी से होने वाली तबाही रुकी नहीं है। भारतीय पक्ष को भी गोलाबारी में क्षति पहुंची है जबकि एलओसी के पार पाक सेना के कई बंकर और चौकियों को एंटी टैंक गाइडेड मिसाइलों से नेस्तनाबूद कर देने का दावा किया गया है।

सीमा सुरक्षा बल ने शनिवार को कहा कि उसने जम्मू सीमा पर अखनूर के सामने स्थित एक आतंकवादी लॉन्च पैड को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। यह लान्च पैड पाकिस्तान के सियालकोट जिले के लूनी में स्थित था। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि यह बेस पाकिस्तान के सियालकोट जिले के लूनी में स्थित था। यह तब हुआ जब पाकिस्तान ने शुक्रवार रात 9 बजे जम्मू सेक्टर में बीएसएफ चौकियों पर अकारण गोलाबारी शुरू कर दी। प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ ने भी उसी तरह से जवाब दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित पाकिस्तानी रेंजर्स की चौकियों और सम्पत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचा। अखनूर इलाके के सामने सियालकोट जिले के लूनी में स्थित आतंकवादी लॉन्च पैड को बीएसएफ ने पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

दूसरी ओर अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह जोरदार धमाकों के बाद श्रीनगर के प्रमुख पर्यटक आकर्षण डल झील के अंदर मिसाइल जैसी वस्तु गिरी। अधिकारियों ने बताया कि जब मिसाइल गिरी तो झील की सतह से धुआं निकलने लगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा निकाली गई मिसाइल के मलबे की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह शहर के बाहरी इलाके लासजान से एक और संदिग्ध वस्तु बरामद की गई, जिसकी जांच की जा रही है। यह पाकिस्तान द्वारा दागी गई फतह-1 या फतह -2 मिसाइल के हिस्से हैं। जबकि पाकिस्तान की ओर से की गई भारी गोलाबारी के कारण जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा, उड़ी और पुंछ में घरों और धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचा है। हमले के बावजूद, स्थानीय लोगों ने भारतीय सेना के साथ खड़े रहने की कसम खाई है। उड़ी में गोलाबारी में घरों और सम्पत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसमें नागरिक इलाकों को निशाना बनाया गया है।

पुंछ निवासी बलबीर सिंह के मुताबिक, नागरिक इलाकों में घरों और पानी की टंकियों को भारी नुकसान पहुंचा है। पूरा घर क्षतिग्रस्त हो गया है। आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तान नागरिक इलाकों को निशाना बना रहा है। ▶10पर

### ट्रैवल टिकट बुकिंग की नामी कंपनियों का ऐलान

## तुर्की, चीन, अजरबैजान के लिए बुकिंग नहीं करेगी



इनके ही ड्रोन से भारत पर निशाना साध रहा था पाकिस्तान

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच, भारत में तुर्की, अजरबैजान और उज जैसे देशों का बायकॉट शुरू हो गया है। कई ट्रैवल कंपनियों और वेबसाइटों ने लोगों को इन देशों की यात्रा न करने की सलाह दी है और यहां तक कि बुकिंग भी बंद कर दी है।

कॉक्स एंड किंग्स, ईजमाईट्रिप और इक्सिगो जैसी बड़ी ट्रैवल कंपनियों ने कहा है कि उन्होंने अज़रबैजान, उज़्बेकिस्तान और तुर्की के लिए बुकिंग लेना बंद कर दिया है और यात्रियों से अपनी पुरानी बुकिंग भी रद्द करने का अनुरोध किया है। इक्सिगो के ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने कहा, खून और बुकिंग एक साथ नहीं हो सकती। हम इक्सिगो पर तुर्की, चीन और अजरबैजान के लिए सभी फ्लाइट और होटल बुकिंग कैंसिल करते हैं।

ट्रैवल कंपनियों का कहना है कि अगर कोई इन देशों की अपनी बुकिंग रद्द करता है, तो उससे कोई अतिरिक्त पैसा नहीं लिया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि तुर्की तनाव के दौरान भारत के खिलाफ पाकिस्तान का समर्थन कर रहा है। पाकिस्तान ने हाल ही में जो ड्रोन हमला किया था, उसमें तुर्की के ड्रोन भी शामिल थे।

### अपनी शर्तों के साथ युद्ध विराम के लिए राजी हुआ भारत

## सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा

### आतंकवाद का समर्थन त्यागने तक स्थगित रहेगा करार

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**



पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहली जवाबी कार्रवाई में सिंधु जल संधि स्थगित करने की घोषणा की थी। भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति के बावजूद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का फैसला बरकरार रखा है। भारत-पाकिस्तान के बीच चार दिन से चल रहा संघर्ष थम गया है। पाकिस्तान की ओर से घुटने टेके जाने के बाद भारत ने शाम पांच बजे से संघर्ष विराम का ऐलान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए भारत अपनी शर्तों पर तैयार हुआ है। संघर्ष विराम के बीच सिंधु जल संधि का निलंबन जारी रहेगा। विदेश मंत्रालय के ने बताया कि युद्ध विराम की कोई पूर्व या पश्चात शर्त नहीं है। संघर्ष विराम का आह्वान पाकिस्तान की ओर से किया गया था। सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।

22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद भारत ने सबसे पहली जवाबी कार्रवाई सिंधु जल संधि को निलंबित कर की थी। दोनों देशों के बीच चार युद्धों और दशकों से जारी सीमा पार आतंकवाद के बावजूद इस संधि को बरकरार रखा गया था। सिंधु नदी के जल पर पाकिस्तान की 70 फीसदी कृषि निर्भर करती है। कई शहरों के लिए पेयजल की आपूर्ति भी इस नदी से की जाती है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, 1960 की सिंधु जल संधि तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी, जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को त्याग नहीं देता। सिंधु जल समझौता, 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित एक जल-बंटवारा समझौता है। इसमें विश्व बैंक ने मध्यस्थता की थी। ▶10पर

### ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के नुकसान का ब्यौरा आया

## पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमता नष्ट हुई

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**



भारतीय सेना ने किया पाकिस्तानी झूठ का पर्दाफाश

भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के नुकसान का पूरा ब्यौरा मीडिया के समक्ष पेश किया। भारतीय सेना ने दावा किया है कि ऑपरेशन में पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमता नष्ट की गई। भारतीय सेना ने पाकिस्तान की तरफ से लगातार परोसे गए कई झूठ का भी पर्दाफाश किया है।

सैन्य प्रवक्ताओं कर्नल सोफिया कुरैशी, एयर कोमोडोर रघु आर नायर और विंग कमांड व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमने पाकिस्तान के सैन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचाया है। ऑपरेशन सिंदूर के दरम्यान भारतीय सेना ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचाया। पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को बेकार कर दिया। एलओसी के पास पाकिस्तान के कमांड एंड कंट्रोल लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन और उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर और उनके पर्सनल का इतना नुकसान हुआ कि पाकिस्तान की आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताएं नष्ट कर दी गईं। कर्नल सोफिया ने कहा, मैं फिर से दोहराना चाहूंगी कि युद्ध विराम के बावजूद भारतीय सेना पूरी तरह तैयार और सतर्क है। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए सेना पूरी तरह से समर्पित है। पहलगाम हमले के बाद भारत की ओर से आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों और नागरिक इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। करीब चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद पाकिस्तान की पहल पर भारत बिना शर्त के संघर्ष विराम के लिए तैयार हुआ है। ▶10पर

# सुरक्षा चिंताओं के बीच 14 मई तक शहर की सीमा में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जन सुरक्षा की रक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अनुपम अग्रवाल, आईपीएस ने चार दिनों की अवधि के लिए शहर की सीमा के भीतर ड्रोन उड़ाने और ड्रोन-आधारित हवाई फिल्मांकन पर पूर्ण प्रतिबंध जारी किया है। शनिवार को जारी आदेश में 10 मई को शाम 4 बजे से 14 मई को शाम 4 बजे तक मेंगलूरु सिटी पुलिस आयुक्तालय के पूरे अधिकार क्षेत्र में सभी ड्रोन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध ड्रोन नियम, 2021 के नियम 24 के तहत आता है और इसका उद्देश्य ऐसी किसी भी घटना को रोकना है जो सार्वजनिक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है, खासकर मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर। आदेश में कहा गया है, मौजूदा स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा के हित को देखते हुए, शहर की सीमा के भीतर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। इसमें कहा गया है, अधिसूचित अवधि के दौरान सभी प्रकार के ड्रोन उड़ाने और ड्रोन-आधारित फिल्मांकन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे। आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को निर्देश दिया गया है कि वे प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के लिए उचित कदम उठाएं और अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इसका अनुपालन सुनिश्चित करें। आयुक्त कार्यालय ने वरिष्ठ जिला और पुलिस अधिकारियों को आदेश प्रसारित कर तत्काल कार्रवाई का अनुरोध किया है। इनमें दक्षिण कन्नड़ जिले के डिप्टी कमिश्नर, पुलिस डिप्टी कमिश्नर (कानून और व्यवस्था तथा अपराध और यातायात), सभी उप-विभागों के सहायक पुलिस कमिश्नर और शहर भर के सभी पुलिस इंस्पेक्टर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, सूचना और जनसंपर्क विभाग को विभिन्न मीडिया चैनलों के माध्यम से आदेश का प्रचार करने का अनुरोध किया गया है, जबकि ऑल इंडिया रेडियो, मेंगलूरु को व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए घोषणा प्रसारित करने के लिए कहा गया है। शहर की विशेष शाखा और पुलिस नियंत्रण कक्ष के साथ-साथ मेंगलूरु, मुल्की और उल्लाल तालुकों के स्थानीय तहसीलदारों को भी सूचित किया गया है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इस अवधि के दौरान ड्रोन उड़ाना निषेध आदेश का उल्लंघन माना जाएगा और लागू नियमों के तहत कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। यह आदेश पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल द्वारा पारित किया गया है और अब यह तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

# अजय एल्डर्स होम में वाटर कूलर डिस्पेंसर का उद्घाटन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु ने अजय एल्डर्स होम मारथाहल्ली में स्थाई प्याऊ अभियान के तहत एक वाटर कूलर डिस्पेंसर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में टेकरीवाल परिवार द्वारा प्रायोजित नाश्ते का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के संयोजक तनुज टेकरीवाल ने सफल आयोजन के लिए महत्व-पूर्ण भूमिका निभाई। अजय एल्डर्स होम में रहने वाले 70 वृद्धजनों को अब इस वाटर कूलर डिस्पेंसर से लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य अपने परिवार और बच्चों के साथ उपस्थित रहे और वृद्धों को अपने हाथों से भोजन परोसकर सेवा की भावना को प्रदर्शित किया। बच्चों और वृद्धों के बीच की मुलाकात ने वृद्धजनों को विशेष रूप से प्रसन्न किया। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव सन्नी जैन, निकेश अग्रवाल, सुनीता मित्तल, लक्ष्य तुलस्यान, तरुण बतवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। मारवाड़ी युवा मंच बेंगलूरु समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जाना जाता है और इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए मंच की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### कर्नाटक स्वास्थ्य विभाग का आदेश

# अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत डॉक्टर और कर्मचारी लौटें वापस

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्मचारियों की भारी कमी का सामना कर रहे स्वास्थ्य विभाग ने अन्य विभागों में पांच साल से अधिक समय से प्रतिनियुक्त सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से वापस रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज अस्पतालों सहित अन्य विभागों में पांच साल से अधिक समय से प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे विशेषज्ञ डॉक्टरों सहित सभी कर्मचारियों को तुरंत वापस रिपोर्ट करना चाहिए, ऐसा न करने पर नियमों के अनुसार कार्रवाई शुरू की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम स्तर पर गहन विचार-विमर्श के बाद यह आदेश जारी किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के प्रधान सचिव हर्ष गुप्ता ने बताया कि अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर 565 डॉक्टर, जिनमें विशेषज्ञ भी शामिल हैं, और बड़ी संख्या में नर्स और तकनीशियन सहित अन्य कर्मचारी 10-15 साल से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं। हमने पाया है कि इनमें से ज्यादातर डॉक्टर 10 से 15 साल से ज्यादा समय से एक ही जगह, मुख्य रूप से शहरी इलाकों में काम कर रहे हैं। हम अब मौजूदा संसाधनों के कम-से-कम इस्तेमाल पर काम कर रहे हैं। इन डॉक्टरों को तब नियुक्त किया गया था जब शिक्षण अस्पताल बनाए गए थे और अब उन्हें वापस बुलाया जा सकता है क्योंकि मूल विभाग में कर्मचारियों की कमी है। कई वरिष्ठ डॉक्टर कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के तौर पर काम कर रहे हैं, जहाँ नए एमबीबीएस स्नातकों को तैनात किया जा सकता है। गुप्ता ने कहा कि कई डॉक्टर शहरी अस्पतालों में बने रहने के लिए अपने अनुभव से कम पदों पर काम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा अगर जरूरत पड़ी तो हम मौजूदा संसाधनों को समान रूप से पुनर्वितरित कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दूसरों को भी शहरी इलाकों में काम करने का मौका मिले। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सुविधाओं में विशेषज्ञों की आवश्यकता की ओर इशारा करते हुए, प्रधान सचिव ने कहा नियमों के अनुसार यदि किसी विशेष विशेषता के लिए रिक्त पद 50 प्रतिशत से अधिक है, तो ऐसी महत्वपूर्ण रिक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाना चाहिए। हमारा इरादा विशेषज्ञों के समान वितरण को सुनिश्चित करते हुए मौजूदा संसाधनों का इष्टतम उपयोग करना है।

# मोहब्बत से ही होती है हर धर्म की शुरुआत: कमलमुनिजी



**दोड्डबल्लापुर/शुभ लाभ ब्यूरो।** धर्म का नाम लेकर निर्दोष का कत्ल करने वाला अपने आराध्याय और धर्म का कत्ल करने का पाप कमा रहा है। उक्त विचार राष्ट्रीय मुस्लिम अहिंसा मंच के प्रमुख मौलाना अखलाक अहमद ने राष्ट्रीय एकता दिवस सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि मोहम्मद पैगंबर ने अमन चैन का संदेश दिया और निर्दोष की रक्षा के लिए सब कुछ बलिदान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी इस्लाम का नाम लेकर हत्या कर रहे हैं। वह इस्लाम को बदनाम कर रहे हैं। वह बर्दाश्त के बाहर है। ऐसे राक्षस विश्व के किसी भी कोने में हो समाप्त करके ही दम लेंगे। वतन की रक्षा के लिए जान लुटा देंगे पाकिस्तान को सबक सिखाएंगे। राष्ट्रसंत कमलमुनि जी ने कहा कि मोहब्बत से ही हर धर्म की शुरुआत होती है। इंसानियत की शिक्षा पालन करने वाला ही धार्मिक है। मुनि कमलेश ने बताया कि कट्टरता हिंसा नफरत अपने आप में अधर्म है। शैतान के लक्षण हैं। वह धार्मिकता पर कलंक है।

जितने भी महापुरुष हुए हैं उन्होंने संपूर्ण विश्व को अपना परिवार माना सबके उत्थान के लिए मंगल दुआएं की। इस मौके पर श्री ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेन्स नई दिल्ली कर्नाटक शाखा के अध्यक्ष प्रकाश बुरड़, उपाध्यक्ष दिनेश पोखरण, महामंत्री नेमीचंद दलाल, कोषाध्यक्ष पुखराज ऑचलिया, सागर बाफना प्रचार मंत्री, दोड्डबल्लापुर संघ के अध्यक्ष प्रकाश बोहरा, कोषाध्यक्ष सुजीत मकाणा, मंत्री रमेश कुमार कवाड़, नेमीचंद मुथा, अशोक कोठारी, अमीत मकाणा आदि लोग मौजूद थे।

# कल्याण कर्नाटक में हरित आवरण बढ़ाने के उपाय जारी: ईश्वर खंड्रे



**कलबुर्गी/शुभ लाभ ब्यूरो।** वन, जीव और पर्यावरण मंत्री ईश्वर खंड्रे ने कहा कि कल्याण कर्नाटक के सात जिले 10 प्रतिशत से कम वन क्षेत्र वाले जिलों की सूची में हैं और यहां हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए इन जिलों की सड़कों के किनारे एक लाख पौधे लगाने की परियोजना 1 जून से शुरू की जाएगी। यहां शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कलबुर्गी में 5 प्रतिशत वन क्षेत्र है, बल्लारी में 7 प्रतिशत, यादगीर और रायचूर में केवल 3 प्रतिशत वन क्षेत्र है। इसलिए इन जिलों में एक लाख पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि अगले 10-15 वर्षों में कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में वन क्षेत्र को 10-20 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है।

जिले के चित्तापुर तालुका के माडबुल में 60 करोड़ की लागत से लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किए जा रहे प्राणी संग्रहालय का काम जोरों पर है और दिसंबर के अंत तक इसका उद्घाटन किया जाएगा। प्राणी संग्रहालय स्थापित हो जाने पर बाघ, शेर, तेंदुए सहित अनेक जानवरों को देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां के कर्मचारियों को मैसूरु और बन्नेरघट्ट में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



***बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सुराणा महाविद्यालय जयनगर के सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रमुख अर्चना सुराणा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं का व्यक्तित्व विकास कर उनमें देश सेवा की भावना को विकसित करता है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रदेश निदेशक डी कार्तिकयन, विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गिरीश, महाविद्यालय की प्राचार्य वीणा के एम ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।*

# कल्याण कर्नाटक में 5530 शिक्षकों की भर्ती: मंत्री



**कलबुर्गी/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. शरण प्रकाश पाटिल ने कहा कि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के लिए 5,530 शिक्षकों की भर्ती पहले ही की जा चुकी है, लेकिन अनुसूचित जातियों के लिए आंतरिक आरक्षण के कारण देरी हो रही है।

यहां शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए एसएसएलसी परिणाम में गिरावट के मुख्य कारण के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आंतरिक आरक्षण सर्वेक्षण के बाद शिक्षकों की भर्ती के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जाएगा। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कल्याण कर्नाटक क्षेत्र विकास बोर्ड के लिए 5,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। वर्तमान लोक निर्माण विभाग, आरडीपीआर, निर्मिति केन्द्र, भू सेना सहित सभी विभागों का उपयोग किया जाए तो कार्य की गति बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को काम बांटा जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वन मंत्री ईश्वर खंड्रे, केकेआरडीबी के अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, विधायक कमकनूर, कर्नाटक राज्य पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य शरणु मोदी और नेता नीलकंठ मूलगे उपस्थित थे।

# जल संरक्षण को लेकर प्रचार - प्रसार अभियान का आयोजन

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित जल संरक्षण अभियान के तहत तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर की अध्यक्ष मंजू गादिया, मंत्री दीपिका गोखरू एवं उनकी टीम ने 29 अप्रैल एवं 9 मई को एक बूंद एक सागर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके अंतर्गत बहनों ने विभिन्न पार्कों, अपार्टमेंट, रेस्टोरेंट, स्कूल, मॉल इत्यादि में जाकर पोस्टर्स द्वारा लोगों को समझाया कि किस प्रकार जल का संरक्षण किया जा सकता है। पानी हमारे जीवन के लिए बहुत उपयोगी है, उसका दुरुपयोग न करें। वॉटर प्यूरीफायर से निकलने वाले वेस्ट पानी का उपयोग हम घर की सफाई आदि विभिन्न कार्यों में कर सकते हैं। बारिश के पानी का संग्रह करने के तरीके अपनाने पर जोर दिया। अपने घरों में नलों इत्यादि को ठीक रखें ताकि उनसे पानी वेस्ट ना हो। बच्चों को भी यह सिखायें कि नहाते, ब्रश करते समय नलों को अधिक देर तक खुला न रखें तथा नहाने के लिए शावर का इस्तेमाल कम से कम करें। इस प्रकार छोटी-छोटी बातों को ध्यान में रखकर जल को बचाया जा सकता है और जल की कमी से भविष्य में होने वाली भीषण समस्या से बचने का प्रयास किया जा सकता है।

# विशाल नि:शुल्क कृत्रिम पैर वितरण शिविर का आयोजन



**धारवाड़/शुभ लाभ ब्यूरो।** लायंस क्लब ऑफ धारवाड़ और ऑल इंडिया जैन यूथ फेडरेशन के महावीर लिंब सेंटर हुब्बल्ली के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क कृत्रिम पैर लगाने के शिविर का आयोजन नारायणपुर स्थित लायंस स्कूल में किया गया। शिविर का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी, क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविन्द हेबसुर, लायंस के 317 बी के पूर्व जिला गवर्नर हर्ष देसाई, क्लब के अध्यक्ष गुरुराज पिसे, सचिव कविता अंगड़ी, कोषाध्यक्ष वृषभ करोले, लिंब सेंटर के निदेशक कांतिलाल बोहरा, कन्वीनर सुभाषचंद्रा डंक ने दिव्यांगों को कृत्रिम पैर लगाकर किया।

समारोह के मुख्य अतिथि महेंद्र सिंघी ने कहा लायंस क्लब ऑफ धारवाड़ द्वारा आयोजित इस विशाल नि:शुल्क कृत्रिम पैर शिविर में राज्य के अलग अलग जिलों से आये दिव्यांगों को कृत्रिम पैर प्रदान किये गए। महावीर लिंब सेंटर अनेक दानदाताओं एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अब तक 300 से अधिक शिविरों के माध्यम से 55000 से अधिक दिव्यांगों को कृत्रिम पैर प्रदान कर उनको स्वावलम्बी जीवन यापन के लिए प्रेरित किया है। सिंघी ने लायंस क्लब द्वारा जो सेवाए की जा रही है उसकी भी प्रसंशा की। सिंघी ने इस शिविर के आयोजन के लिए लायंस क्लब ऑफ धारवाड़ के प्रति आभार व्यक्त किया और महावीर लिंब सेंटर के साथ हाथ मिलाने के लिए उन्हें सम्मानित किया। गुरुराज पिसे ने क्लब दवरा किये जा रहे सेवा कार्यो के बारे में जानकारी दी और कहा की क्लब प्रतिवर्ष महावीर लिंब सेंटर के सहयोग से दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव प्रदान करने के लिए शिविर का आयोजन करता है।

# सभी को हेमरेड्डी मल्लम्मा के मूल्यों और सिद्धांतों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहिए: वाई.एम. सतीश



**बल्लारी/शुभ लाभ ब्यूरो।** विधान परिषद सदस्य वाई.एम.सतीश ने कहा कि हेमरेड्डी मल्लम्मा वास्तव में श्रीशैल मल्लिकार्जुन की कृपा की लाभार्थी हैं और हमें उनके मूल्यों और सिद्धांतों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ना चाहिए। यहां शनिवार को बल्लारी में जिला प्रशासन, जिला पंचायत, कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग तथा महानगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित शिवशरणे महा साध्वी हेमरेड्डी मल्लम्मा जयंती कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीशैल मल्लिकार्जुन को अपना आदर्श मानकर उन्हें साकार कर लिया था। वीरशैव लिंगायत रेड्डी समाज के अध्यक्ष डॉ. महिपाल ने कहा कि हेमरेड्डी मल्लम्मा सभी के लिए एक आदर्श महिला हैं। सेवानिवृत्त शिक्षिका सुशीला सिरुर ने विशेष व्याख्यान दिया और कहा कि 15वीं शताब्दी की प्रसिद्ध शिवशरणे हेमरेड्डी मल्लम्मा पारिवारिक कठिनाइयों को पार करके अपने जीवन में आदर्श मूल्यों को अपनाकर महिलाओं के लिए आदर्श बन गई हैं। कार्यक्रम में वीरभद्रैया टीम ने वचन संगीत प्रस्तुत किया। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाले सामाजिक नेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग के सहायक निदेशक बी. नागराज, महानगर पालिका सदस्य सुरेखा मल्लनगौड़ा, सहायक आयुक्त पी. प्रमोद सहित समुदाय के नेता व अन्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस, सुरक्षाकर्मियों की छुट्टियां कम की गईं: गृह मंत्री परमेश्वर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गृहमंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा युद्ध की स्थिति पैदा की जा रही है और राज्य सरकार ने आवश्यक तैयारियां करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं तथा पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को छुट्टी नहीं दी जा रही है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि देश इस समय संवेदनशील मौसम की स्थिति का सामना कर रहा है। मुझे नहीं पता कि यह स्थिति कब सामान्य होगी। तब तक हमें किसी भी चीज के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून-व्यवस्था से भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि केंद्र सरकार ने युद्ध समेत हर तरह की स्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने इस संदर्भ में आवश्यक कदम उठाए हैं। आंतरिक सुरक्षा की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के



नेतृत्व में एक बैठक हो रही है। बैठक में गृह विभाग, राजस्व विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी भाग ले रहे हैं। अगर केंद्र सरकार की ओर से कोई निर्देश आए हैं तो हम बैठक में उन पर भी चर्चा करेंगे। केंद्र सरकार ने अन्य राज्यों के नागरिकों के लिए कुछ दिशा-निर्देश दिए हैं। किसी भी स्थिति के उत्पन्न होने से पहले ही हमने आवश्यक तैयारियां कर ली हैं। हमने खाद्यान्न, पानी और एक अस्पताल तैयार कर लिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है, सिवाय इसके कि यदि ऐसी घटनाएं घटित होती हैं तो हमें उनसे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। संवेदनशील स्थिति के कारण हम पुलिस को छुट्टी नहीं देंगे। इस समय कोई छुट्टी नहीं है। केन्द्र सरकार ने हमें बताया है कि स्थिति सामान्य होने तक हमें संवेदनशील बने रहना होगा। तटीय क्षेत्रों में स्थिति तनावपूर्ण है। इसी कारण से मेंगलूरु, उत्तर कन्नड़ और उडुपी क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आपातकालीन स्थिति में प्रतिक्रिया देने के लिए नावें सुसज्जित हैं। उन्होंने कहा कि नौसेना के साथ पुलिस भी तैयार है। यह कहना संभव नहीं है कि हमले विशिष्ट शहरों को लक्ष्य करके किये जायेंगे। केंद्र सरकार ने तीन शहरों में मॉक ड्रिल करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने यह भी कहा कि हर जगह सावधानी बरती गई है। राज्य में फर्जी खबरों के बढ़ते प्रसार के संबंध में मैंने शनिवार दोपहर आईएसडी के साथ बैठक बुलाई थी। आईटी मंत्री प्रियांक खड़गे ने इसमें भाग लिया। सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें तेजी से प्रसारित हो रही हैं। पुराने वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। भड़काऊ सामग्री पोस्ट की जा रही है। वे गलत जानकारी साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में क्या तकनीकी कार्रवाई की जानी चाहिए, इस पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्रियों की बैठक में आवश्यक वस्तुओं, भोजन, पानी और दैनिक आवश्यकताओं की खरीद के प्रबंधन पर भी चर्चा होगी। हम युद्ध की स्थिति में अपनाए जाने वाले सभी उपायों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि कहां अधिक सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। देश में तनावपूर्ण स्थिति के कारण राज्य सरकार ने अपना दूसरा वार्षिक साधना सम्मेलन स्थगित कर दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की ओर से पत्र वितरित करने का कार्यक्रम था, लेकिन स्थिति अनुकूल नहीं होने के कारण यह कार्यक्रम आगामी दिनों में आयोजित किया जाएगा।

# कर्नाटक सीईटी दस्तावेज सत्यापन में जम्मू के छात्रों के लिए विशेष प्रावधान




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** सीमा पर सैन्य तनाव के कारण, यूजीसीईटी-2025 में शामिल होने वाले जम्मू और कश्मीर के छात्रों को अपने दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने का एक और अवसर दिया जाएगा। कर्नाटक परीक्षा प्राधिकरण (केईए) के कार्यकारी निदेशक एच. प्रसन्ना ने कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यहां जारी एक प्रेस बयान में, उन्होंने खुलासा किया कि इस साल सीईटी में शामिल होने वाले जम्मू और कश्मीर के 204 छात्रों में से केवल 52 ही अब तक दस्तावेज सत्यापन पूरा कर पाए हैं। सीमा क्षेत्र में मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, छात्रों को एक अतिरिक्त मौका देगा। यदि अगले 10 से 15 दिनों में स्थिति में सुधार नहीं होता है, तो छात्रों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दस्तावेज सत्यापन की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा सभी प्रभावित उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से सूचित कर दिया गया है।

## एसएसएलसी परीक्षा-2 26 मई से



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मौजूदा 2025 एसएसएलसी परीक्षा-01 में उत्तीर्ण नहीं हो पाने वाले छात्रों और अपने परिणाम में सुधार करने के इच्छुक छात्रों के लिए एसएसएलसी परीक्षा-2 का आयोजन 26 मई से 02 जून तक पूरे राज्य में किया जाएगा। केवल वे छात्र जिन्होंने परीक्षा-1 के लिए पंजीकरण किया है और इसे पूरा नहीं किया है, साथ ही पहली बार परीक्षा के लिए पंजीकरण करने वाले छात्रों को परीक्षा-2 के लिए शुल्क से छूट दी गई है। यह उन छात्रों के लिए आदर्श समय है, जिन्होंने परीक्षा-1 के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन परीक्षा देने से चूक गए थे, जिन्होंने इसे पूरा नहीं किया है, और जो पिछले चरण में असफल रहे हैं और अपने परिणाम में सुधार करना चाहते हैं।

छात्र अपने स्कूल के प्रिंसिपल या बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से लॉग इन करके परीक्षा-2 के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। शिक्षा विभाग ने एक बयान में कहा कि परीक्षा-2 के लिए पंजीकरण आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 080-23310075 और 080-23310076 पर कॉल किया जा सकता है।

# भारतीय सशस्त्र बल पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि देश के सशस्त्र बल पड़ोसी देश को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम हैं। शिवकुमार ने कहा भारतीय सशस्त्र बल मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं।

पूरे देश को भरोसा है कि हमारे सेना, वायुसेना और नौसेना तैयार हैं। उन्होंने कहा पूरा देश केंद्र सरकार की कार्रवाई का समर्थन कर रहा है। हमने अपनी एकता दिखाई है।

यहां तक कि कर्नाटक में भी हम समर्थन कर रहे हैं। हमने उनके समर्थन में तिरंगा यात्रा भी की है। इस बीच, शुक्रवार रात को पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के



बाद निर्णायक जवाबी कार्रवाई में, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू के अखनूर क्षेत्र के सामने, पाकिस्तान के सियालकोट जिले के लूनी में स्थित एक आतंकवादी लॉन्च पैड को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। यह हमला शुक्रवार रात करीब 9 बजे शुरू हुए संघर्ष विराम उल्लंघन के जवाब में किया गया। बीएसएफ ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा लूनी में आतंकवादी लॉन्च पैड पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। इस बयान में सीमा पार के खतरों को बेअसर करने के लिए बल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। यह घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तनाव में उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है, जबकि भारतीय सेना देश की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए हाई अलर्ट पर है। 9 मई को लगभग 2100 बजे से, पाकिस्तान ने जम्मू सेक्टर में बीएसएफ चौकियों पर बिना उकसावे के गोलीबारी शुरू कर दी। बीएसएफ ने भी उसी तरह से जवाब दिया, जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान रेंजर्स की चौकियों और संपत्तियों को व्यापक नुकसान पहुंचा। अखनूर क्षेत्र के सामने, सियालकोट जिले के लूनी में आतंकवादी लॉन्च पैड को बीएसएफ ने पूरी तरह से नष्ट कर दिया। भारत की संप्रभुता की रक्षा करने का हमारा संकल्प अटल है।

## कर्नाटक में महिला छात्रावास की दीवार पर भड़काऊ नारे पाए गए, मामला दर्ज

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** पुलिस ने शनिवार को बताया कि जिले के एक प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज के महिला छात्रावास की बाथरूम की दीवार पर धार्मिक समुदायों को निशाना बनाते हुए भड़काऊ और अश्लील लिखावट पाई गई। यह घटना 7 मई की शाम को प्रकाश में आई, जब करकला तालुक के निट्टे में स्थित लड़कियों के छात्रावास के मुख्य ब्लॉक के बाथरूम की दीवार पर अंग्रेजी में भड़काऊ नारे लिखे पाए गए। सूचना मिलने पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। पुलिस के बयान के अनुसार, नारे दो समुदायों के बीच वैमनस्य भड़काने के लिए लगाए गए थे। आपत्तिजनक भाषा में लिखे गए इस नारे की शिकायत छात्रावास प्रबंधक ने स्थानीय पुलिस से की। शिकायत के आधार पर, करकला ग्रामीण पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से गलत सूचना, अफवाह या खतरनाक समाचार वाले बयान बनाने, प्रकाशित करने या प्रसारित करने से संबंधित) के तहत मामला दर्ज किया है। उडुपी जिले के पुलिस अधीक्षक अरुण के ने कहा एक मामला दर्ज किया गया है, और हम जिम्मेदार लोगों की पहचान करने की प्रक्रिया में हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कर रही है और मामले के संबंध में छात्रों से पूछताछ कर रही है। जबकि प्रारंभिक रिपोर्ट में एक महिला छात्र की संलिप्तता का सुझाव दिया गया है, अधिकारियों ने अभी तक किसी भी संदिग्ध पर ध्यान केंद्रित नहीं किया है। इस घटना ने शैक्षणिक संस्थानों के भीतर ध्रुवीकरण की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई है। कॉलेज प्रशासन ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## बसव जयंती कार्यक्रम के हिस्से के रूप में 1,300 से अधिक लोगों ने सविरदा वचन प्रस्तुत किए

**शिवमोग्गा/शुभ लाभ ब्यूरो।** 13 संगीत शिक्षकों और गायकों के मार्गदर्शन में, शहर के अल्लामा प्रभु पार्क में बसवा जयंती कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने 12 वीं शताब्दी के समाज सुधारक बसवन्ना के 38 वचन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन बसव जयंती समारोह समिति द्वारा बेकिना कलमाथा के मल्लिकार्जुन मुरुगराजेंद्र स्वामी और शिवमोग्गा में बसव केंद्र के बसव मरुलसिद्दा स्वामी के मार्गदर्शन में किया गया था। नागराज गुरुगुहा, जनार्दन (जन्नी), के. युवराज, मल्लिगे सुधीर और हुमायूं हरलापुर सहित विशेषज्ञ गायकों की एक टीम ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए स्वेच्छा से पंजीकरण कराने वाले लोगों के लिए कई प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। शुरुआत में, आयोजक 1,000 गायकों को शामिल करना चाहते थे। लेकिन कई और लोगों ने स्वेच्छा से भाग लेने के लिए हामी भर दी। अंत



में, छात्रों, वरिष्ठ नागरिकों, निजी क्षेत्र के कर्मचारियों, शिक्षकों और गृहिणियों सहित 1,300 से अधिक लोगों ने प्रसिद्ध गायक और संगीत निर्देशक सी. अश्वथ द्वारा रचित धुन पर वचन प्रस्तुत किए। आयोजकों ने गायकों के लिए एक विशेष मंच बनाया था। प्रत्येक गीत की प्रस्तुति से पहले, बसव मरुलसिद्दा स्वामी ने श्रोत-ाओं को वचन के महत्व के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बोलते हुए मल्लिकार्जुन मुरुगराजेंद्र स्वामी ने कार्यक्रम की अवधारणा और संगठन पर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसके माध्यम से वचनों का संदेश बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचा। एमएलसी और आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष धनंजय सरजी ने कहा कि यह कार्यक्रम एक तरह का रिकॉर्ड था। कहीं और इतने सारे लोग बसवन्ना के वचनों को प्रस्तुत करने के लिए एकत्र नहीं हुए हैं। उन्होंने कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र होने के लिए शिवमोग्गा के लोगों को धन्यवाद दिया। बेल-गावी के अविनाश कवि ने वचनों पर एक विशेष व्याख्यान दिया। पूर्व एमएलसी एस रुद्रे गौड़ा, शिवमोग्गा लोकसभा सदस्य बीवाई राघवेंद्र, विधायक एसएन चन्नबसप्पा, डीएस अरुण और अन्य ने भाग लिया।

# अल्पसंख्यक निदेशालय के तहत अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का विरोध

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** शिक्षकों ने अल्पसंख्यक निद-ेशालय द्वारा मोरारजी देसाई आवासीय विद्यालय और मौलाना आजाद स्कूल सहित अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों के लिए राज्य भर में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी) के माध्यम से 2025-26 शैक्षणिक वर्ष के लिए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करने के कदम का कड़ा विरोध किया है।

इस आशय का आदेश शुक्रवार को पारित किया गया। शिक्षकों ने तर्क दिया है कि स्कूल शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, कॉलेजिएट शिक्षा और विश्वविद्यालयों सहित अन्य विभागों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए इस तरह के सीईटी की आवश्यकता नहीं है।



पहले निदेशालय अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की जिम्मेदारी संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों या जिला स्तर पर निदेशालय के जिला अधिकारियों को देता था। वे शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित करते थे और डेमो, योग्यता और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की भर्ती करते थे। इसके अलावा, पिछले वर्षों में पहले से भर्ती किए गए शिक्षकों को फिर से नियुक्त किया जा रहा था। हालांकि, इस साल 1 जून 2025 को पूरे राज्य में सीईटी आयोजित करने का फैसला किया गया है। परीक्षा 100 अंकों की होगी और प्रश्नपत्र कन्नड़ और अंग्रेजी में छपा होगा। उत्तर लिखने के लिए ओएमआर शीट उपलब्ध कराई जाएगी। अनिवार्य कन्नड़, अनिवार्य अंग्रेजी, बाल विकास और शिक्षाशास्त्र और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजनाओं और कार्यक्रमों के लिए प्रश्न पूछे जाएंगे।

सीईटी में प्राप्त औसत अंकों में से 40 प्रतिशत, स्नातक में प्राप्त अंकों में से 20 प्रतिशत, बीएड के लिए 20 प्रतिशत और स्नातकोत्तर में प्राप्त अंकों में से 20 प्रतिशत को मिलाकर उम्मीदवारों की मेरिट सूची प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है।

एक अतिथि शिक्षक ने कहा पिछले पांच वर्षों से मैं विभाग के तहत एक आवासीय विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में काम कर रहा हूं। हर साल डेमो और मेरिट के आधार पर हमें अतिथि शिक्षक के रूप में भर्ती किया जाता था। जब स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य सभी विभाग योग्यता और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का चयन कर रहे हैं, तो यह ठीक नहीं है कि केवल अल्पसंख्यक विभाग ही प्रवेश परीक्षा आयोजित कर रहा है। बेंगलूरु के मौलाना आजाद स्कूल के हेडमास्टर ने कहा हमारा विभाग अतिथि शिक्षकों को सिर्फ 10,500 मासिक पारिश्रमिक दे रहा है।

लेकिन अतिथि शिक्षक इतने कम पारिश्रमिक पर आने को तैयार नहीं हैं। हर साल जरूरी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति करना संभव नहीं है। इसके अलावा, अगर अतिथि शिक्षकों की जगह दूसरे शिक्षकों को भेजा जाता है, तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाता है। ऐसी स्थिति में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सीईटी आयोजित करना एक अवैज्ञानिक उपाय है। हमें जरूरी शिक्षक नहीं मिलेंगे। विभाग को सीईटी पर पुनर्विचार करना चाहिए।

# कांग्रेस पार्टी को मेरे बारे में झूठी खबरें फैलाना बंद करना चाहिए: सी.के.राममूर्ति

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** भाजपा बेंगलूरु दक्षिण जिला अध्यक्ष और विधायक सी.के.राममूर्ति ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी को मेरे बारे में झूठी खबरें फैलाना बंद करना चाहिए और कम से कम इससे सीख लेनी चाहिए। यहां भाजपा के प्रदेश कार्यालय जगन्नाथ भवन में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने स्थानीय पूर्व विधायकों की हार से हताश होकर कांग्रेस पार्टी द्वारा उन्हें ऐसी गलती करने वाला बताने की आलोचना की जो उन्होंने की ही नहीं।

जयनगर के 9वें ब्लॉक में कन्नड़ संगठनों द्वारा चलाए गए भारतीय सेना के ऑपरेशन के लिए शुभकामनाएं देने हेतु मंदिर में पूजा की गई। इसके अलावा, कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी साझा किया है जिसमें मिठाई वितरण कार्यक्रम के दौरान मेरे बगल में खड़े एक तीसरे व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज पर अपना हाथ पोंछते हुए दिखाया गया है। उन्होंने आपत्ति जताते हुए कहा कि यह निंदनीय है कि वे राष्ट्रीय ध्वज के अपमान के बारे में झूठी खबर फैला रहे हैं। राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तिलकनगर थाने में पहले ही एफआईआर दर्ज की जा चुकी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुझ पर आरोप नहीं था। हालाँकि, कांग्रेस पार्टी मुझे गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई करने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इससे यह स्पष्ट हो जाएगा कि असली देशद्र-ोही कौन हैं। जयनगर में उपरोक्त कार्यक्रम भाजपा द्वारा आयोजित नहीं किया गया था। क्षेत्र की कन्नड़ समर्थक संस्थाओं और संगठनों ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया था। एक विधायक होने के नाते इस कार्यक्रम में शामिल होना मेरा कर्तव्य था। हालांकि, उन्होंने कहा कि जयनगर कार्यक्रम में हुई घटना से वह काफी आहत हैं।

# सिद्धरामैया 16 मई को नए डीसी कार्यालय और इनडोर स्टेडियम का करेंगे उद्घाटन

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया आगामी 16 मई को मेंगलूरु के अपने दौरे के दौरान पडिल में नवनिर्मित डिप्टी कमिश्नर कार्यालय और उरवा में अत्याधुनिक इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे। जिला प्रभारी मंत्री दिनेश गुंडू राव ने इसकी घोषणा की। नए डीसी कार्यालय का निर्माण कुल 75 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। जबकि मूल परियोजना का अनुमान 55 करोड़ रुपये था, बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और आधुनिक सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए स्मार्ट सिटी मिशन फंड से अतिरिक्त 20 करोड़ रुपये प्राप्त किए गए थे। इस सुविधा से सार्वजनिक सेवा वितरण में काफी सुधार होने और जिले के लिए अधिक केंद्रीकृत प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करने की उम्मीद है। दिनेश गुंडू राव ने कहा नया डीसी कार्यालय कुशल शासन और नागरिक-केंद्रित सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें एक ही छत के नीचे 23 विभाग होंगे, जिससे प्रशासन सुव्यवस्थित होगा और जनता के लिए पहुँच में सुधार होगा। उरवा में 35 करोड़ रुपये



की लागत से निर्मित आधुनिक इनडोर स्टेडियम विभिन्न खेलों और इनडोर कार्यक्रमों की मेजबानी करने के लिए समकालीन सुविधाओं से सुसज्जित है।

इसका उद्देश्य खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और स्थानीय प्रतिभाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण बुनियादी ढांचा प्रदान करना है। दोनों परियोजनाओं की शुरुआत सिद्धरामैया के मुख्यमंत्री के रूप में पिछले कार्यकाल के दौरान की गई थी। काम पूरा होने के बाद अब वे औपचारिक रूप से इनका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन के दिन सरकारी विभागों को नए डीसी कार्यालय में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, जिसमें चरणबद्ध स्थानांतरण दो से तीन सप्ताह के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। उद्घाटन समारोह में जिला अधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के मौजूद रहने की उम्मीद है। फर्जी खबरों के मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए दिनेश गुंडू राव ने कहा पुलिस ने सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेशों और फर्जी खबरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस संबंध में पहले ही कई मामले दर्ज किए जा चुके हैं। जब कांग्रेस सरकार द्वारा सुहास शेट्टी के आवास पर न जाने के आरोप के बारे में पूछा गया, तो गुंडू राव ने जवाब दिया हत्याएं विभिन्न कारणों से होती हैं, और सरकार उसी के अनुसार कार्रवाई करेगी। हमारे लिए हर पीड़ित के घर पर जाने की कोई बाध्यता नहीं है। सुहास शेट्टी के मामले की जांच को लेकर भाजपा के संदेह के जवाब में गुंडू राव ने कहा हम बेबुनियाद धारणाओं का जवाब नहीं दे सकते। अगर उनके पास कोई विश्वसनीय जानकारी है, तो उन्हें इसे पुलिस के साथ साझा करना चाहिए, जो उचित तरीके से इसकी जांच करेगी। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर सुरक्षा समीक्षा की गई है, तो गुंडू राव ने कहा मुख्यमंत्री सिद्धरामैया राज्य की सुरक्षा और उठाए जाने वाले निवारक उपायों पर चर्चा करने के लिए पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उन्हें केंद्र सरकार से भी निर्देश मिले होंगे। इससे पहले चल रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' और उससे जुड़े घटनाक्रमों के बारे में फर्जी खबरें फैलाने वालों और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। दयानंद ने कहा कि उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को रोकने के लिए मंडल प्रमुखों और कर्मचारियों को सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर नजर रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों के कारण लोग जरूरी सामान जमा करने लगे हैं। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों और फर्जी खबरों पर विश्वास न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटनाक्रम को लेकर आम अलर्ट है और आवश्यक सावधानियां और सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# 6 मेट्रो स्टेशनों पर एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआर-सीएल) ने बैयप्पाहल्ली और एमजी रोड के बीच छह मेट्रो स्टेशनों (नम्मा मेट्रो) पर उन्नत सीसीटीवी निगरानी प्रणाली और एआई तकनीक स्थापित की है। शुक्रवार को बैयप्पाहल्ली मेट्रो स्टेशन पर दस नई क्यूआर टिकट मशीनें भी लगाई गईं। इस संबंध में, बीएमआरसीएल ने एक मीडिया विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि बेंगलूरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बैयप्पाहल्ली और एमजी रोड के बीच छह मेट्रो स्टेशनों पर उन्नत सीसीटीवी प्रणाली स्थापित की है। यह स्टेशन के अंदर और साथ ही आसपास के क्षेत्रों की निगरानी करता है और खतरों की तुरंत पहचान करने और यात्री सुरक्षा बढ़ाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का उपयोग करता है। इस निगरानी प्रणाली को हाल ही में लॉन्च किया गया था, स्टेशन के सामने वाहनों की नंबर प्लेटों की पहचान करने के लिए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान (एएनपीआर) तकनीक का उपयोग किया गया है। एआई-आधारित वीडियो विश्लेषण के साथ, यह तकनीक संदिग्ध गतिविधियों और घटनाओं का तुरंत पता लगाने में मददगार बताई जा रही है। इस अवसर पर बोलते हुए, बीएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक एम महेश्वर राव ने कहा यात्री सुरक्षा बीएमआरसीएल की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम उन्नत तकनीकों को लागू करके सुरक्षा बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह नई एआई और एएनपीआर तकनीक हमें स्टेशन के निरंतर संचालन की निगरानी करने और तत्काल निर्णय लेने में मदद करेगी। यह सार्वजनिक सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। जैसे-जैसे बेंगलूरु मेट्रो प्रणाली बढ़ती है, बीएमआरसीएल यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम को लागू करके हमेशा सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री उल्लाल में कई विकास परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ: स्पीकर यू टी खादर

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री 16 मई को उल्लाल तालुक में कई प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

वे जिला पंचायत सभागार में अधिकारियों के साथ आयोजित एक तैयारी बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा उलाल तालुक में कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोगिता विकास कार्य शुरू किए गए हैं। मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने वाली परियोजनाओं में हरेकला नेत्रावती पुल, रिवरफ्रंट समानांतर सड़क, कोटेपुरा-बोलर पुल और साजिप-थुम्बे पुल शामिल हैं।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री उल्लाल फायर स्टेशन, आरटीओ ट्रैक, उल्लाल फिशिंग जेटी और उल्लाल सिटी म्युनिसिपल सीमा के भीतर भूमिगत बिजली केबल



स्थापना का उद्घाटन करेंगे। अब्बक्का भवन और बेरी भवन के लिए भी आधारशिला रखी जाएगी, जबकि मंजनाडी बोलियार और फरंगीपेट में मौलाना आजाद मॉडल स्कूलों की नई इमारतों का उद्घाटन किया जाएगा। कृषि विभाग के उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा। स्पीकर ने बताया कि सभी शिलान्यास और उद्घाटन समारोह 16 मई की शाम को एक ही स्थान - यूनिटी हॉल ग्राउंड, कल्लपु में आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और कई वरिष्ठ मंत्रियों के शामिल होने की उम्मीद है। यू टी खादर ने अधिकारियों को कार्यक्रम के लिए व्यापक व्यवस्था करने और कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया।

# राज्य में बांधों पर सुरक्षा बढ़ा दी, पर्यटकों पर रोक

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शुक्रवार शाम को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण पर्यटकों को राज्य में बांधों और जलाशयों में जाने से रोक दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल तकनीकी विशेषज्ञों और इंजीनियरों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा हमने सभी बांध अधिकारियों, साथ ही पुलिस और सुरक्षा कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि वे जलाशयों के पास पर्यटकों को न जाने दें, केवल हमारे तकनीकी विशेषज्ञों और इंजीनियरों को ही अनुमति है। उन्होंने बांध कर्मचारियों और जनता से सहयोग करने की अपील की और मौजूदा स्थिति के मद्देनजर अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। बेंगलूरु के प्रभारी मंत्री के रूप में शिवकुमार ने कहा



कि कर्नाटक की राजधानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। इस बीच, कर्नाटक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (केपी-सीएल) ने कहा कि बिजली स्टेशनों और जलाशयों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कॉरपोरेशन ने एक बयान में कहा ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ बढ़ते सीमा तनाव के प्रति सक्रिय प्रतिक्रिया में, कर्नाटक सरकार ने केपीसीएल के अधिकार क्षेत्र के तहत जलाशयों और बिजली स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है। केपीसीएल ने संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर बल देते हुए एक आधिकारिक निर्देश जारी किया है, जिसमें राज्य पुलिस के समन्वय में अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए गए हैं। निर्देश में चेतावनी दी गई है कि सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक के परिणामस्वरूप जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। केपीसीएल हाइड्रो, थर्मल, पवन, सौर, गैस और अपशिष्ट-से-ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके बिजली उत्पादन इकाइयों का संचालन करता है, जिसमें कई जलाशय जलविद्युत उत्पादन का समर्थन करते हैं। निर्देश में कहा गया है सभी बिजली संयंत्रों और जलाशयों को मजबूत और पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। जवाब में, प्रमुख जलाशयों और बिजली स्टेशनों की देखरेख करने वाले अधिकारियों ने मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने और उसे बढ़ाने के लिए पुलिस विभागों के साथ चर्चा की है। उन्होंने पुलिस से इन उपायों को मजबूत करने में सहयोग करने का भी अनुरोध किया है। केपी-सीएल ने आगे कहा कि उसने अपने जलाशयों और बिजलीघरों तक सार्वजनिक पहुंच को प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है, जिसमें इंजीनियरिंग छात्रों द्वारा शैक्षिक दौरे और गणमान्य व्यक्तियों के दौरे शामिल हैं। हालांकि इस तरह की यात्राएं आमतौर पर शैक्षणिक या आधिकारिक उद्देश्यों के लिए होती हैं, लेकिन यह निर्णय संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा कड़ी करने के केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुरूप है। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगाए गए इस प्रतिबंध से इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे वाली जगहों पर निगरानी भी बढ़ जाती है।

# भारत-पाक तनाव के कारण सरकार ने दो साल का जश्न किया स्थगित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कैबिनेट ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर 20 मई को होसपेट में कांग्रेस सरकार के दो साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने का फैसला किया।

सरकार ने विजयनगर जिले के होसपेट में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई थी, जहां एक लाख टाइटल डीड उन लाभार्थियों को जारी किए जाने थे, जिनकी अवैध बस्तियों को राजस्व गांव घोषित किया गया है। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि कैबिनेट ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की भी सराहना की। पाटिल ने कहा, केंद्र सरकार ने राज्यों को सलाह जारी की है। मुख्य सचिव जिला स्तर की तैयारियों के लिए उपायुक्तों को आवश्यक निर्देश जारी करेंगे। नागरिक सुरक्षा, पुलिस और जिम्मेदार लोगों को तैयारियां करने के लिए आगे बढ़ने की सलाह दी जाएगी।

# पुलिस ने 2022 में हत्या का संदर्भ देते हुए सोशल मीडिया पर धमकी भरे पोस्ट की जांच की



**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

मेंगलूरु में पुलिस ने एक सोशल मीडिया पोस्ट की जांच शुरू की है, जिसमें 2022 में सूरतकल में मारे गए एक युवक फाजिल की हाई-प्रोफाइल हत्या का संदर्भ देते हुए धमकी दी गई है। यह पोस्ट इंस्टाग्राम अकाउंट पर सामने आई और इसमें रील में मिस यू फासिल कैप्शन के साथ फाजिल की तस्वीरें दिखाई गईं। अधिकारियों को तब पता चला जब हैंडल से पोस्ट करने वाले एक यूजर ने रील के नीचे अशुभ टिप्पणी की कि यह अंत नहीं है, अभी चार और बाकी हैं। पोस्ट की संभावित उत्तेजक प्रकृति को गंभीरता से लेते हुए, उल्लाल पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 353(2) के तहत मामला दर्ज किया। मामले (अपराध संख्या 63/2025) को आगे की जांच के लिए मेंगलूरु सिटी सीईएन क्राइम पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने कहा कि उन्होंने पहले ही इंस्टाग्राम अकाउंट के एक फॉलोअर का पता लगा लिया है, जिसकी पहचान मेंगलूरु के पास हेलियांगडी के मोहम्मद अकरम के रूप में हुई है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने संकेत दिया है कि जांच जारी रहने पर आगे की कार्रवाई डिजिटल फोरेंसिक और पूछताछ निष्कर्षों पर आधारित होगी।

# फर्जी खबरें फैलाने वालों और अफवाहों के खिलाफ होगी कार्रवाई: बी. दयानंद



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

चल रहे 'ऑपरेशन सिंदूर' और उससे जुड़े घटनाक्रमों के बारे में फर्जी खबरें फैलाने वालों और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बेंगलूरु शहर के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। दयानंद ने कहा कि उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को रोकने के लिए मंडल प्रमुखों और कर्मचारियों को सतर्क रहने और सोशल मीडिया पर नजर रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसी अफवाहों के कारण लोग जरूरी सामान जमा करने लगे हैं। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों और फर्जी खबरों पर विश्वास न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटनाक्रम को लेकर आम अलर्ट है और आवश्यक सावधानियां और सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

# नौ नए विश्वविद्यालयों को बंद करने पर कैबिनेट उप-समिति की एक और बैठक होगी




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा सरकार के कार्यकाल में शुरू किए गए 10 नए विश्वविद्यालयों में से नौ को बंद करने पर सर्वसम्मति से निर्णय नहीं ले पाने के बाद कैबिनेट उप-समिति ने एक और बैठक करने का फैसला किया है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार की अध्यक्षता वाली उप-समिति ने विश्वविद्यालयों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को अपनी दूसरी बैठक की। पहली बैठक में बीदर विश्वविद्यालय के अलावा महारानी क्लस्टर विश्वविद्यालय और बेंगलूरु में नृपतुंगा विश्वविद्यालय सहित नौ विश्वविद्यालयों को बंद करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, समिति के सूत्रों ने पुष्टि की कि कुछ तकनीकी कारणों से अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका।

नए विश्वविद्यालयों को चलाने के पहले पांच वर्षों के लिए आवश्यक निधि राशि की समीक्षा करने के लिए गठित कर्नाटक राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने बताया था कि शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के वेतन, बुनियादी ढांचे, उपकरणों की खरीद, वाहन, फर्नीचर और अन्य वस्तुओं को कवर करने के लिए 342 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा मंत्री एम.सी. सुधाकर ने कहा कुछ स्थापित विश्वविद्यालयों को बंद करने पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस पर स्पष्ट निर्णय एक अन्य बैठक के बाद घोषित किया जाएगा।

# मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक में सीमा की स्थिति का आकलन किया

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर शनिवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में सीमा की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया और पाकिस्तान के सैन्य दुस्साहस का जवाब देने की रणनीति पर चर्चा की।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सशस्त्र बलों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

इस बैठक को इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान ने आज सुबह विभिन्न सैन्य और हवाई प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले किए, जिन्हें भारतीय रक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। भारत ने रावलपिंडी के नूर खान एयरबेस सहित पाकिस्तान के विभिन्न हवाई ठिकानों पर भी हमला किया और सैन्य ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचाया। पिछले 24 घंटों में प्रधानमंत्री की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ यह दूसरी बैठक है। गौरतलब है कि शुक्रवार को श्री सिंह ने पश्चिमी सीमा पर सुरक्षा स्थिति और भारतीय सशस्त्र बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी, जिसमें जनरल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह शामिल हुए थे।

# आतंकवाद के खिलाफ जारी रहेगा एक्शन सजीफायर के बाद जयशंकर ने किया साफ

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम समझौते के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख बनाए रखा है। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत और पाकिस्तान ने आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनाई है। आतंकवाद के खिलाफ भारत कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेगा। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के बाद आई है, जो दोनों पड़ोसी देशों के बीच बढ़ते तनाव के लगभग दो दिन बाद हुआ है। शुक्रवार रात को पाकिस्तान द्वारा भारत पर मिसाइलों और तुर्की निर्मित 300-400 ड्रोन से हमला किए जाने के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव और बढ़ गया। दोनों देशों ने शनिवार, 10 मई को शाम 5 बजे से ज़मीन और हवा में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य अभियान रोकने पर सहमति जताई है।



भारत की ओर से विदेश मंत्री विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि पाकिस्तान की ओर उसकी सेना के डीजीएमओ ने तनाव कम करने के लिए भारतीय सेना के डीजीएमओ से संपर्क किया। इसके बाद भारत अपनी शर्तों पर युद्धविराम के लिए राजी हुआ। दोनों देशों के डीजीएमओ युद्धविराम को लेकर आगे की कार्रवाई के लिए 12 मई को फिर से बातचीत करेंगे। पाकिस्तान सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने भारत से संपर्क किया और दोनों देशों के बीच युद्ध विराम पर सीधे बातचीत की गई। सरकार ने कई दिनों की सैन्य कार्रवाई और दोनों पड़ोसियों के बीच बढ़े तनाव के बाद युद्ध विराम की पुष्टि की।

इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान करते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात की बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को सामान्य बुद्धि और महान बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए बधाई। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

# हाई कोर्ट में वकीलों को वरिष्ठता दर्जे के मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट में वकीलों के वरिष्ठता दर्जे को चुनौती देने वाली याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट को नोटिस जारी किया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील विष्णु बिहारी तिवारी ने 2019 में वकीलों को वरिष्ठता दर्जे से जुड़ी प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।



इलाहाबाद हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, और उज्जवल भुइयां की पीठ ने गत शुक्रवार को मामले पर सुनवाई करते हुए याचिका में प्रतिवादी बनाए गए इलाहाबाद हाई कोर्ट व अन्य को नोटिस जारी किया।

पीठ ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा जयसिंह फैसले में तय मानकों से हाई कोर्ट के इतर जाने पर चिंता जताई। पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट ने अपनी बुद्धिमत्ता से इंदिरा जयसिंह फैसले को बदल दिया।

इस मामले में विष्णु बिहारी तिवारी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत वर्ष सितंबर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

हाई कोर्ट ने तिवारी की याचिका खारिज करते हुए 2019 में वकीलों को वरिष्ठता का दर्जा देने को सही ठहराया था। तिवारी ने याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट के 2019 के वरिष्ठ वकील दर्जे प्रक्रिया को अनियमितता पूर्ण बताया है और कहा है कि इसमें सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा जयसिंह फैसले में तय मानकों का पालन नहीं किया गया है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा जयसिंह मामले में दिए फैसले में वकीलों को वरिष्ठ वकील का दर्जा तय किए जाने के बारे में मानक तय किये थे।

### बॉर्डर पर रोबोट तैनात करने की तैयारी!

# डीआरडीओ ने विकसित किया प्रोटोटाइप इंसान की तरह दुश्मन को चटाएगा धूल

**पुणे, 10 मई (एजेंसियां)।**

देश की सरहदों की रक्षा के लिए इंसानों जैसे रोबोट अग्रिम मोर्चों पर सैन्य अभियानों का हिस्सा होंगे। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के विज्ञानी ह्यूमनाइड रोबोट बनाने पर काम कर रहे हैं।

एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि डीआरडीओ एक ऐसा रोबोट विकसित कर रहा है जो जटिल कार्यों को पूरा कर सके। इसे बनाने का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सैनिकों के जोखिम को कम करना है। इस मशीन को कमांड देकर संचालित किया जाएगा।



डीआरडीओ के सेंटर फॉर सिस्टम्स एंड टेक्नोलॉजीज फॉर एडवांस्ड रोबोटिक्स के समूह निदेशक एसई तलोले ने कहा कि इस परियोजना पर चार वर्षों से काम किया जा रहा है। हमने शरीर के ऊपरी और निचले हिस्से के अलग-अलग प्रोटोटाइप विकसित किए हैं।

इस समय विज्ञानी रोबोट की क्षमता को बेहतर करने पर जोर दे रहे हैं ताकि रोबोट टीम ऑपरेटर के आदेशों को बेहतर तरीके से समझ कर उस पर अमल कर सके। यह प्रणाली तीन प्रमुख घटकों पर निर्भर करती है। इनमें पहला एक्च्युएटर्स जो मानव मांसपेशियों की तरह होता है।

दूसरा सेंसर जो रियल टाइम डाटा जुटाते हैं, और तीसरा घटक नियंत्रण प्रणाली है जो इस डाटा के आधार पर कार्यों का मार्गदर्शन करती है। तलोले ने कहा, सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक यह सुनिश्चित करना है कि रोबोट वांछित कार्यों को सुचारू रूप से कर सके। इसके लिए संतुलन, तेजी से डाटा प्रोसेसिग और जमीनी स्तर पर निष्पादन में महारत हासिल करना आवश्यक है।

विज्ञानियों ने बताया कि मानव जैसे इस रोबोट के दो हाथ होंगे। रोबोट जटिल कार्यों को कर सकेगा और वस्तुओं को घुमाने, धक्का देने, खींचने, दरवाजे स्लाइड करने, वाल्व खोलने और विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले वातावरण में बाधाओं को पार करने में सक्षम होगा।

रोबोट खदानों, विस्फोटकों और तरल पदार्थों जैसी खतरनाक सामग्रियों को सुरक्षित रूप से निष्पादन कर सकेगा। यह सिस्टम दिन हो या रात निर्बाध रूप से काम करेगी। यह रोबोट देखने और सुनने की क्षमता से भी लैस होगा।

# राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लिए बाध्य नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 द्वारा प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूले को तमिलनाडु, केरल और बंगाल में लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए कहा कि अदालत किसी राज्य को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी नीति अपनाने के लिए सीधे तौर पर बाध्य नहीं कर सकती।

हालांकि, अगर राष्ट्रीय शिक्षा नीति से संबंधित राज्य की कार्रवाई या निष्क्रियता किसी मौलिक अधिकार का उल्लंघन करती है तो अदालत हस्तक्षेप कर सकती है। हम इस रिट याचिका में इस मुद्दे की जांच करने का प्रस्ताव नहीं रखते हैं। यह याचिका भाजपा के वकील जीएस मणि ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति को लागू करने या समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने से राज्य सरकार का इन्कार जनहित को नुकसान पहुंचा सकती है या नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है।

याचिका में राज्य सरकारों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने और एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसमें मौलिक लोक कल्याण और शिक्षा के अधिकार, सांविधानिक अधिकार, या सरकारी दायित्वों को नजरअंदाज किया जा रहा है या उनका उल्लंघन किया जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने देश में पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रमों की समीक्षा के लिए विधि शिक्षा आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन के अनुरोध से संबंधित जनहित याचिका को लंबित याचिका के साथ जोड़ने का आदेश दिया।

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने नोटिस जारी करने से इन्कार करते हुए एक याचिका के साथ सुनवाई पर सहमति जताई। पीठ ने कहा हम इस याचिका को दूसरी याचिका से जोड़ेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के मामले में मृतक पिता के बेटे समेत 87 में से 71 गवाहों के मुकर जाने पर छह हत्यारोपियों को बरी कर दिया। शीर्ष अदालत कर्नाटक हाईकोर्ट के 27 सितंबर, 2023 के आदेश को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए इस मामले में छह आरोपियों को दोषी ठहराया था।

जस्टिस सुधांशु धूलिया व जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने 49 पन्नों के फैसले में कहा, अनसुलझे अपराध के लिए भारी मन से, लेकिन आरोपियों के खिलाफ सबूतों की कमी के मुद्दे पर संदेह नहीं होने के कारण, हम आरोपियों को बरी करते हैं। हम हाईकोर्ट का फैसला पलटते हुए ट्रायल कोर्ट के निर्णय को बहाल करते हैं। पीठ ने गवाहों के मुकर जाने और अति उत्साही जांच पर अफसोस जताया। पीठ ने कहा कि जांच में आपराधिक कानून के बुनियादी सिद्धांतों की पूरी तरह अनदेखी की गई। ऐसी अनदेखी अक्सर मजाक बनकर रह जाता है।

पीठ ने कहा, यह एक क्लासिक मामला है। गवाह पिछले बयानों से मुकर जाते हैं, बरामदगी से इन्कार करते हैं और चश्मदीद गवाह अंधे हो जाते हैं। कुल 87 में से 71 गवाह मुकर गए। इससे अभियोजन पक्ष को पुलिस और सरकारी गवाहों की गवाही पर ही टिके रहना पड़ा। यहां तक कि एक युवक, जो महत्वपूर्ण चश्मदीद गवाह है। जिसने अपने पिता को मौत के घाट उतारते हुए देखा, हमलावरों की पहचान करने में विफल रहा।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र को आईआरसीटीसी तत्काल बुकिंग सिस्टम की गहन जांच करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत के साथ अधिकार क्षेत्र वाले हाईकोर्ट में जा सकते हैं।

पीठ ने कहा कि वह याचिका के गुण-दोष पर टिप्पणी नहीं कर रही है। याचिका में संबंधित अधिकारियों को भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम की तत्काल बुकिंग प्रणाली का गहन ऑडिट कराने का निर्देश देने की मांग की गई है। अधिकारियों को सख्त साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है, ताकि अवैध एजेंटों और दलालों को स्वचालित बॉट्स और अवैध सॉफ्टवेयर प्रोग्राम के माध्यम से तत्काल बुकिंग प्रणाली में हेरफेर करने से रोका जा सके। बता दें कि ट्रेन यात्रा से एक दिन पहले तत्काल टिकट बुक किए जा सकते हैं।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने न्यायिक कार्यवाही में याचिकाओं को सरल और संक्षिप्त बनाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि याचिकाओं की ड्राफ्टिंग यानी मसौदा तैयार करने की कला में महारत हासिल करने के लिए बहुत प्रयास करने की आवश्यकता है।

अगले सप्ताह सेवानिवृत्त होने जा रहे सीजीआई ने कहा कि 'कम ही ज्यादा है' यानी चीजों को सरल रखने के सिद्धांत को अपनाने की आवश्यकता है, क्योंकि याचिकाओं में स्पष्टता वकीलों और न्यायाधीशों दोनों के लिए लाभदायक है। वह सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) की ओर से उन्हें विदाई देने के लिए आयोजित एक समारोह में बोल रहे थे। वह 13 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं।सीजेआई पद के लिए मनोनीत जस्टिस बीआर गवई ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सीजेआई खन्ना अपने कार्यकाल के दौरान पारदर्शिता और समावेशिता लेकर आए।

जस्टिस गवई 14 मई को 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेंगे। सीजेआई खन्ना ने सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड के महत्व के बारे में बताया और कहा कि वे न केवल सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं, बल्कि देश भर के नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने कहा, एक चीज जो मुझे अभी भी महसूस होती है कि हम वास्तव में नहीं सीख पाए हैं, वह है ड्राफ्टिंग की कला। आप जितना कम बोलेंगे, याचिकाएं जितनी छोटी होंगी, याचिकाएं जितनी स्पष्ट होंगी, यह आपके और न्यायाधीशों दोनों के लिए कहीं अधिक लाभकारी होगा।

उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर प्राधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि वे ऑपरेशन सिंदूर नाम से ट्रेडमार्क के पंजीकरण की अनुमति न दें। याचिका में कहा गया है कि इसका व्यावसायिक उपयोग के लिए दुरुपयोग नहीं होने दिया जाना चाहिए। देव आशीष दुबे ने सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया कि पांच व्यक्तियों ने वर्ग 41 के तहत आवेदन दायर किया है। अइसमें शिक्षा और मनोरंजन जैसी सेवाएं शामिल हैं, तथा संबंधित ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में ऑपरेशन सिंदूर नाम और शैली के तहत ट्रेडमार्क पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। याचिका में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर में न केवल देश के लोगों की भावनाएं शामिल हैं, बल्कि उन लोगों की भी भावनाएं शामिल हैं जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम आतंकवादी हमले में निर्दोष नागरिकों की तत्काल हत्या से देशव्यापी आक्रोश भड़क गया है।

### 16 साल बाद इतनी जल्दी आएगा मानसून

# 01 जून की जगह 27 मई को केरल पहुंचेगा, सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है।

मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

मौसम विभाग ने बताया कि 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है। अर्थ एंड साइंस मिनिस्ट्री के सेक्रेटरी एम रविचंद्रन ने कहा- जून से सितंबर के दौरान सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है। 4 महीने के दौरान 87ला के औसत से 105 फीसदी बारिश हो सकती है। आमतौर पर 96 से 104 फीसदी बारिश को सामान्य माना जाता है। 90 फीसदी से कम बारिश को सामान्य से बहुत कम, 90 से 95 फीसदी के बीच सामान्य से कम, 104 से 110 फीसदी के बीच सामान्य से ज्यादा और 110 फीसदी से ज्यादा बारिश बहुत ज्यादा माना जाता है। खचऊ के एक अधिकारी ने कहा कि मानसून के दौरान देश भर में होने वाली कुल वर्षा और शुरुआत की तारीख के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

अंडमान-निकोबार में 13 मई तक मानसून की एंट्री मौसम विभाग ने 9 मई को कहा था कि 13 मई के आसपास मानसून के अंडमान और निकोबार, बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने की बहुत संभावना है। हालांकि, भारत में मानसून सीजन के आने की आधिकारिक घोषणा इसके केरल पहुंचने पर ही की जाती है। पिछले 5 साल में मानसून का अनुमान कितना सही रहा पिछले 5 सालों के आंकड़ों को देखें तो मानसून सीजन में बारिश को लेकर केंद्रीय वेदर एजेंसी मौसम विभाग और प्राइवेट एजेंसी स्काईमेट का अनुमान लगभग सही रहा है। 2024 में मानसून सीजन में 108 फीसदी बारिश हुई थी, जबकि मौसम विभाग ने 106 फीसदी और स्काईमेट ने 102 फीसदी बारिश का अनुमान जताया था। 2023 में 94 फीसदी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने 96 फीसदी और स्काईमेट ने 94 फीसदी बारिश का अनुमान जताया था। इससे पहले 2022 में 106 फीसदी बारिश हुई थी। यह खचऊ और स्काईमेट दोनों के अनुमान से ज्यादा था। 1972 में सबसे देरी से केरल पहुंचा था मानसून मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं।

# सरकार ने मीडिया चैनलों से अपने कार्यक्रमों में सायरन की आवाज का इस्तेमाल नहीं करने को कहा

**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।**

सरकार ने शनिवार को सभी मीडिया चैनलों को सलाह दी कि वे सामुदायिक जागरूकता अभियान के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के सायरन की आवाज का इस्तेमाल करने से बचें।

अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और होम गार्ड महानिदेशालय ने एक परामर्श में कहा कि नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, सभी मीडिया चैनलों से अनुरोध किया जाता है कि वे समुदाय को जागरुक करने के अलावा अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमलों के सायरन की आवाज का इस्तेमाल करने से परहेज करें।

### सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित शिक्षक धन्यवाद समारोह में बोले योगी

# शिक्षा को संस्कार और राष्ट्र की भावना से जोड़ना जरूरी

**लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)।** शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों, संस्कारों और राष्ट्र प्रथम की भावना से जोड़ना चाहिए। हम अक्सर शिक्षा को अंकों तक सीमित कर देते हैं, लेकिन शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण है। एक ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो, समाज के लिए प्रेरणा हो। जब हम शिक्षा को संस्कारों और राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ते हैं, तभी विकसित भारत की नींव रखी जा सकती है। विकसित भारत वह होगा, जहां हर नागरिक सुरक्षित-समृद्ध और आत्मनिर्भर हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प देशवासियों को दिया है, उसमें शिक्षा और शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। शिक्षक ऐसी पीढ़ी को गढ़ने का कार्य कर रहे हैं, जो आने वाले समय में न केवल अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होंगी, बल्कि नैतिक दृष्टिकोण से भी मजबूत होंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में आयोजित शिक्षक धन्यवाद समारोह में यह बात कही। सीएम योगी ने आईसीएससीई बोर्ड के







10वीं-12 वीं के टॉपर्स, जेईई मेन टॉपर स्टूडेंट्स को सम्मानित किया। सीएम ने शिक्षकों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 70 वर्ष पूर्व डॉ. जगदीश गांधी और डॉक्टर भारती गांधी ने सीमित संसाधनों के बावजूद महान उद्देश्य को लेकर इस संस्थान की नींव रखी। जब वे लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र थे, तब न तो उनके पास कोई संसाधन था, न ही कोई विशेष व्यवस्था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और राजधानी लखनऊ में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का सपना देखा। आज उसी सपने के परिणामस्वरूप सीएमएस में हजारों छात्र अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर छात्र को मेरिट सूची में स्थान नहीं मिल सकता, लेकिन शिक्षा के विभिन्न क्षेत्र खेल, कला और सेवा में अपनी पहचान बना सकते हैं। सीएम योगी ने देश की वैदिक परंपराओं की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारा वैदिक उद्घोष माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या: रहा है। यह वही भावना है, जिसे डॉ. गांधी ने जय जगत के रूप में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी भावना को नेशन फर्स्ट के सिद्धांत में दो-हरा रहे हैं। हमें भी इसी सिद्धांत के साथ जीवन के हर क्षेत्र में कार्य करना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातों का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी के लिए नेशन फर्स्ट ही पहला मंत्र होना चाहिए। ये काम सिर्फ देश के नेतृत्व, सेना के जवानों और प्रशासनिक अफसर का ही नहीं है, बल्कि शिक्षकों के लिए भी होना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब युवाओं के भीतर राष्ट्र के प्रति श्रद्धा का अभाव होता है, तभी देशविरोधी विचार पनपते हैं इसलिए शिक्षकों का उत्तरदायित्व बनता है कि वह न केवल ज्ञान दें, बल्कि छात्रों में देशभक्ति और नैतिकता भी रोपें। सीएम ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान हर राष्ट्रीय आयोजन (चाहे वह स्वतंत्रता दिवस हो या गणतंत्र दिवस) में अग्रणी भूमिका निभाता है। सीएमएस के बच्चे जब विधान भवन के सामने झांकियों में भाग लेते हैं, तब उनके पीछे डॉक्टर भारती गांधी का उत्साह देखने को मिलता है। इस उम्र में भी वे जिस समर्पण और ऊर्जा से कार्य कर रही हैं, वह अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत आदि योगी नाट्य मंचन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बच्चों को इतिहास, परंपरा और मूल्यों से जोड़ती हैं। उन्होंने इस मंचन को महाकुंभ की ओर बढ़ते भारत के सांस्कृतिक स्वरूप से जोड़ते हुए कहा कि हमारी पौराणिक कथाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन के मूल्य सिखाने का माध्यम है। आज की पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

कार्यक्रम में सीएमएस की संस्थापिका डॉक्टर भारती गांधी, सीएमएस की प्रबंधक प्रो. गीता गांधी, सीएमएस की प्रेसिडेंट डॉ. रोजर किंगडम, कोषाध्यक्ष विनय गांधी, महापौर सुषमा खरकवाल एवं पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह वगैरह मौजूद थे।

# सभी आकांक्षात्मक जिलों में चलेगा सुपोषण अभियान

### 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को हर दिन मिलेगा 400 कैलोरी वाला नाश्ता



**लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)।** प्रदेश में बाल कुपोषण के विरुद्ध सुपोषण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत प्रदेश के सभी 8 आकांक्षात्मक जिलों के लगभग 11 लाख बच्चों को पौष्टिक स्वल्पाहार उपलब्ध कराने के लिए 254 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है। जल्द ही यह अभियान प्रदेश के सभी आकांक्षात्मक जिलों में शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश से बाल कुपोषण को जड़ से खत्म करने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। इसके तहत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के पायलट प्रोजेक्ट की कार्य-योजना तैयार की गई है। इस अभियान के तहत प्रदेश के सभी 8 आकांक्षात्मक जिलों में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिदिन 400 कैलोरी और 15 से 20 ग्राम प्रोटीन युक्त स्वल्पाहार उपलब्ध कराया जाएगा। इस अभियान के तहत आकांक्षात्मक जिलों के 11,13,783 बच्चे चिन्हित किए गए हैं, जिनके स्वल्पाहार के लिए प्रतिदिन 44 रूपये का खर्च आएगा। अभियान के लिये 254.83 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के अंतर्गत बच्चों को फ्लेवर्ड मिल्क, मिलेट चिक्की न्यूट्री बार, एक केला या मौसमी फल और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ प्रदान किए जाएंगे। विशेष रूप से मिलेट चिक्की न्यूट्री बार ने वाराणसी जनपद में किए गए प्रारंभिक प्रयोग में सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं। इसकी स्वीकार्यता और पोषण मूल्य ने बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के संकेत दिए हैं। वाराणसी जनपद में आंगनबाड़ी के बच्चों में मिलेट न्यूट्री बार वितरण से एनीमिया, स्टंटिंग और अंडरवेट की समस्या में कमी दर्ज की गई। साथ ही यह न्यूट्री बार न केवल पौष्टिक है, बल्कि स्वादिष्ट होने के कारण बच्चे पसंद भी करते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति में भी वृद्धि दर्ज की गई है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री सुप-ोषण अभियान को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आकांक्षात्मक जिलों में कुपोषण की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए ये अभियान जल्द से जल्द लागू किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस दिशा में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे, बल्कि उन्हें शारीरिक और मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाएगें, जो उनके बेहतर भविष्य के लिये बहुत जरूरी है। अभियान के तहत टेक होम राशन के माध्यम से बच्चों को नियमित रूप से पौष्टिक स्वल्पाहार वितरित किया जाएगा। साथ ही विशेषज्ञों की टीम समय-समय पर उनके स्वास्थ्य की निगरानी भी करेगी, ताकि अभियान के प्रभाव का आकलन भी समयबद्ध तरीके से किया जा सके।

## उत्तर प्रदेश में एक साल में 30 लाख राजस्व मामलों का निस्तारण

**लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व मामलों के निस्तारण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

बीते एक साल में प्रदेशभर में उप जिलाधिकारी और तहसीलदार स्तर पर करीब 30 लाख राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया है। सरकार की इस पहल से जनता को समय पर न्याय और राहत मिली है।

राजस्व मामलों में तेजी से फैसले लेते हुए प्रदेश सरकार ने दिखा दिया है कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और मॉनिटरिंग से बड़े बदलाव संभव हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त निगरानी और दूरदर्शी सोच के चलते राजस्व विभाग में लंबित मामलों को गंभीरता से लिया गया और उन्हें समयबद्ध तरीके से निपटाया गया। इसका परिणाम यह है कि जनता को जमीन से जुड़े विवादों में त्वरित न्याय मिल रहा है और प्रदेश प्रशासनिक दृष्टि से सशक्त बनता जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विगत एक वर्ष में 24 लाख से अधिक नामांतरण के मामलों का निस्तारण किया गया। इसके साथ ही जमीन के मालिकाना हक से जुड़े मामलों का तेजी से समाधान किया गया। जिससे जनता को बड़ी राहत मिली है। कुल 30 लाख मामले उपजिलाधिकारी और तहसीलदार स्तर पर निस्तारित कराए गए हैं। योगी सरकार के निर्देशों के अनुरूप प्रशासन ने बड़ी जिम्मेदारी निभाई है, जिससे रिकॉर्ड स्तर पर राजस्व मामलों का समाधान किया गया।

डेढ़ लाख से ज्यादा पैमाइश के मामले निपटाए गए हैं। इसके अंतर्गत जमीन की माप-जोख से जुड़े विवाद सुलझाए गए, जिससे ग्रामीण इलाकों में लोगों को बड़ी राहत मिली। वहीं, 80 हजार बेदखली और 95 हजार अकृषक उपयोग के मामलों का भी समाधान किया गया है। इसके अलावा बंटवारे से संबंधित करीब डेढ़ लाख मामलों का निस्तारण किया गया है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के प्रयास हैं कि जनता से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए।

# संत रविदास का दर्शन विकसित भारत संकल्प का प्रेरणास्रोत : योगी

**अयोध्या, 10 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री यहां सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में शामिल होकर संतों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरू संत रविदास जी की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। संत रविदास ने कहा था, ऐसा चाहू राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न, उनका यही दर्शन प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। हमारा देश तभी विकसित भारत बनेगा, जब हम एकजुट होकर जातिगत और आर्थिक विषमताओं को दूर कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नई अयोध्या का निर्माण हो रहा है और आज संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण और सत्संग भवन के लोकार्पण के साथ यह प्रक्रिया और सशक्त हुई है। उन्हाने इसके लिए महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज को बधाई दी। सीएम योगी ने संत रविदास को मध्यकालीन संत परंपरा






का सिद्ध संत बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मप्रधान व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत किया और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई। मुख्यमंत्री ने मध्यकाल के कठिन समय का जिक्र करते हुए कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार और सनातन धर्म पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे, तब काशी में संत रविदास ने सामाजिक एकता के लिए समाज को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज उठाई और कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी प्रासंगिक है।

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी में सीर गोवर्धन को 10 वर्षों में भव्य स्वरूप दिया गया है और अयोध्या का कायाकल्प भी उसी दिशा में एक कदम है।

उन्होंने अयोध्या में फोरलेन सड़कों, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, माता शबरी के नाम पर अन्न क्षेत्र, निषाद राज के नाम पर यात्री विश्रामालय और राम की पैड़ी व सरयू घाट के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद से अयोध्या की उपेक्षा की गई, लेकिन अब सूर्यवंश की ये राजधानी देश की पहली सोलर सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने पासी समाज, कबीर मठ और रजक समाज के संतों को आश्वासन दिया कि सरकार सभी वर्गों को जोड़कर आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि जब हमारा संकल्प देश के प्रति कर्तव्यों से जुड़ेगा, तो सभी समस्याओं का समाधान संभव है। हमें नेशन फर्स्ट की भावना के साथ देश को प्राथमिकता देनी होगी, तभी हम संत रविदास और भगवान राम के आदर्शों पर चलकर एक समृद्ध भारत का निर्माण कर सकेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक और संत रविदास जी मंदिर के महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज, चंपत राय, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, योगी बालकनाथ जी महाराज, रामान-ुजदास जी महाराज, डॉ सुंदरलाल जी महाराज, छतरदास जी महाराज, स्वामीदास जी महाराज, स्वामी भारत भूषण जी महाराज, सुकृत साहब सहित सद्गुरू रविदास जी महाराज की भक्तिधारा से जुड़े अन्य संतजन एवं श्रद्धालुगण मौजूद रहे

# योगी ने हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी, राममंदिर में मत्था टेका



**अयोध्या, 10 मई (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया। सीएम योगी रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। यहां मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, यहां चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को यहां चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

### भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखेगा डिफेंस कॉरिडोर

# ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का होगा ऐतिहासिक शुभारंभ

**लखनऊ, 10 मई (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सु-परसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की प्रोडक्शन यूनिट का शुभारंभ होने जा रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से इस समारोह में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री के साथ मिलकर इस परियोजना का उद्घाटन करेंगे। यह कदम उत्तर प्रदेश और भारत की डिफेंस आत्मनिर्भरता को मजबूत करने और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालातों में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह टाइटेनियम एंड सुपर एलॉयस मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन करेंगे। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामग्रियों का उत्पादन करेगा, जिनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। इसके साथ ही, ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एवं टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण होगा, जो मिसाइलों के परीक्षण और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में की थी, योगी सरकार की प्राथमिकता में रहा है। इस कॉरिडोर के छह नोड्स-लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, आगरा, झांसी, और चित्रकूट-में रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक निवेश हो रहा है। लखनऊ नोड पर ब्रह्मोस यूनिट के साथ-साथ डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम का भी शिलान्यास किया जाएगा, जो रक्षा उत्पादों के परीक्षण और सर्टिफिकेशन में सहायता करेगा। उद्घाटन समारोह में ब्रह्मोस एयरोस्पेस और एयरो एलॉय टेक्नोलॉजी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। डीआरडीओ के सचिव डॉ. समीर वी कामत स्वागत संबोधन देंगे, जबकि पीटीसी इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल कंपनी के योगदान पर प्रकाश डालेंगे।

उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर स्थापित यह ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई है। इसके लिए योगी सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन निःशुल्क उपलब्ध कराई थी, जिसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल, जो भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है, दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है और फायर एंड फॉरगेट सिद्धांत पर काम करती है, जिससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है।

उत्तर प्रदेश, डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने वाला महज दूसरा राज्य है। उत्तर प्रदेश से पहले तमिलनाडु में 2019 में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर स्थापित किया जा चुका है। दोनों कॉरिडोर मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल का हिस्सा हैं, जिनका लक्ष्य रक्षा आयात पर निर्भरता कम करना, स्वदेशी उत्प-ादन बढ़ाना और रोजगार सृजन करना है। ये कॉरिडोर निजी कंपनियों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देते हैं। उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर छह नोड्स पर विकसित किया जा रहा है, जिसमें लखनऊ के अलावा कानपुर, झांसी, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट शामिल हैं। ये नोड्स पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे और अन्य प्रमुख राजमार्गों के कैचमेंट क्षेत्र में हैं, जो लॉजिस्टिक्स और परिवहन को आसान बनाते हैं। नोडल एजेंसी उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की अगुवाई में निर्मित हो रहे कॉरिडोर की रणनीतिक स्थिति रक्षा उत्पादन इकाइयों को कच्चे माल, तैयार माल के परिवहन, और निर्यात के लिए उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स सुविधा प्रदान करती है।

## कविता



### एक किरण

एक किरण सूरज की देती,
है सारे जग को उजियारा।
एक दीप माटी का जल कर,
पी लेता सारा अंधियारा।

एक बूंद सीपी में ढल कर,
बन जाती है सच्चा मोती।
एक सत्य में बड़े झूठ से,
लड़ जाने की ताकत होती।

एक धरा है एक गगन है,
एक सुनो ईश्वर कहलाता।
मिल-जुल सबसे करो प्यार तुम,
बड़ा एकता का है नाता।

# सीखने के लिए पढ़ें

**बोर्ड** एक्जाम की डेट शीट आ चुकी है। मुश्किल से दस दिन भी शेष नहीं हैं। ऐसे में आप थोड़े से चितिंत भी होंगे। आप में से कई लोग शिकायत करते हैं कि वो जो भी पढ़ते हैं, उसे अगले दिन भूल जाते हैं। लेकिन फिकर नॉट हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं जिन्हें आजमाकर आप परीक्षा में अच्छा कर सकते हैं...

**परीक्षा** के दिनों में आप ज्यादातर समय पढ़ाई करने में लगे रहते हैं। कई लोगों को चीजें आसानी से याद हो रही होती हैं, तो कुछ लोगों को विषय तभी याद रख पाते हैं जब वो उसे पढ़ रहे होते हैं। इसकी कुछ खास वजह ये है कि पढ़ाई के वक्त आप टेंशन के कारण पूरी एकाग्रता से पढ़ाई नहीं कर पा रहे होते हैं। केवल पढ़ना एक अलग बात है, लेकिन जो पढ़ा हैं उसे याद रख पाना अलग बात हैं। इन बातों को अपनाकर आप विषयों को ज्यादा दिनों तक याद रख पाएंगे।

**पढ़ाई करने के साथ उन्हें किसी चीज से जोड़ें**

आपकी पढ़ाई के दौरान कई बार ऐसे तथ्य या तारीखें आती होंगी, जिन्हें लम्बे समय तक याद रख पाना आप में से कई लोगों के लिए मुश्किल होता होगा। आप ऐसे तथ्यों को आसानी से याद कर सकते हैं। जब भी आप उन्हें पढ़ें तो उसे अपनी जन्म की तारीख, वर्ष या फिर अन्य घटनाओं के साथ जोड़कर देखें। ऐसे में आप उन्हें आसानी से याद कर पाएंगे।

**मार्निंग रिव्यू**

बड़े बुजुर्ग हमेशा ये कहते हैं कि सुबह जल्दी उठकर पढ़ने से आसानी से तथ्य याद हो जाते हैं। यह सही भी है। दरअसल सुबह जब आप सोकर उठते हैं तो आपका दिमाग फ्रेश रहता है। और उसमें जो भी आप नई चीजे फीड करते हैं, आसानी से याद हो जाती हैं।

**पढ़े हुए विषय को दैनिक जीवन से जोड़े**

आप जब कोई टॉपिक पढ़ते हैं, तो उसे पूरी तरह कंठस्थ भी कर सकते हैं। पढ़ाई के अलावा खाली समय में आप उन टॉपिक को दोहरा सकते हैं। आप पूछेंगे कि कैसे? इसके लिए आपको फ्लैश कार्ड बनाने होंगे। फ्लैश कार्ड, वे छोटे-छोटे कार्ड होते हैं, जिन पर आप उन तथ्यों को संक्षेप में लिख लेते हैं, जिन्हें याद रख पाना मुश्किल लग रहा हो। और फिर इन्हीं फ्लैश कार्ड की मदद से आप खाली समय में कहीं आते-जाते भी इन पर निगाह डाल सकते हैं। बार-बार विषय पर निगाह बनाए रखने से आपको वो भलीभांति याद हो जाता है।

**पढ़ने का समय तय करें**

इन दिनों पढ़ाई करने के समय को तय करना जरूरी है। आप अपनी सुविधानुसार पढ़ाई के घंटे निर्धारित कर सकते हैं। काफी कम समय होने के कारण इन तय घंटों में कोई अन्य काम न करके सिर्फ पढ़ाई करें। अक्सर देखने में आता है कि आप में से कई लोग टाइम टेबल तो बना लेते हैं, लेकिन उन पर अमल नहीं कर पाते। इसलिए कोशिश करें जो भी आप टाइम-टेबल बनाएं उस समय केवल पढ़ाई करें। टाइम टेबल में कुछ पल मनोरंजन के लिए भी रखना न भूलें। ऐसा करने से आप जो भी पढ़ते हैं, उसमें बोरियत नहीं आती है।

**प्राथमिकता हो सीखना**

आप बिना अच्छी तरह विषय को समझे सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। जब तक आपके कंसेप्ट ही क्लियर नहीं रहेंगे, तब तक आप उसे कैसे अच्छी तरह लिख पाएंगे। इसलिए कोशिश करें जो भी पढ़ें, ठोस पढ़ें। ध्यान रहें, अधूरा ज्ञान कभी अच्छे परिणाम नहीं देता। और अब तो आपके पास इतना समय भी नहीं रहा कि नई चीजों को पढ़कर गहराई से समझा जा सके। इसलिए आपने अब तक जो भी अच्छे से पढ़ा हैं, केवल उन्हीं पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश करें। इससे आप जो भी सीखेंगे उसे ताउम्र याद भी रख पाएंगे।

**नोट्स और सैम्पल पेपर्स से लें मदद**

बोर्ड के एक्जाम में बैठने से पहले आप खुद को एक बार परख सकते हैं। आपकी अभी तक कितनी तैयारी हुई है, इसका अंदाजा आप खुद लगा सकते हैं। मार्केट में मौजूद विभिन्न विषयों के सैम्पल पेपर्स की मदद से आप खुद का एक मॉक टेस्ट ले सकते हैं। इन पेपर्स को रोज सॉल्व करके फाइनल परीक्षा के लिए समय प्रबंधन को भी सीखा जा सकता है।

**निश्चिंत होकर करें पढ़ाई**

टेंशन फ्री होकर पढ़ाई करने के कई फायदे हैं। इस तरह पढ़ाई करने से आपका आत्मविश्वास आपके साथ रहता है। ठीक है कॉम्पिटीशन भी जरूरी हैं। लेकिन किसी को आप तभी कॉम्पीट कर पाएंगे, जब आप अपना श्रेष्ठ दे पाएंगे। टेंशन फ्री होकर आप जो भी पढ़ते हैं, उसे जल्दी से याद कर पाते हैं। और आपकी इस पढ़ाई में आपका शरीर भी आपका साथ देता हैं। पढ़ते समय मन विचलित नहीं होता। आप लम्बे समय तक बैठकर आसानी से पढ़ पाते हैं। क्योंकि आपके मन में दो क्रियाएं नहीं चल रही होती, आप सच्चे मन से पढ़ाई कर पाते हैं। टेंशन लेने से आपका दिमाग एक साथ दो काम कर रहा होता है। एक तो उसे टेंशन रहता है कि क्या वह अच्छे नंबर ला पाएगा, और दूसरी वो उसी सोचने के समय पढ़ाई भी कर रहा होता है। इसलिए टेंशन फ्री होकर पढ़ें। इस समय आपके शरीर का चुस्त-दुरुस्त रहना जरूरी है, ताकि आप बिना बाधा के आसानी से अपनी पढ़ाई कर पाएं। इसलिए खान-पान का भी ख्याल रखें।





*यहां दी गई संख्याओं को क्रमबद्ध तरीके से मिलाते हुए एक चित्र बनाएं। और देखें की किसका चित्र बनकर सामने आता है। तो आप तैयार हैं।*

## जिज्ञासा

# पंद्रह साल की थकान के बाद सो गया!



**विश्व के प्रथम** स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन मीर का 23 मार्च सन 2001 को भारतीय समय के दिन के 11 बजकर 29 मिनट पर न्यूजीलैंड और चिली के बीच के समुद्र में जलसमाधि के साथ अंत हो गया और इसी के साथ अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र के एक गौरवशाली इतिहास का भी अंत हुआ।

अपने 15 साल के अंतरिक्ष प्रवास में मीर अंतरिक्ष स्टेशन ने मानव कल्याण की दृष्टि से अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य किए और शायद इसने 'यथा नामो तथा गुणो' लोकोक्ति को भी चरितार्थ कर दिया।

मीर शब्द रूसी भाषा का शब्द है जिसका अर्थ होता है शांति। पिछले कुछ वर्षों से मीर अंतरिक्ष स्टेशन में कई समस्याएँ चल रही थीं तथा इसका प्रचालन मुश्किल पड़ रहा था। मीर अंतरिक्ष स्टेशन में छोटी-मोटी कई दुर्घटनाएँ हुईं, लेकिन जून 1997 में मीर अंतरिक्ष स्टेशन और मालवाहक प्रोग्रेस यान के बीच अंतरिक्ष में हुए टकराव से मीर स्टेशन के ढांचे को काफी क्षति हुई और इसमें कुछ दरारें पड़ जाने से एक मोड्यूल की ऑक्सीजन अंतरिक्ष में रिस गई। बाद में इसकी मरम्मत भी की गई। रेकॉर्डों के अनुसार, अंतरिक्ष में दो मानव निर्मित पिंडों के बीच घटित होनेवाला यह पहला टकराव था। जुलाई 2000 में मीर अंतरिक्ष स्टेशन को नीदरलैंड की एक कंपनी मीर कार्प्स ने लीज पर लिया तथा इसको प्रचलित करने का बीड़ा उठाया। मीर कार्प्स कंपनी में 60 प्रतिशत शेयर आरकेके इनर्जिया कंपनी के थे जिसने मीर अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण किया था तथा जो अब तक इस स्टेशन का प्रचालन कर रही थी। सारे प्रयासों के बावजूद जब रूस ने यह महसूस किया कि अंतरिक्ष स्टेशन मीर काफी बूढ़ा हो गया है तथा उसके तमाम तंत्र काम नहीं करत रहे हैं और उसका प्रचालन काफी महँगा पड़ रहा है, तब रूसी अंतरिक्ष अधिकारियों एवं सरकार ने उसे कक्षा से हटाकर (डी ऑरबिट) पृथ्वी में समुद्र में गिरा देने का निर्णय लिया।

# पानी का गिरगिट



**कटलफिश** को वैसे तो मछली कहते हैं, पर यह मछली प्रजाति में नहीं आती है। दरअसल, यह मोलस्क (घोंघा) प्रजाति की होती है, जिसे सबसे बद्धिमान प्रजातियों में से एक माना जाता है। कटलफिश को पानी का गिरगिट भी कहते हैं। यह बहुत चालाक जानवर है, जो आसपास खतरा देखकर बैकग्राउंड के अनुसार सुनहरा, सिल्वर, नीला, हरा इत्यादि कई तरह के रंग बदल सकती है, हालांकि यह रंगों को देख नहीं सकती हैं। कटलफिश इंग्लिश चैनल, अफ्रीका के पश्चिमी किनारे से दक्षिणी सिरे और मैडिट्रेनियन सी में पाई जाती है। कटलफिश की आंखें बाहर की ओर उभरी हुई होती हैं। यह न सिर्फ सामने, बल्कि पीछे भी देख सकती है। इसकी आठ बांहें और दो टैंटेकल्स होते हैं। टैंटेकल्स के बीच चोंच जैसा इसका मुंह होता है। खतरा महसूस होने पर ये भी सक्विड की तरह लिक्विड फेंकती हैं। शिकारियों को कन्फ्यूज करने और डराने के लिए ये इसका इस्तेमाल करती हैं। इससे वहां वातावरण धुंधला हो जाता है और यह बचकर भाग निकलती हैं। शिकार में एक्सपर्ट ये अपने शिकार को हिप्नोटइज करना भी जानती हैं।

## रंग भरो

*यह तस्वीर बिना रंगों के अच्छी नहीं लग रही है। आप इसमें रंग भरकर इसे खूबसूरत बनाइए।*



# घर का रास्ता



**एक** दिन शेख चिल्ली के गांव में एक सज्जन आए। वह शेख साहब से मिलना चाह रहे थे। शेख चिल्ली के पिता को सब 'शेख साहब ' कहते थे। शेख चिल्ली दरवाजे पर बैठे हुए थे। सज्जन शहर से आए थे, सो उन्होंने गांव में खेल रहे कुछ लड़कों से पूछा- 'क्यों भाई, शेख साहब के घर को कौन सी सड़क गई है?' उस गांव में यूं तो बहुत से शेख थे। परन्तु 'शेख साहब' शेख चिल्ली के पिताजी ही कहलाते थे। उन्हीं के बारे में वह व्यक्ति पूछ रहा था। वह शेख जी के घर जाना चाहता था। उन्हीं के घर का रास्ता पूछ रहा था। उन्होंने पूछा था कि शेख जी के घर को कौन सा रास्ता जाता है इन तीनों में से वह तिराहा था। जहां वह सज्जन खड़े थे। 'क्या पूछा साहब आपने?' सोलह वर्षीय शेख चिल्ली ने कहा। 'मैंने पूछा शेख साहब के घर कौन-सा रास्ता जाता है?'

इससे पहले कि कोई लड़का बताए, शेख चिल्ली बीच में बोल पड़े- 'इन तीनों में से कोई रास्ता नहीं'

'तो कौन-सा रास्ता जाएगा?'

'कोई नहीं।'

क्या कहते हो बेटे। शेख साहब इसी गांव में रहते है न।

'हां रहते तो इसी गांव में हैं।'

'मैं यही तो पूछ रहा हूं कि कौन-सा रास्ता उनके घर तक जाएगा?'

शेख चिल्ली ने उत्तर दिया- 'साहब घर तक आप जाएंगे। यह सड़क और रास्ते यहीं रहते हैं और यहीं पड़े रहेंगे, ये कहीं नहीं जाते। ये बेचारे तो चल ही नहीं सकते। इसलिए मैंने जवाब दिया था कि ये रास्ते, ये सड़कें कहीं नहीं जातीं। यहीं पर रहती हैं। आपको शेख साहब के घर जाना है। मैं उन्हीं का बेटा चिल्ली हूं। वह रास्ता बताता हूं जिस पर चलकर आप घर तक पहुंच जाएंगे।'

सज्जन बोले- 'अरे! बेटा चिल्ली तुम तो वाकई बहुत समझदार और बुद्धिमान हो।'



# पाकिस्तान को जंग में झोंक देने वाले असीम मुनीर हुए और भी ताकतवर

इस्लामाबाद,10 मई (एजेंसियां)।

सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भले ही पाकिस्तान को भारत के साथ जंग में झोंक दिया है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने पाकिस्तान में मुनीर की हैसियत और बढ़ा दिया है। पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाकर पाकिस्तान के सैन्य अदालतों में नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने को मंजूरी दे दी है। इसके बाद पाकिस्तानी सेना को आम नागरिकों को सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाने का खुला अधिकार मिल गया है। यानि पाकिस्तान की आर्मी, जिसने पहले से ही देश के लोकतंत्र को

**पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले ने बढ़ा दी हैसियत**

कुचल रखा है, उस और ताकत दे दी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मुनीर और भी ज्यादा शक्तिशाली हुए हैं और पूर्व पीएम इमरान खान के लिए ये बहुत बड़ा झकटा है।

पाकिस्तान की सर्वोच्च अदालत ने फैसला सुनाते हुए सैन्य अदालतों में नागरिकों के खिलाफ चलने वाले फैसलों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में सैन्य अदालतों में आम नागरिकों के खिलाफ चलने वाले मुकदमों को असंवैधानिक बताया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस्लामाबाद की शीर्ष अदालत की संवैधानिक पीठ ने फैसला सुनाकर 9 मई 2023 को सेना विरोधी प्रदर्शनों में शामिल इमरान खान के समर्थकों के खिलाफ सैन्य मुकदमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के लाखों समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री और पार्टी प्रमुख इमरान की गिरफ्तारी के बाद 9 मई 2023 को भयानक दंगा किया था। प्रदर्शन में इमरान के समर्थकों ने सैन्य ठिकानों पर भी हमला कर जमकर तोड़फोड़ की थी। इसके बाद पाकिस्तान की सेना ने 1000 से ज्यादा इमरान खान के समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्ट के मुताबिक पीटीआई ने आरोप लगाया था कि पार्टी के सैकड़ों सदस्यों को बिना किसी सबूत के जबरन उठाया गया। उनके खिलाफ आर्मी कोर्ट ने 2 से 4 दिनों में फैसले सुनाने शुरू कर दिए और काफी सख्त सजा दी जाने लगी। इमरान खान के कई समर्थकों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भूकंप ने बढ़ाई टेंशन, फिलहाल जान माल का नुकसान नहीं!



**काबुल।** पाकिस्तान पर जैसे हर तरफ से आफत टूटी पड़ी है। एक तरफ भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान की सिट्टी-पिट्टी गुम है, उधर आधी रात को जब लोग गहरी नींद में थे तभी धरती कांपी और पाकिस्तान के कई इलाकों में दहशत की लहर दौड़ गई। पाकिस्तान की जमीन एक बार फिर कांप उठी। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 29.67 डिग्री उत्तर और 66.10 डिग्री पूर्वी अक्षांश-देशांतर पर, जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। यह हाल के हफ्तों में पाकिस्तान में आया चौथा भूकंप है। इससे पहले 5 मई को दो बार जमीन हिली थी, यह भूकंप पहले दोपहर 12:35 बजे अफगानिस्तान में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया, फिर शाम 4:00 बजे पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चितराल जिले के पास झटके महसूस किए गए।

### भारत के 83 फ़ीसदी लोगों ने जताया आत्मा पर भरोसा



**वाशिंगटन।** फ्यू रिसर्च सेंटर द्वारा दुनिया के 36 देशों में एक सर्वेक्षण कराया गया है। इस सर्वेक्षण में पेड़ पौधे जानवरों नदियों पहाड़ों आत्मा और आध्यात्मिक ऊर्जा के संबंध में सर्वे किया गया है। सर्वे में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन देशों में धर्म को बहुत ज्यादा नहीं माना जाता है। वहां पर भी आध्यात्मिक मान्यताएं काफी मजबूती के साथ स्वीकार की जाती हैं। जापान में 53 फ़ीसदी लोग मानते हैं, जानवरों में भी आत्मा होती है। जबकि 56 फ़ीसदी लोग मानते हैं कि प्रकृति में ही आध्यात्मिक ऊर्जा है। जापान में ज्यादा लोग धर्म से जुड़े हुए नहीं हैं। स्वीडन में 7 फ़ीसदी लोग ही धर्म को अहम मानते हैं। स्वीडन के 38 फ़ीसदी लोगों का मानना है.मृत्यु के बाद पुनर्जन्म होता है। भारत के 82 फ़ीसदी लोगों ने माना है, धर्म उनके जीवन का आधार है। 91 फ़ीसदी लोगों का मानना है जानवरों पेड़ पौधों और वस्तुओं में भी आत्मा हो सकती है। भारत में 43 फीसदी लोग मृत्यु के बाद भी नया जीवन प्राप्त होता है। इस पर विश्वास करते हैं। 48 फ़ीसदी लोगों ने पुनर्जन्म की अवधारणा को स्वीकार किया है। इस सर्वे में दुनिया भर के 18 साल से 34 साल के युवाओं को शामिल किया गया था। उनके बीच सर्वे के दौरान पुनर्जन्म जैसी मान्यताओं के संबंध में सवाल किए गए थे। इस सर्वे की सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही है। 50 साल से ज्यादा उम्र के लोग भी यही विश्वास व्यक्त करते हैं, जो 18 से 34 साल के युवाओं ने व्यक्त किया है।

### टिम फ्रीडे ने खुद को कटवाया करीब 200 बार जहरीले सांपों से



**न्यूयार्क ।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन राज्य में रहने वाले टिम फ्रीडे ने खुद को अब तक करीब 200 बार जहरीले सांपों से कटवाया है। यह सब उन्होंने इसलिए किया ताकि इंसानों के लिए एक ऐसा एंटीवेनम तैयार किया जा सके, जो किसी भी सांप के ज़हर को बेअसर कर सके। टिम का यह सफर 2001 में शुरू हुआ, जब उन्होंने पहली बार खुद को कोबरा से कटवाया था। उस वक्त उन्होंने ठान लिया था कि वे खुद को सांपों के ज़हर के प्रति इम्युन बना लेंगे, ताकि उनके शरीर में बनने वाली एंटीबॉडीज से दवा बनाई जा सके। टिम बताते हैं कि कोबरा का जहर जब शरीर में जाता है, तो ऐसा लगता है मानो हजारों मधुमक्खियां एक साथ डंक मार रही हों। इस दौरान दो बार उन्हें आईसीयू तक पहुंचना पड़ा और चार दिन कोमा में भी रहना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अपने मिशन को जारी रखा। उनका मानना है कि अगर वह इस ज़हर से जूझ सकते हैं, तो उनका खून इंसानों की जान बचाने वाला बन सकता है। टिम की इस दीवानगी को बायोटेक कंपनी सेंटिवैक्स के सीईओ जैकब ग्लैनविल ने पहचाना, जो एक यूनिवर्सल एंटीवेनम बनाना चाहते थे। उन्हें ऐसे व्यक्ति की तलाश थी, जिसका इम्यून सिस्टम पहले ही ज़हर से लड़ चुका हो। टिम की एंटीबॉडीज को प्रयोगशाला में जांचा गया और उनमें एक ऐसी एंटीबॉडी पाई गई, जो ब्लैक मांबा और कई कोबरा प्रजातियों के ज़हर को बेअसर करने में सक्षम थी।

# यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस की ओर से उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती सही : किम जोंग



**सियोल,10 मई (एजेंसियां)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने कहा कि रूस को यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में समर्थन देने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों की तैनाती उचित थी। उन्होंने अपनी सेना की भागीदारी को देश के संप्रभु अधिकारों के इस्तेमाल के रूप में बचाव किया। प्योंगयांग की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

किम ने यह टिप्पणी शुक्रवार को प्योंगयांग में रूसी दूतावास के दौरे के दौरान की, जहां वे द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत संघ की नाजी जर्मनी पर जीत की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर गए थे, जिसे विजय दिवस के रूप में जाना जाता है। योनहाप ने सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह जानकारी दी है।

पिछले साल रूस संग हुई रक्षा संधि का हवाला देते हुए किम ने कहा कि उन्होंने कुर्स्क फ्रंट-लाइन क्षेत्र को मुक्त करने के लिए उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस भेजने का आदेश दिया था, क्योंकि वे इस संधि को पूरी तरह लागू करने पर अडिग थे।

किम ने अपने भाषण में कहा, हमारी युद्ध में भागीदारी उचित थी और यह हमारे संप्रभु अधिकारों के उपयोग के दायरे में है।उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिकों को हीरो बताया।पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने रूस के साथ मिलकर यूक्रेन के खिलाफ लडने के लिए सैनिक भेजे थे। सियोल की जासूसी एजेंसी के अनुसार, उत्तर कोरिया ने अब तक रूस को लगभग 15,000 सैनिक भेजे हैं और इसमें 4,700 से अधिक हताहत हुए हैं, जिनमें करीब 600 की मौत हुई है।उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने दावा किया कि यूक्रेन ने रूस के क्षेत्र पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका और उसके सहयोगी देश रूस के खिलाफ कोई और हमला करने की कोशिश करेंगे, तो वह उत्तर कोरिया की सैन्य ताकत का इस्तेमाल करने में संकोच नहीं करेंगे।

किम ने कहा, अगर हम यूक्रेन की कठपुतली सेना के रूस जैसे परमाणु शक्ति वाले देश के क्षेत्र पर सैन्य कार्रवाई की अनदेखी करेंगे, तो वे और अधिक बेपरवाह हो जाएंगे। इससे सियोल की सेना, जो अमेरिका की सबसे बड़ी कठपुतली है, वे भी अपनी बेपरवाह हिम्मत दिखाएगी।

रूस ने शुक्रवार को विजय दिवस की 80वीं वर्षगांठ सैन्य परेड के साथ मनाई, जिसमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग सहित विदेशी नेता शामिल हुए। किम के इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद थी, लेकिन सुरक्षा और लॉजिस्टिक कारणों से वे मॉस्को नहीं गए।

### सिंधु जल संधि पर पाक को झटका, वर्ल्ड बैंक ने भारत पर दबाव बनाने से इनकार किया, कहा- हम सिर्फ मध्यस्थ



**इस्लामाबाद ।** वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को झटका देते हुए साफ कह दिया है कि वो भारत को फैसला बदलने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि संस्था की द्विपक्षीय मुद्दे में मध्यस्थ के अलावा कोई भूमिका नहीं है। बंगा ने कहा कि समझौता दो देशों के बीच है और अगर वो असहमत होते हैं, तो वर्ल्ड बैंक की भूमिका विवाद को सुलझाने के लिए एक तटस्थ विशेषज्ञ या मध्यस्थ की व्यवस्था करने भर की है। यही हमारी भूमिका है। पाकिस्तान ने पिछले महीने के अंत में कहा था कि वो भारत के एकतरफा और अवैध फैसले को रद्द कराने के लिए वर्ल्ड बैंक से संपर्क करेगा। भारत-पाकिस्तान जंग के हालात के बीच वर्ल्ड बैंक अध्यक्ष का यह बयान आया है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में कई जगहों पर हमला किया था। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक भारत के हमलों में अब तक 31 लोग मारे गए हैं जबकि 57 घायल हुए हैं। वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान को झटका दिया पाकिस्तान को सिंधु जल संधि के मामले में वर्ल्ड बैंक ने झटका दे दिया है। अध्यक्ष अजय बंगा ने साफ कर दिया कि वर्ल्ड बैंक इस विवाद में हस्तक्षेप नहीं करेगा। उन्होंने कहा- भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई इस संधि में वर्ल्ड बैंक की भूमिका केवल एक मध्यस्थ की है। हालिया गतिरोध को सुलझाने में बैंक कोई हिस्सा नहीं लेगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। भारत सरकार पानी को हथियार बनाने पर तुली पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने कहा कि भारत सरकार पानी को हथियार बनाने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशो के बीच सिंधु जल संधि को लेकर क्लियर सिस्टम रहा है, लेकिन भारत सरकार पानी को हथियार बनाने पर आमादा है। प्रवक्ता ने कहा कि सिंधु जल संधि को स्थगित रखना एकतरफा और अवैध है, संधि में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

# आर्थिक संकट मे फंसा पाक कर्ज़ 80 हजार अरब के पार



इस्लामाबाद,10 मई (एजेंसियां)।

**पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश पर कुल कर्ज़ 80 हजार अरब पाकिस्तानी रुपये से अधिक हो चुका है। महंगाई दर 30प्रतिशत के पार पहुँच गई है। जिससे आम जनजीवन त्रस्त है। आवश्यक वस्तुएँ जैसे आटा, दूध और दवाइयाँ आम लोगों की पहुँच से बाहर हैं। विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक निचले स्तर पर है। रूपया डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है।**

इस आर्थिक बदहाली के कई कारण हैं। लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता, कट्टरपंथ को बढ़ावा, सैन्य तंत्र का अत्यधिक हस्तक्षेप और भ्रष्टाचार ने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को खोखला कर दिया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति दर 22प्रतिशत पर स्थिर रखी है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमफ) से मिली राहत से आर्थिक संकट दूर नहीं हो रहा है। कर्ज चुकाने लिए जो नया कर्ज लिया जा रहा है। उसके बदले वित्तीय संस्थाओं द्वारा कडी शर्तें और नीतिगत बदलावों की शर्त रखी जा रही है, जिसे पूरा कर पाना पाकिस्तान सरकार के लिए आसान नहीं है।कर्ज चुकाने के लिए कर्ज़ को बढ़ाया जा रहा है।

जिससे पाकिस्तान कर्ज़ के जाल में फंसता जा रहा है। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर खड़ा हो गया है। ऐसे में किस तरह से भारत के साथ युद्ध लड़ पाएगा। पाकिस्तान के लिए यह चिंता का सबसे बड़ा विषय बन गया है।

### हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह सैनिकों की मौत



श्रीलंका में शुक्रवार को एक सैन्य हेलीकॉप्टर जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार छह सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो गई। श्रीलंकाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंकाई वायु सेना का बेल 212 हेलीकॉप्टर, मदुरू ओया के उत्तर मध्य क्षेत्र में स्थित जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह हेलीकॉप्टर सेना की स्पेशल फोर्स ब्रिगेड की पासिंग आउट परेड में शामिल होने के लिए जा रहा था। मृतकों में वायु सेना के दो और स्पेशल फोर्स के चार सैनिक शामिल हैं। श्रीलंकाई वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए नौ सदस्यीय पैनल नियुक्त किया गया है।

# ट्रंप की छंटनी योजना पर अदालत ने लगाई अस्थाई रोक

वाशिंगटन,10 मई (एजेंसियां)।

**संयुक्त राज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया की एक संघीय न्यायाधीश ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया छंटनी प्रस्ताव पर दो सप्ताह के लिए अस्थाई रोक लगा दी। राष्ट्रपति के इस आशय के प्रस्ताव को कई संघीय अदालतों में चुनौती दी गई है। संघीय न्यायाधीश के इस आदेश का ट्रंप प्रशासन के छंटनी प्रस्तावों पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। ट्रंप प्रशासन ने दो दर्जन एजेंसियों में छंटनी की योजना तैयार की है। कैलिफोर्निया के उत्तरी जिले के संघीय जिला न्यायालय की न्यायाधीश संघीय न्यायाधीश सुसान इल्स्टन के इस आदेश से प्रशासन को तगड़ा झटका लगा है।**



न्यायाधीश ने ऐसे प्रस्ताव को अवैध बताया। इस आदेश पर राष्ट्रपति ट्रंप के शीर्ष सहयोगी स्टीफन मिलर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अदालतों को बेवजह दखल नहीं देना चाहिए। ट्रंप प्रशासन ने एक एजेंसी के तीन डेमोक्रेटिक सदस्यों को भी बर्खास्त करने का प्रस्ताव तैयार किया है।

न्यायाधीश ने आपातकालीन सुनवाई के कुछ ही घंटों बाद फैसला सुनाया। न्यायाधीश सुसान ने प्रशासन को बड़े पैमाने पर छंटनी के साथ-साथ कार्यालयों और कार्यक्रमों को बंद करने के प्रयासों को रोकने का आदेश दिया। कांग्रेस ने संघीय सरकार को खुद को पुनर्गठित करने के लिए एक विशिष्ट प्रक्रिया स्थापित की। मुकदमे के पीछे यूनियनों और संगठनों ने तर्क दिया है कि राष्ट्रपति के पास विधायी शाखा के बिना उन निर्णयों को लेने का अधिकार नहीं है।

न्यायाधीश इल्स्टन ने 42 पृष्ठ के आदेश में लिखा, नई नीति में प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना और संघीय सरकार पर अपनी छाप छोड़ना राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। लेकिन संघीय एजेंसियों के बड़े पैमाने पर बदलाव करने के लिए किसी भी राष्ट्रपति को अपनी समान शाखा और भागीदार, कांग्रेस की मदद लेनी चाहिए।

# कुछ ऐसे जीव हैं जिनके पास नहीं होता है दिमाग

लंदन,10 मई (एजेंसियां)।

पृथ्वी पर कुछ ऐसे जीव हैं जिनके पास दिमाग नहीं होता, फिर भी वे अपनी सभी जरूरतों को आसानी से पूरा कर लेते हैं।इन जीवों में दिमाग की तरह कोई केंद्रीय तंत्रिका केंद्र नहीं होता, लेकिन वे किसी तरह अपने जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में सक्षम होते हैं। कुछ जीव तो ऐसे भी होते हैं जो कुछ नया सीखने की क्षमता भी रखते हैं, जो उनके अद्वितीय तंत्रिका तंत्र को दर्शाता है। एक उदाहरण है कैरेबियन बॉक्स जैलीफिश, जो मुख्य रूप से कैरेबियन सागर में पाई जाती है। इन जैलीफिश में दिमाग नहीं होता, लेकिन इनके पास कुछ हज़ार न्यूरॉन्स होते हैं जो आंखों के पास समूह में स्थित होते हैं।

यह जीव किसी वस्तु से टकराने के बाद उसे पहचानने और उससे बचने की प्रक्रिया सीख सकते हैं। इसका तंत्रिका तंत्र इतना विकसित होता है कि यह सामूहिक रूप से कार्य करने की क्षमता रखता है। बीडलिट एनेमोन, एक अन्य समुद्री जीव, जो बिना दिमाग के होता है, भी अपने वातावरण में बदलाव के प्रति प्रतिक्रिया करता है। यह जीव किसी वस्तु के संपर्क में आने के बाद अपने व्यवहार को बदल सकता है, खासकर जब यह आक्रामकता के स्तर को पहचानता है।



### भारतीय उच्चायुक्त ने आतंकवादी रऊफ की तस्वीर दिखाकर पाकिस्तान को लताड़ा

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त ने एक मीडिया हाउस के पत्रकार को तस्वीर दिखाई जिसमें पाकिस्तानी सेना प्रतिबंधित आतंकवादी हाफिज अब्दुल रऊफ के पीछे खड़ी नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों को राजकीय अंतिम संस्कार दे रहा है। इसके पहले भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने आतंकियों के जनाजे में पाक सेना के अधिकारियों के शामिल होने को लेकर पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई थी। उन्होंने इस्लामाबाद की तीखी आलोचना कर कहा कि आतंकवादियों को राजकीय अंतिम संस्कार देना पाकिस्तान में एक प्रथा बन गई है। वायरल वीडियो में आंतकी रऊफ को वर्दीधारी पाकिस्तानी सेना के जवानों की मौजूदगी में नमाज का नेतृत्व करते हुए दिखाया गया है। यह सभा कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े व्यक्तियों के लिए आयोजित की गई थी, जो पंजाब के मुरीदके में आतंकी ढांचे को निशाना बनाकर किए गए भारतीय हमलों में मारे गए थे। रऊफ को 2010 में अमेरिका द्वारा विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) नामित किया गया था। 24 दिसंबर 1999 को कंधार में इंडियन एयरलाइंस के विमान आईसी-814 हाईजैक का मास्टरमाइंड अब्दुल रऊफ अजहर भी ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया है। पाक मीडिया ने इसकी पुष्टि की है। बता दें, काठमांडू से दिल्ली आ रहे विमान को हरकत-उल-मुजाहिदीन के पांच आतंकी हाईजैक करके तालिबान-शासित अफगानिस्तान ले गए थे। इसके जरिए कुख्यात आतंकी मसूद अजहर को रिहा कराया गया था।




# श्रीमंत झा ने एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य, शहीदों को किया समर्पित

**नई दिल्ली ,10 मई (एजेंसियां)।**

**छत्तीसगढ़ के भिलाई निवासी और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने एक बार फिर देश का नाम रोशन कर दिया है।**

दिल्ली में आयोजित एशियन पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 में +85 किलोग्राम कैटेगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्होंने शनिवार को कांस्य पदक अपने नाम किया।

इस खास मौके पर श्रीमंत ने अपनी जीत भारत के शहीद जवानों को समर्पित की, जिससे देशवासियों की भावनाओं को गहराई से छू लिया।

श्रीमंत झा अब तक 55 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। पदक जीतने के बाद उन्होंने कहा, हर एक मैच शहीदों के सम्मान के लिए खेलता हूं। ये मेरे लिए सिर्फ खेल नहीं, एक मिशन है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी नजर अब आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स पर है और वे भारत को और गौरवान्वित करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

श्रीमंत झा की कहानी सिर्फ खेल की नहीं, संघर्ष और संकल्प की मिसाल है। दोनों हाथों में केवल चार उंगलियां होने के बावजूद वे दुनिया के तीसरे नंबर के और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर हैं। उनका यह जज़्बा लाखों युवाओं को प्रेरणा देता है।

श्रीमंत की इस उपलब्धि पर पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया की अध्यक्ष प्रीति झींझानी, छत्तीसगढ़ आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जी.सुरेश बाबे, चेयरमैन बृजमोहन सिंह, सचिव श्रीकांत और कृष्ण साहू ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

श्रीमंत झा का यह मेडल न सिर्फ उनकी मेहनत का नतीजा है, बल्कि हर उस भारतीय का गर्व है, जो सीमाओं पर तैनात सैनिकों का आदर करता है। उनका अगला लक्ष्य अब विश्व चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराना है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### 2031 संस्करण से 48 टीमों के साथ होगा महिला फीफा विश्व कप, फीफा ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली।** महिला फुटबॉल को वैश्विक स्तर पर और बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए फीफा ने शुक्रवार को घोषणा की कि 2031 से महिला विश्व कप में अब 32 के बजाय 48 टीमें हिस्सा लेंगी। फीफा परिषद ने वर्चुअल बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी। 2031 से नया फॉर्मेट, 104 मुकाबले होंगे फीफा के अनुसार, 48 टीमों के इस नए फॉर्मेट में 12 ग्रुप बनाए जाएंगे और कुल मैचों की संख्या बढ़कर 104 हो जाएगी, जो पुरुष विश्व कप 2026 के समान है। टूर्नामेंट की अवधि भी एक सप्ताह तक बढ़ा दी जाएगी। फिलहाल 2027 महिला विश्व कप ब्राजील में आयोजित होगा, जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी। 2023 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में हुए विश्व कप में पहली बार 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। फीफा अध्यक्ष ने कहा- यह महिला फुटबॉल के समग्र विकास का कदम फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेन्टिनो ने कहा, यह सिर्फ 16 अतिरिक्त टीमों को जोड़ने की बात नहीं है, बल्कि महिला फुटबॉल के समग्र विकास की दिशा में अगला कदम है। इससे अधिक फीफा सदस्य देशों को महिला फुटबॉल के ढांचे को विकसित करने का अवसर मिलेगा। अमेरिका बन सकता है 2031 विश्व कप का मेज़बान बताया जा रहा है कि अमेरिका 2031 महिला विश्व कप की मेज़बानी के लिए एकमात्र बोलीदाता है। अगर इसकी पुष्टि होती है तो यह तीसरी बार होगा जब अमेरिका इस टूर्नामेंट की मेज़बानी करेगा। इससे पहले वह 1999 और 2003 में यह कर चुका है।

### मो. अफजल ने तोड़ा पुरुषों के 800 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड, दुबई में रचा इतिहास




**दुबई।** एशियाड सिल्वर मेडलिस्ट मोहम्मद अफजल ने शुक्रवार को दुबई में आयोजित यूएई एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों के 800 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना डाला। अफजल ने 1 मिनट 45.61 सेकंड में रेस पूरी कर 2018 में जिन्सन जॉनसन द्वारा बनाए गए 1:45.65 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। केन्या के निकोलस किप्लागट रहे विजेता, अफजल रहे दूसरे स्थान पर केन्याई धावक ने मारी बाज़ी, अफजल रहे दूसरे 29 वर्षीय अफजल ने यह कारनामा वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर के ब्रॉन्ज लेवल मुकाबले में किया, जो दुबई पुलिस स्टेडियम में आयोजित हुआ था। हालांकि वे रेस में केन्या के निकोलस किप्लागट से पीछे रह गए, जिन्होंने 1:45.38 सेकंड में रेस जीत ली। वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफिकेशन समय नहीं छू सके हालांकि अफजल ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड तो बनाया, लेकिन वह 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन टाइम 1:44.50 सेकंड को पार नहीं कर सके। इससे पहले उन्होंने 2023 हांगझो एशियन गेम्स में 800 मीटर में सिल्वर मेडल जीता था, जहां उनका समय 1:48.43 सेकंड था। 200 मीटर में अनिमेष कुजुर का जलवा दूसरी ओर, राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अनिमेष कुजुर ने 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.45 सेकंड में जीत दर्ज की।

### नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 अनिश्चितकाल के लिए स्थगित




**नई दिल्ली।** 24 मई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में प्रस्तावित नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 को मौजूदा भारत-पाकिस्तान तनाव के मद्देनजर अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा की। खिलाड़ियों और समुदाय की सुरक्षा सर्वोपरि आयोजन समिति ने बताया कि यह निर्णय विचार-विमर्श और सभी पक्षों से बातचीत के बाद लिया गया है। खिलाड़ियों, साझेदारों और व्यापक समुदाय की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है। राष्ट्र सर्वोपरि, खेलों की एकता की शक्ति पर विश्वास नीरज चोपड़ा क्लासिक की आयोजन समिति ने अपने बयान में कहा, हम खेल की एकता की शक्ति में विश्वास रखते हैं, लेकिन इस नाजुक समय में राष्ट्र के साथ खड़े रहना ज्यादा ज़रूरी है। हमारी पूरी श्रद्धा और भावनाएं इस समय हमारे सशस्त्र बलों के साथ हैं, जो देश की रक्षा में अग्रिम पंक्ति में डटे हुए हैं। नई तारीख जल्द होगी घोषित यह प्रतियोगिता वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल मीट का हिस्सा है। आयोजन समिति ने बताया कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

# तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 – भारत ने टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता

**शंघाई, 10 मई (एजेंसियां)।**

भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 की टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता। पदक दौड़ का मुख्य आकर्षण अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और ऋषभ यादव की पुरुष टीम द्वारा जीता गया स्वर्ण था, जिन्होंने एक तनावपूर्ण फाइनल में मैक्सिको को 232-228 से हराया।

भारत ने पहले सेट में लगभग दोषरहित 59 अंकों के साथ 2 अंकों की बढ़त लेते हुए जोरदार शुरुआत की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए। दूसरे सेट में मैक्सिको ने 58 अंकों के साथ वापसी की, जबकि भारत ने 56 अंकों के साथ मैच को आधे चरण में 115-115 से बराबर कर दिया।

तीसरे सेट में, भारत ने 58 अंकों के साथ फिर से बढ़त हासिल की, जबकि मैक्सिको ने 57 अंक बनाए, जिससे भारतीयों को 173-172 की मामूली बढ़त मिली। भारतीय तिकड़ी ने अंतिम समय में अपना धैर्य बनाए रखा और शानदार 59 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मैक्सिको केवल 56 अंक ही बना सका। महिलाओं के कंपाउंड फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की टीम को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह एकतरफा मुकाबला था, लेकिन भारतीय महिलाओं ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दमखम दिखाया और पोडियम पर जगह बनाई।

पदक तालिका में वर्मा और मधुरा की भारतीय मिश्रित टीम ने तीसरे स्थान के प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर कांस्य पदक जीता।

24 वर्षीय मधुरा, जिन्होंने पहले कभी विश्व कप पदक नहीं जीता था, तीन साल बाद वापसी करते हुए प्रतियोगिता में अपनी दूसरी उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। उनकी आखिरी उपस्थिति मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में थी। ये परिणाम विश्व मंच पर कंपाउंड तीरंदाजी में भारत की बढ़ती गहराई और निरंतरता को रेखांकित करते हैं। लॉस एंजिल्स 2028 में मिश्रित टीम श्रेणी में एकमात्र इवेंट की विशेषता वाले कंपाउंड तीरंदाजी के साथ ओलंपिक में पदार्पण करने के लिए तैयार, भारत इस मेगा स्पोर्टिंग शो में तीरंदाजी में अपना पहला पदक जीतने की कोशिश करेगा।



### दिल्ली-पंजाब के खिलाड़ी धर्मशाला से ट्रेन द्वारा सुरक्षित दिल्ली आए, आईपीएल ने जारी किया वीडियो, सभी खुश नजर आए

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी धर्मशाला से सुरक्षित दिल्ली आ गए हैं। बीसीसीआई ने भारतीय रेलवे के साथ मिलकर खिलाड़ियों को धर्मशाला से निकालने के लिए विशेष इंतजाम किए थे। धर्मशाला से सभी को पहले जालंधर तक सड़क मार्ग से लाए। इसके बाद सभी को ट्रेन से दिल्ली लाया गया। आईपीएल की ओर से एक्स पोस्ट वीडियो में खिलाड़ी खुश नजर आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के अनुभवी स्पिनर कुलदीप यादव ने एक वीडियो में कहा कि टीम मेंबर्स बहुत हैं, स्टाफ बहुत हैं, बीसीसीआई के काफी लोग, कैमरामैन से लेकर टेक्निकल लोग हैं इसमें, लेकिन जिस तरह से मैनेज किया गया वह काबिले तारीफ है। मैं बीसीसीआई और इंडियन रेलवे को थैंक्यू बोलना चाहता हूं। इससे पहले, पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीमों को कड़ी सुरक्षा के बीच धर्मशाला से होशियारपुर के रास्ते जालंधर रेलवे स्टेशन तक लाया गया। कांगड़ा की एसपी ने बताया कि दोनों टीमों के खिलाड़ी एक विशेष ट्रेन से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। पाकिस्तान ने ड्रोन हमले के जरिए चंडीगढ़ के पास हवाई क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसके बाद भारत को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।

# रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना हैरानी की बात नहीं



**नई दिल्ली , 10 मई (एजेंसियां)।**

**इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बोले-रोहित का फॉर्म गिर रहा था और भारत हार रहा था**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथर्टन ने कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट से संन्यास लेना हैरानी की बात नहीं है, क्योंकि हिटमैन की फॉर्म और कप्तानी अंत में काम नहीं आई। रोहित ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया चयन से ठीक पहले इंस्टाग्राम पर टेस्ट से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। ऐसी रिपोर्ट्स थीं कि बीसीसीआई रोहित से आगे निकलने की सोच रहा था। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एथर्टन ने कहा कि आखिरकार यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि रोहित का फॉर्म गिर रहा था और उनकी कप्तानी में भारत हार रहा था।

एथर्टन ने कहा कि क्या यह संन्यास पूरी तरह से उनका अपना फैसला था या उन्हें लग रहा था कि उन्हें बाहर किया जा रहा है क्योंकि रोहित की घोषणा से एक दिन पहले एक रिपोर्ट में कहा था कि चयनकर्ताओं ने आगे बढ़ने का फैसला किया है।

तो यह अटकलें हैं, हमें नहीं पता, लेकिन अंततः यह फैसला आश्चर्यजनक नहीं था क्योंकि यह किसी भी कप्तान के लिए एक खराब संयोजन है और जैसा कि मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि अगर आप मैच हार रहे हैं, और आपको कोई रन नहीं मिल रहा है, और भारत ने रोहित की कप्तानी में पिछले 6 मैचों में से 5 मैचों में हार का सामना किया है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में दो, और उनका फॉर्म वास्तव में खराब रहा था और निश्चित रूप से, यह किसी भी कप्तान के लिए एक खराब संयोजन है। उन्होंने कहा कि वह 38 साल के हैं। वह प्रतिभा की उस गहराई और प्रतिस्पर्धा को देखते हुए, इसका मतलब है कि जब फॉर्म या परिणाम आपके खिलाफ जाते हैं तो आप इतने धैर्यवान नहीं होते और इस लिहाज से मुझे नहीं लगता कि यह बहुत ज्यादा आश्चर्य की बात थी, लेकिन जब टेस्ट करियर खत्म होता है तो हमेशा दुख होता है। वह एक महत्वपूर्ण क्रिकेटर रहे हैं। रिकॉर्ड या आंकड़े टेस्ट क्रिकेट के मामले में शीर्ष रैंक का सुझाव नहीं देते हैं।

## एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप




पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के जियांगशान में 2025 एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिलाओं की 45 किग्रा प्रतियोगिता के दौरान प्रतिस्पर्धा करती चीनी ताइपे की होंग ज़ी यू।

# महिला वनडे त्रिकोणीय सीरीज फाइनल में श्रीलंका से हार का बदला लेने उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली , 10 मई (एजेंसियां)।**

रविवार को खेले जाने वाले महिला एकदिवसीय ट्राई सीरीज़ फाइनल में भारतीय टीम का लक्ष्य ट्रिकी श्रीलंका के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए खिताब जीतना होगा। भारत की टूर्नामेंट में अब तक की एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ ही आई थी, लेकिन हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में टीम सबसे प्रभावशाली रही और चार में से तीन मुकाबले जीतकर पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रही। श्रीलंका दो जीत और दो हार के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम सिर्फ एक जीत के साथ तीसरे पायदान पर रही।

यह फाइनल मुकाबला दोनों टीमों के लिए एकदिनी वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिहाज से भी अहम होगा। भारत की सफलता में सबसे बड़ा योगदान शानदार बल्लेबाज़ी का रहा है। जेमिमा रोड्रिग्स ने 201 रन बनाए हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन की शतकीय पारी शामिल है। प्रतीका रावल (164 रन), स्मृति मंधाना (148 रन) और दीप्ति शर्मा (126 रन) ने भी अहम पारियां खेली हैं। खासकर दीप्ति का निचले क्रम में 93 रन की पारी टीम को मजबूती देने वाली रही। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हालांकि अब तक कोई बड़ी पारी नहीं खेली, लेकिन पिछले तीन मुकाबलों में 41*, 30 और 28 रन की पारी ने संकेत दिए हैं कि वो फाइनल में धमाका कर सकती हैं। गेंदबाज़ी की बात करें तो स्नेह राणा 11 विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज़ रही हैं, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट की शानदार पारी शामिल है। श्रीलंका की ओर से सबसे बड़ी उम्मीद हरशिथा समरविक्रमा होंगी, जिन्होंने भारत के खिलाफ लीग मैच में 61 गेंदों में 53 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पिछले साल एशिया कप फाइनल में भी भारत के खिलाफ मैच जिताऊ पारी खेली थी। इस सीरीज़ में समरविक्रमा ने अब तक चार मैचों में दो अर्धशतक समेत 177 रन बनाए हैं। कप्तान चमारी अटापट्टू ने अब तक बल्ले और गेंद से औसत प्रदर्शन किया है - चार मैचों में 88 रन और 5 विकेट। गेंदबाज़ी में देउमी विहांगा 9 विकेट लेकर श्रीलंका के लिए प्रभावी रही हैं, लेकिन भारतीय बल्लेबाज़ों ने उन्हें पहले मैचों में अच्छी तरह संभाला है।



# नोवाक जोकोविच जेनेवा ओपन में खेलेंगे, रोलां गैरां से पहले पहली क्ले खिताबी जीत का है लक्ष्य

**नई दिल्ली , 10 मई (एजेंसियां)।**

नोवाक जोकोविच इस सीजन पहली क्ले कोर्ट जीत की तलाश में जेनेवा ओपन में उतरेंगे। टूर्नामेंट आयोजकों ने शुक्रवार को पुष्टि की कि सर्बियाई स्टार 17 से 24 मई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह फ्रेंच ओपन से पहले खिलाड़ियों के लिए अंतिम वार्मअप टूर्नामेंट है।

### क्ले कोर्ट पर अब तक जीत नहीं

छठे वरीयता प्राप्त जोकोविच इस साल यूरोपीय क्ले कोर्ट सीजन में अब तक जीत नहीं दर्ज कर सके हैं। वे मोंटे कार्लो और मैड्रिड ओपन में जल्दी बाहर हो गए थे। उनका रिकॉर्ड अब तक 0-2 का है। इस बार वे अपने करियर का 100वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेंगे।

### जेनेवा की चुनौती और जन्मदिन की उम्मीद

जेनेवा ओपन में जोकोविच को नंबर 4 टेलर फ्रिट्ज़ और गत चैंपियन कैस्पर रूड जैसे खिलाड़ियों की चुनौती मिलेगी। रूड ने पिछले चार में से तीन संस्करणों में खिताब जीते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जोकोविच अपना 38वां जन्मदिन (22 मई) एक बार फिर जेनेवा में मना सकते हैं।



### पिछले साल से मिली सीख

पिछले साल जोकोविच सेमीफाइनल में टॉमस मचाक से हार गए थे और फिर रोलां गैरां में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। हालांकि, उन्होंने कैस्पर रूड के खिलाफ मैच से पहले घुटने की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था और उसी के चलते नंबर 1 रैंकिंग भी गंवा दी थी।

### तो रोहित के बाद क्या अब विराट भी लेंगे टेस्ट क्रिकेट से संन्यास, बीसीसीआई ने फैसले पर विचार करने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद अब उनके साथी विराट कोहली ने भी इस फॉर्मेट को अलविदा कहने का मन बना लिया है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को बताया है कि वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना चाहते हैं। हालांकि अभी टॉप अधिकारियों ने विराट से इस फैसले पर विचार करने का अनुरोध किया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली इंग्लैंड दौरे से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। विराट अब आगे क्रिकेट के लंबे फॉर्मेट में खेलते नजर नहीं आएंगे। जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपना मन बना लिया है और बोर्ड को सूचित कर दिया है बीसीसीआई ने उनसे इस पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है क्योंकि टीम इंडिया को इंग्लैंड दौरा होना है। उन्होंने अभी तक इस अनुरोध पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। कोहली का यह फैसला रोहित शर्मा के कुछ दिन पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आया है। भारत के चयनकर्ता कुछ दिनों में इंग्लैंड में अगले महीने होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम का चुनाव करने मिलने वाले हैं। यह जानकारी भी मिली है कि विराट कोहली इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद से अपने टेस्ट भविष्य पर विचार कर रहे थे, जब उन्होंने पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद खराब प्रदर्शन किया था। अगर विराट कोहली अपना मन नहीं बदलते हैं और रोहित भी टीम में शामिल नहीं होते हैं, तो भारत के पास केएल राहुल, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के साथ एक अनुभवहीन मिडिल आर्डर होगा और बाद में ऋषभ पंत होंगे।



# भारत–पाक साइबर तनाव: वित्त मंत्री ने दी सुरक्षा को प्राथमिकता

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।

**भारत-पाक के बीच तनाव बढ़ाने के बदलते माहौल में भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय क्षेत्र की सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए।**

**बैठक में वित्त मंत्री ने साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर सख्त निर्देश दिए**

हाल ही में उन्होंने बैंकों, बीमा कंपनियों और रेगुलेटर्स के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। इस बैठक में वित्त मंत्री ने साइबर सुरक्षा के मुद्दे पर सख्त निर्देश दिए और बैंकों से अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा मजबूत करने का आदेश दिया।

उन्होंने डेटा सेंटरों का नियमित ऑडिट कराने की भी पुष्टि की। इसके अलावा वित्त मंत्री ने बैंकों को दो अधिकारियों की नियुक्ति करने का निर्देश दिया, एक अधिकारी साइबर सुरक्षा के मामलों की निगरानी और रिपोर्टिंग करेगा, जबकि दूसरा बैंक के सुचारू संचालन और एटीएम ऑपरेशन की सुनिश्चिति करेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि वित्तीय सेवाएं निर्बाध रूप से उपलब्ध रखना महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों में। उन्होंने सभी संबंधित संस्थानों को सतर्क रहने की आवश्यकता बताई और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निर्देश दिए इसके साथ ही, भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने भी दिशा निर्देश जारी किए हैं जिसमें साइबर हमलों के खतरे को हावी होने से रोकने के लिए उचित सावधानियों की बताई गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसबीआई बेचेगा यस बैंक में अपना 13 फीसदी से ज्यादा हिस्सा, एसबीआई को 8889 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे




**नई दिल्ली।** सरकारी बैंक एसबीआई ने यस बैंक में अपनी हिस्सेदारी में 13.19 प्रतिशत का हिस्सा बेचने का निर्णय लिया है। एसबीआई की टॉप कमेटी ने इस मामले में 413 करोड़ से अधिक इक्विटी शेयरों की बेचने की मंजूरी दी है, जिससे एसबीआई को 8889 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इस ट्रांजैक्शन के तहत सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन ने यस बैंक के साथ काम करने का निशाना साधा है और अन्य बैंकों की हिस्सेदारी में से 6.81 प्रतिशत का हिस्सा खरीदा है। इस निर्णय के पीछे सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन का यस बैंक में तकनीकी उन्नति और संचालन में योगदान करने का इरादा है। यह भारतीय बैंक क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जो बाजार में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। एसबीआई की हिस्सेदारी यस बैंक में स्थिरता और विश्वसनीयता को बढ़ावा देने में मदद कर सकती है, जिससे बाजार में भरोसा और स्थिरता बने रह सकती है। बाजार में इस नए स्थिति को देखकर यस बैंक के शेयरों की मांग में तेजी देखने को मिली है। यस बैंक के हिस्सा बीएसई में 17.76 रुपये के लेवल से खुले हुए थे, जिसके बाद उन्होंने 11.74 प्रतिशत की तेजी के साथ 20.36 रुपये के लेवल पर पहुंच गए। और बंद होने के समय पर उनके हिस्से 9.77 प्रतिशत की तेजी के बाद 20 रुपये के लेवल पर रहे। यह निर्णय यस बैंक के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बन सकता है और उसे बाजार में एक मजबूत स्थिति में ले जा सकता है।

### वित्त वर्ष 2024-25 में सरकारी बैंकों का रिकॉर्ड मुनाफा




**नई दिल्ली।** सभी 12 सरकारी बैंकों ने वित्त वर्ष 2024–25 में एक नया इतिहास रचा है, जहां उन्होंने गणन रिकॉर्ड 1.79 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 27 फीसदी अधिक है। इस उच्च लाभ कारण से बैंकों का शुद्ध मुनाफा बढ़ता जा रहा है, जिससे कारोबार में वृद्धि और बेहतर मार्जिन दर्शनीय है। यह मुद्दा मुख्य रूप से सरकारी बैंकों के एनपीए (अति कर्ज) को कम करने में मदद कर रहा है। सबसे अधिक मुनाफा कमाने वाली बैंक में से एक एसबीआई है, जिन्होंने अकेले 70,901 करोड़ रुपये का हिस्सेदारी लिया है। बैंक ऑफ बड़ौदा 19,581 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सरकार ने बैंकों को उबारने के लिए चार आर की रणनीति शुरू की है, जिसमें फिर से पूंजी डालने, पहचान करने, रिजॉल्यूशन और सुधार शामिल है। यह नई पहल सार्वजनिक बैंकों के लाभ में है और इससे एनपीए कम होने में मदद मिलेगी।

### पैनासोनिक करेगा 10,000 कर्मचारियों की छंटनी




**मुंबई।** जापानी इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी पैनासोनिक ने भारत–पाकिस्तान तनाव के बीच 10,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा की है। यह फैसला कंपनी की प्रॉफिटेबिलिटी सुधारने और परिचालन लागत को कम करने के लक्ष्य के साथ किया गया है। पैनासोनिक ने बताया कि छंटनी प्रक्रिया का हिस्सा उसके मैनेजमेंट रिफॉर्म प्रोग्राम का भी है, जिसमें सभी ग्रुप कंपनियों का रिव्यू किया जाएगा। पैनासोनिक कंपनी टेस्ला के लिए बैटरियों की महत्वपूर्ण आपूर्ति करने वाली है और इसकी यह छंटनी पर्यावरण में समर्पिती बनी रहेगी। वह हर देश के श्रम कानूनों का पूरी तरह पालन करेगी। पैनासोनिक एनर्जी, ऑटो और हाउसिंग सेक्टर्स में भी सक्रिय है और इस स्थिति में यह संकेतित होता है कि कंपनी अधिक कुशलता से काम करने का प्रयास कर रही है।

# देश में खाने–पीने की चीजों का पर्याप्त स्टॉक घबराने की जरूरत नहीं : प्रल्हाद जोशी



**नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।** वर्तमान हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने खाने–पीने की चीजों को लेकर होड़ न मचाने की सलाह नागरिकों को दी है। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश में जरूरी वस्तुओं की कोई कमी नहीं है।नागरिकों से अपील है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्य सामग्री खरीदने के लिए बाजार में दौड़ लगाएं।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भरोसा दिलाया है कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

चावल का मौजूदा स्टॉक 135 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 356.42 लाख मीट्रिक टन है।

इसी तरह, गेहूं का स्टॉक 276 लाख मीट्रिक टन के बफर मानक के मुकाबले 383.32 लाख मीट्रिक टन है, जो जरूरत से कहीं ज्यादा है, जिससे देश भर में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा, मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारे पास वर्तमान में सामान्य आवश्यकता से कई गुना अधिक स्टॉक है, चाहे वह चावल हो, गेहूं हो या चना, अरहर, मसूर या मूंग जैसी दालें हों। इसकी कोई कमी नहीं है और नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे घबराएं नहीं और न ही खाद्यान्न खरीदने के लिए बाजारों में भागदौड़ करें।इसके अलावा, भारत के पास वर्तमान में लगभग 17 लाख मीट्रिक टन खाद्य तेल का स्टॉक है।घरेलू स्तर पर, सरसों के तेल की उपलब्धता चालू पीक उत्पादन सीजन के दौरान पर्याप्त है, जो खाद्य तेल की सप्लाई को और बढ़ा रहा है।चालू शुगर सीजन की शुरुआत 79 लाख मीट्रिक टन के कैरी–ओवर स्टॉक के साथ हुई।इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख मीट्रिक टन के डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए, उत्पादन 262 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है।अब तक, लगभग 257 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन हो चुका है।280 लाख मीट्रिक टन की घरेलू खपत और 10 लाख मीट्रिक टन के निर्यात को ध्यान में रखते हुए, समापन स्टॉक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन होने की उम्मीद है, जो दो महीने की खपत से अधिक है।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अनुकूल जलवायु परिस्थितियों को देखते हुए 2025–26 शुगर सीजन के लिए उत्पादन का पूर्वानुमान भी आशाजनक है।उन्होंने आगाह किया कि भ्रामक रिपोर्टों का शिकार न बनें और जमाखोरी या भंडारण में लिप्त किसी भी व्यक्ति पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जाएगा।

### अमेरिका-ब्रिटेन एफटीए में भारत के उद्योगियों के लिए व्यापक संभावनाएं, समझौते से अमेरिका-ब्रिटेन के बीच संबंध हो सकते हैं मजबूत



**नई दिल्ली।** अमेरिका और ब्रिटेन के बीच हाल ही में हुआ व्यापक व्यापार समझौता भारतीय उद्योगियों के लिए एक नया द्वार खोल सकता है। विदेश मंत्रालय में सचिव के अनुसार इस मामले में ब्रिटेन के बाजार का आकार छोटा होने के बावजूद भारत के वाहन निर्माताओं और अन्य उद्योगों के लिए व्यापक संभावनाएं हैं। इस समझौते से अमेरिका–ब्रिटेन के बीच संबंध मजबूत हो सकते हैं और भारतीय उद्योग इसे अमेरिकी बाजार में एक नया अवसर मान सकते हैं। आधिकारिक भाषण में उन्होंने कहा कि भारतीय सरकार को पड़ोसी देशों के साथ व्यापार को बढ़ावा देने की आवश्यकता है और उन्होंने सुझाव दिया कि भारतीय उद्योग केंद्रों को विस्तारित करने के लिए सीमाओं को पार करना चाहिए। उन्होंने व्यापार समझौते में शुल्क समायोजन और नियमों को सुगम बनाने की मांग की और कहा कि इस समझौते का विवेचन और निर्णय विचारशीलता से किया जाना चाहिए। इस समझौते के माध्यम से भारतीय उद्योगियों के लिए भी एक सुनहरा अवसर है, जो उन्हें ग्लोबल बाजार में अधिक पहचान और मौके प्रदान कर सकता है। इसके साथ ही, यह समझौता एफटीए के रूप में भारत को अमेरिकन बाजार में प्रवेश के लिए एक नया मार्ग भी प्रदान कर सकता है।

# बैंकिंग सेवाओं में कोई रुकावट नहीं होनी चाहिए: वित्त मंत्री




नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।

**वित्त मंत्री ने बैठक में बैंकिंग क्षेत्र की ऑपरेशनल और साइबर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की**

सीमा क्षेत्रों में उभरती सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों तथा बीमा कंपनियों के प्रबंध निदेशकों और सीईओ के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में बैंकिंग क्षेत्र की ऑपरेशनल और साइबर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की, जिसमें इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों की स्थिति पर भी चर्चा हुई। बैठक में वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक, बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण, सर्ट–इन और राष्ट्रीय भुगतान निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में वित्त मंत्री ने निर्देश दिए कि बैंकों को किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क और तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशभर में, खासकर सीमा क्षेत्रों में, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैंकों को निर्देश दिए कि बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, विशेषकर उन शाखाओं में जो सीमावर्ती इलाकों में स्थित हैं। इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों से समन्वय बनाए रखने को कहा गया है। बैठक में बैंक अधिकारियों ने बताया कि पूरे बैंकिंग नेटवर्क में साइबर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया गया है।

### स्विगी ने जारी किए नए आर्थिक नतीजे, 1081 करोड़ का घाटा हुआ

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी केंद्रित कंपनी स्विगी ने हाल ही में नए आर्थिक नतीजे जारी किए हैं जिसमें 1081 करोड़ रुपये का घाटा दर्ज किया गया है। यह घाटा पिछले वर्ष के समय सीमा के मुकाबले लगभग दोगुना है। हालांकि, कंपनी का राजस्व और एबिटा में वृद्धि दर्ज की गई है कंपनी का राजस्व और एबिटा में वृद्धि दर्ज की गई जिससे बाजार में यहाँ तक कही जा रहा है कि कंपनी की प्रगति की संकेत मिल रहे हैं। स्विगी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने क्विक–कॉमर्स के तेजी से विस्तार और प्रतिस्पर्धा में उन्नति के संकेत दिए हैं।

## 10 फीसदी तक घट सकती है घरों की बिक्री : एनारॉक



रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष बढ़ने पर उत्तर भारत में आवास की बिक्री कुछ समय के लिए प्रभावित हो सकती है और इसमें पांच–10 प्रतिशत की गिरावट आने की संभावना बनती दिखाई दे रही है। एक सलाहकार फर्म ने कहा कि कार्यालय और खुदरा स्थानों की मांग पर भी अल्पावधि के लिए कुछ प्रभाव पड़ सकता है, लेकिन ये गिरावट बहुत बड़ी नहीं होगी। एनारॉक समूह के एक अधिकारी ने कहा कि यदि मौजूदा संघर्ष बढ़ता है, तो हमें उसके कुछ परिणामों के लिए तैयार रहना चाहिए।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच वार्ता समाप्त, एफटीए पर सहमति

**एफटीए दोनों देशों के लिए व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए नए अवसर खोल सकता है**

नई दिल्ली, 10 मई (एजेंसियां)।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर चल रही पांच दिवसीय वार्ता समाप्त हो गई। इस वार्ता का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को नई गति देना है। दोनों देशों ने लगभग दस वर्षों के अंतराल के बाद 16 मार्च 2025 को एफटीए वार्ता फिर से शुरू करने की घोषणा की थी। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पहले दौर की वार्ता 5 मई को शुरू हुई थी। इससे पहले भारत और न्यूजीलैंड ने अप्रैल 2010 में व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते पर बातचीत शुरू की थी, लेकिन फरवरी 2015 में दस दौर की चर्चा के बाद वार्ता स्थगित हो गई थी। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एफटीए दोनों देशों के लिए व्यापार और उपभोक्ताओं के लिए नए अवसर खोल सकता है। वित्त वर्ष 2023–24 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 873.4 मिलियन डॉलर रहा, जिसमें भारत का निर्यात 538.3 मिलियन डॉलर और आयात 335 मिलियन डॉलर का था। भारत न्यूजीलैंड को कपड़े, दवाएं, कृषि उपकरण, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स, बासमती चावल आदि निर्यात करता है। वहीं न्यूजीलैंड से भारत मुख्य रूप से सेब, कीवी, मटन, कोयला, लकड़ी, दूध उत्पाद और खनिज पदार्थ आयात करता है। सेवाओं के क्षेत्र में भी दोनों देशों का व्यापार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 24 में भारत ने न्यूजीलैंड को 214.1 मिलियन डॉलर की सेवाएं निर्यात कीं, जबकि न्यूजीलैंड से सेवाओं का आयात 456.5 मिलियन डॉलर का रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### सिंधु जल...

इस समझौते का उद्देश्य सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के उपयोग को लेकर दोनों देशों के बीच विवादों को रोकना था। इस संधि के तहत, हिमालय के सिंधु नदी बेसिन की छह नदियों को दो भागों में बांटा गया है। पूर्वी नदियों ब्यास, रावी और सतलुज का पानी भारत को मिलता है जबकि पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चेनाब का नियंत्रण पाकिस्तान के पास आया। समझौते के तहत भारत को लगभग 30 प्रतिशत और पाकिस्तान को 70 प्रतिशन पानी का हक मिला। इस समझौते में स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि झेलम, चेनाब और सिंधु नदियों का पानी भारत को पाकिस्तान में जाने देना होगा। सिंधु जल संधि को रोकने के भारत के कदम से पाकिस्तान परेशान हो गया था। क्योंकि पाकिस्तान पहले से ही सूखे का संकट झेल रहा है। भारत की ओर पानी बंद कर देने से संकट और बढ़ गया। यह स्थगन तब तक जारी रहेगा जबतक पाकिस्तान पूरी तरह से आतंकवाद का पालन पोषण बंद नहीं कर देता।

### पाकिस्तान की...

संघर्ष विराम के एलान के बाद भारत ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठ का पर्दाफाश किया है।भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद भारतीय सेना ने प्रेस ब्रिफिंग के जरिए पड़ोसी देश की पोल खोल दी है। शनिवार शाम एयर कोमोडोर रघु आर नायर, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान की ओर से फैलाए जा रहे झूठों का विस्तार से खुलासा किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने पाकिस्तान के झूठे आरोपों का पर्दाफाश करते हुए बताया, अब मैं आपको पाकिस्तान की गलत जानकारी देने वाले कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पाकिस्तान ने अपने जेएफ–17 से हमारे एस–400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाने की जो बात कही, वह बिल्कुल गलत है। पाकिस्तान ने भारतीय एयरफील्ड सिरसा, जम्मू, पठानकोट, बठिंडा, नलिया और भुज एयरबेस पर हमला करने की जो खबरें फैलाई, वह भी पूरी तरह गलत है। कर्नल सोफिया ने चंडीगढ़ और ब्यास स्थित भारतीय सेना के हथियार भंडार पर हमला करने की पाकिस्तानी खबर भी गलत है। ये सभी एयर फील्ड और हथियार भंडार सही सलामत हैं और उन ठिकानों पर खरोच तक नहीं आई है।पाकिस्तान की ओर से मस्जिदों पर हमले को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का खुलासा करते हुए कर्नल सोफिया ने कहा, पाकिस्तान ने झूठे आरोप लगाए कि भारतीय सेना ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि भारतीय सेना की तरफ से इस तरह का कोई हमला नहीं किया गया है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और हमारी सेना भारत के संवैधानिक मूल्यों का एक बहुत ही सुंदर झलक है।

### बीएसएफ ने...

वे जानबूझकर पुंछ को निशाना बना रहे हैं। गुरुद्वारा, मंदिर और मस्जिद–उन्होंने कुछ भी नहीं छोड़ा है। यह सब पाकिस्तान की नापाक साजिश है कि वह नागरिकों को निशाना बना रहा है। लोग डरे हुए हैं, लेकिन उनमें यह जज्बा है कि वे यहां रहना जारी रखेंगे और भारतीय सेना के साथ खड़े रहेंगे। हालांकि उड़ी के गांवों में रहने वाले लोगों ने पत्रकारों से बात करते हुए आतंक की रात का वर्णन किया। एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि गोलाबारी सुबह 5 बजे तक नहीं रुकी। हम अपनी जान के लिए प्रार्थना करते रहे।

### देर शाम तक...

भारत पाकिस्तान के बीच तनाव को कम करने के लिए अमेरिका ने पहल करने का दावा किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत–पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम के लिए सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में लिखा कि अमेरिका की ओर से की गई लंबी मध्यस्थता के बाद मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्ध विराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों को बधाई देता हूं कि उन्होंने आपसी समझ का प्रयोग किया। दोनों देशों को इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध विराम पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि दोनों देशों ने समझदारी भरा निर्णय लिया है। डोनाल्ड ट्रंप कहा, रात में अमेरिका की मध्यस्थता में हुई लंबी बातचीत के बाद मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। मैं दोनों देशों के समझदारी से भरे फैसले के लिए बधाई देता हूं।

दूसरी तरफ, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्क रुबियो ने कहा, पिछले 48 घंटों में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और असीम मलिक सहित वरिष्ठ भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत की। मुझे खुशी है कि भारत और पाकिस्तान की सरकारें तत्काल संघर्ष विराम और तटस्थ स्थल पर व्यापक मुद्दों पर बातचीत शुरू करने पर सहमत हो गई हैं।

हम शांति का मार्ग चुनने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और शरीफ की सराहना करते हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा, पाकिस्तान और भारत ने तत्काल प्रभाव से युद्ध विराम पर सहमति जताई है।



# नरसिंह चतुर्दशी आज

हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को नरसिंह जयंती का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप में अवतार लिया था। इस अवतार में भगवान का स्वरूप आधे शेर का और आधे मनुष्य का था। भगवान विष्णु ने ये अवतार अपने भक्त प्रह्लाद को बचाने और हिरण्यकश्यिपु का वध करने के लिए लिया था। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि यह दिन भगवान विष्णु के उग्र स्वरूप भगवान नरसिंह को समर्पित है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की विजय और भक्तों की रक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस साल नरसिंह जयंती रविवार, 11 मई को मनाई जाएगी, जो हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को पड़ती है। नरसिंह जयंती का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और पूजा-पाठ करते हैं। व्रत का पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद किया जाता है। नरसिंह जयंती बेहद शुभ मानी जाती है।

पंचांग गणना के आधार पर वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि 10 मई को शाम 05:29 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन 11 मई को रात 09:19 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल यह पर्व 11 मई को ही मनाया जाएगा।

### पूजा विधि

सुबह उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल को साफ करें और गंगाजल से पवित्र करें। एक वेदी पर लाल या पीला कपड़ा बिछाएं। भगवान नरसिंह की प्रतिमा स्थापित करें। अगर नरसिंह जी की प्रतिमा न हो तो भगवान विष्णु की तस्वीर भी स्थापित कर सकते हैं। पूजा शुरू करने से पहले व्रत और पूजा का संकल्प लें। भगवान नरसिंह की प्रतिमा को पंचामृत से स्नान कराएं। चंदन, कुमकुम, हल्दी और गुलाल आदि चीजें अर्पित करें। उन्हें पीले या लाल रंग के वस्त्र पहनाएं और पीले फूलों की माला चढ़ाएं। भगवान नरसिंह को फल, मिठाई, विशेष रूप से गुड़ और चना अर्पित करें। पूजा में तुलसी दल जरूर शामिल करें। घी का दीपक जलाएं। भगवान नरसिंह के मंत्रों का जाप करें। अंत में भगवान नरसिंह की आरती करें। पूजा के दौरान हुई गलतियों के लिए माफी मांगे। अपनी क्षमतानुसार गरीबों और जरूरतमंदों को दान करें।


नीतिका शर्मा
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

### इन मंत्रों का करें जाप

ॐ उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्यु मृत्युं नमाम्यहम्।।

ॐ नृम नरसिंहाय शत्रुबल विदीर्नाय नमः

ॐ नृम मलोल नरसिंहाय पूरय-पूरय

### पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए नरसिंह अवतार लिया था। उसमें भगवान नरसिंह का आधा शरीर मनुष्य का और आधा शरीर सिंह का था। वे हिरण्यकश्यप के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए दोपहर के समय खंभा फाड़कर प्रकट हुए थे। उन्होंने घर की दहलीज पर हिरण्यकश्यप को अपने जंघे पर लिटाकर दोनों हाथों के नखों से उसका पेट फाड़ दिया था। हिरण्यकश्यप को वरदान था कि उसे मनुष्य या जानवर, दिन या रात में, अस्त्र या शस्त्र से नहीं मारा जा सकता था। इस वजह श्रीहरि ने सबसे अनोखा स्वरूप नरसिंह का धारण किया था।

**महत्व –** ऐसी मान्यता है कि नरसिंह जयंती के दिन भगवान नरसिंह की पूजा करने से भक्तों के अंदर का भय दूर होता है। भगवान नरसिंह की कृपा से जीवन में आने वाले संकटों का नाश होता है। वे अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। उनकी पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और लाइफ में आने वाले कष्टों से छुटकारा मिलता है। इसके अलावा नरसिंह जयंती के दिन व्रत रखने और भगवान नरसिंह की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और साथ ही ग्रह-दोष से भी मुक्ति मिलती है।

# श्री हरि विष्णु के नरसिंह अवतार को खुश करने के लिए करें ये तीन उपाय

धरती की रक्षा के लिए समय-समय पर भगवान विष्णु ने अवतार लिए हैं। प्राचीन काल में भगवान विष्णु ने चौथी बार नरसिंह अवतार लिया था ताकि वो प्रहलाद की रक्षा हिरण्यकश्यप से कर सकें। दरअसल, ब्रह्मा जी से हिरण्यकश्यप को वरदान प्राप्त था कि उसे कोई देवी-देवता, मनुष्य या जानवर नहीं मार सकता। इसी वजह से विष्णु जी ने मनुष्य और शेर दोनों के मिश्रण से नरसिंह अवतार लिया था।

विष्णु जी ने ये अवतार वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को लिया था, जिस दिन हर साल नरसिंह जयंती मनाई जाती है। इस दिन विष्णु जी की पूजा करने के साथ-साथ व्रत रखा जाता है। नरसिंह जयंती पर कुछ विशेष उपाय करने भी लाभदायक रहते हैं।

वैदिक पंचांग की गणना के अनुसार, इस साल चतुर्दशी तिथि का आरंभ 10 मई 2025 को 05 बजकर 29 मिनट से हो गया है, जिसका समापन अगले दिन 11 मई 2025 को रात 08 बजकर 01 मिनट पर होगा। ऐसे में इस साल 11 मई 2025, दिन रविवार को नरसिंह जयंती मनाई जाएगी। 12 मई 2025 को नरसिंह जयंती के व्रत का पारण होगा। 12 मई 2025 को प्रातः काल 05 बजकर 32 मिनट के बाद व्रत का पारण करना शुभ रहेगा।

### नरसिंह जयंती के शुभ मुहूर्त

सूर्योदय- प्रातः काल 5:51

अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11:57 से लेकर दोपहर 12:49 मिनट तक

अमृत काल- रात 08:25 से लेकर देर रात 10:13 मिनट तक

ब्रह्म मुहूर्त- प्रातः काल में 04:15 से लेकर 05:03 मिनट तक

पूजा का समय- दोपहर 04:21 से लेकर शाम 07:03 मिनट तक

### नरसिंह जयंती से जुड़े उपाय

नरसिंह जयंती के दिन हनुमान जी और विष्णु जी की पूजा करें। साथ ही हनुमान चालीसा का 3 या 5 बार पाठ करें। इससे आपके घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी और परिवारवालों के बीच प्रेम बढ़ेगा।

देवताओं को प्रसन्न करने के लिए नरसिंह जयंती के दिन गरीबों को काले कंबल या गुड़ का दान करें। इससे आपको शनि समेत 9 ग्रहों के अशुभ प्रभाव से छुटकारा मिलेगा। साथ ही घर में बरकत होगी।

भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार को दही का भोग लगाना शुभ माना जाता है। इससे



उनका क्रोध शांत होता है। इसलिए नरसिंह जयंती पर पूजा-पाठ करने के बाद उन्हें दही का भोग लगाएं। इससे आपके अधूरे काम पूरे होते चले जाएंगे।

### कैसे करें नरसिंह जयंती की पूजा?

नरसिंह जयंती की पूजा मुख्य रूप से शाम के समय की जाती है। इस दिन घर के उत्तर-पूर्व दिशा को साफ करके वहीं पूजा का स्थान बनाना चाहिए। लकड़ी की चौकी पर लाल, सफेद या पीले कपड़े को बिछाकर उस पर भगवान नरसिंह और माता लक्ष्मी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें। पूजन करते समय पूर्व दिशा की ओर मुख रखें। भगवान को पंचामृत, फल, फूल, सूखे मेवे, केसर, कुमकुम, चावल, नारियल और पीला वस्त्र अर्पित करें। घी का दीपक जलाएं और ॐ नरसिंहाय वरप्रदाय नमः मंत्र का जाप करें।

### व्रत कैसे रखें?

नरसिंह जयंती का व्रत एकादशी की तरह ही नियमों के साथ रखा जाता है। उपवास करने वाले व्यक्ति को अगले दिन सूर्योदय के बाद और चतुर्दशी तिथि समाप्त होने पर व्रत खोलना चाहिए। यदि चतुर्दशी तिथि सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाती है, तो सूर्योदय के बाद कभी भी व्रत खोला जा सकता है, लेकिन पहले पूजा विधि पूर्ण करना आवश्यक होता है।

### क्या है नरसिंह जयंती का महत्व?

मान्यता है कि इस दिन भगवान नरसिंह की पूजा और व्रत रखने से शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिलती है और जीवन में आने वाली नकारात्मक शक्तियों का अंत होता है। यह दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए शुभ माना जाता है जो असाध्य बीमारियों, काले जादू, भय या दुर्भाग्य से परेशान हैं। भगवान नरसिंह की आराधना जीवन में शांति, सुरक्षा और आध्यात्मिक शक्ति लाती है।

नरसिंह जयंती के पावन अवसर पर श्रद्धा और नियमों के साथ पूजा करने से भगवान नरसिंह का आशीर्वाद प्राप्त होता है, जो हर संकट में रक्षा करते हैं और जीवन को सुखमय बनाते हैं।

# सूर्य देव के इन पांच मंत्रों का करें जाप, जीवन से नकारात्मकता होगी दूर और पूरी होगी हर मुराद



हिंदू धर्म में रविवार का दिन सूर्य देव को समर्पित माना जाता है। ऐसे में इस दिन लोग सूर्य देवता की विशेष पूजा अर्चना करते हैं और उन्हें जल भी जरूर अर्पित करते हैं। कहा जाता है श्रद्धापूर्वक हर रविवार को सूर्य देव की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। वहीं, मान्यता है कि इस दिन सूर्य देवता की पूजा करने के साथ-साथ अगर उनके कुछ विशेष मंत्रों का जाप भी कर लिया जाए, तो इससे जीवन की कई समस्याओं से निजात मिल सकती है और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### सूर्य बीज मंत्र का करें जाप

रविवार के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। इसके बाद, किसी शांत वातावरण में एक आसन पर बैठकर सूर्य बीज मंत्र 'ओम ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः' का जाप करें। इस मंत्र का जाप करते समय मन बिल्कुल शांत होना चाहिए और कोई नकारात्मक ख्याल दिमाग में नहीं लाना चाहिए। अब श्रद्धा भाव से पूरे 108 बार सूर्य बीज मंत्र का जाप करें। ऐसा प्रत्येक रविवार के दिन करना बहुत फलदायी माना जाता है। इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव आने शुरू होने लगते हैं और कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत रहता है। अगर आपको किसी जरूरी कार्य में कड़ी मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिल रही है, तो इस मंत्र का जाप जरूर करें। इससे मेहनत का फल अवश्य प्राप्त होगा।

### रविवार को सूर्य गायत्री मंत्र का करें जाप

ऐसी मान्यता है कि रविवार के दिन सूर्य गायत्री मंत्र का जाप करना बहुत फलदायी होता है। इस दिन सुबह सूर्य देव की पूजा अर्चना करने के साथ-साथ सूर्य गायत्री मंत्र 'ॐ भास्कराय विद्महे महादुत्याथिकराया धीमहि तनमो आदित्य प्रचोदयात' का जाप भी करना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति को मानसिक तनाव से राहत मिल सकती है और आत्मज्ञान प्राप्त हो सकता है। अगर आप हर रविवार इस मंत्र का जाप करते हैं, तो जीवन में आने वाली कई समस्याओं से भी निजात मिल सकती है।

### सूर्य देव की कृपा पाने के लिए इस मंत्र का करें जाप

रविवार को सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ वस्त्र धारण करें। इसके बाद, शांत वातावरण में फर्श पर आसन बिछाकर ओम घृणि सूर्याय नमः मंत्र का 108 बार जाप करें। इस मंत्र का जाप हर रविवार के दिन करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य ठीक बनी रहता है और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। माना जाता है कि अगर आप श्रद्धा पूर्वक इस मंत्र का जाप करते हैं, तो इससे सूर्य देव की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन के दुखों से निजात मिल सकती है।

### नकारात्मकता दूर करने के लिए सूर्य देव के इस मंत्र का करें जाप

रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा करने के साथ-साथ उनके मंत्र 'ओम घृणि सूर्य्य:आदित्य:' का जाप करना भी विशेष रूप से फलदायी होता है। इसका हर रविवार के जाप करने के लिए सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें। अब शांत वातावरण में आसन लगाकर 108 बार सूर्य देव के इस मंत्र का जाप करें। माना जाता है कि इस मंत्र का जाप करने से जीवन में सफलता प्राप्त हो सकती है और सूर्य के प्रकार ऊर्जा मिल सकती है। अपने जीवन से नकारात्मकता को दूर करने के लिए प्रत्येक रविवार के दिन ओम घृणिं सूर्य्य:आदित्य:' मंत्र का जाप करना चाहिए। इसका जाप करते समय मन बिल्कुल शांत होना चाहिए। इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और सूर्य देव की कृपा प्राप्त हो सकती है।

### मनोकामना पूर्ति के लिए सूर्य देव के इस मंत्र का करें जाप

सूर्य देव को प्रसन्न करने और उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए रविवार के दिन आप 'ओम ह्रीं ह्रीं सूर्याय सहस्त्रकिरणराय मनोवांछित फलम् देहि देहि स्वाहा' मंत्र का जाप कर सकते हैं। इसके लिए नियमित रूप से हर रविवार के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नानादि करें। अब 108 बार सूर्य देव के इस मंत्र का जाप करें और उन्हें एक लोटा जल भी जरूर अर्पित करें। माना जाता है कि हर रविवार को इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति हर मनोकामना पूरी हो सकती है और जीवन में सकारात्मकता बनी रहती है। इस एक मंत्र के जाप से व्यक्ति के घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# रवि योग में होगी मेष और मिथुन समेत अन्य राशियों की उन्नति

रविवार 11 मई को रवि योग के प्रभाव से मेष और मिथुन समेत अन्य राशियों के लिए उन्नति के योग बने हैं। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा और आर्थिक समृद्धि में वृद्धि होगी। आपकी सभी योजनाएं सरलता से पूर्ण हो जाएंगी और आपको जॉब से जुड़ा कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। शाम का वक्त आप परिवार के साथ आउटिंग में बिताएंगे। मेष से मीन तक रविवार का करियर राशिफल विस्तार से।

### मेष राशि : भाग्य का साथ मिलेगा

मेष राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिलेगा और आपके काम में गति आएगी। चंद्रमा की उपस्थिति व्यापार में साझेदारी और कस्टमर डीलिंग से अच्छा लाभ दिला सकती है। यदि आप फ्रीलांसर हैं तो कोई बड़ा क्लाइंट आपकी सेवाएं ले सकता है। नौकरपेशा जातकों को वरिष्ठों से मान्यता और सम्मान मिल सकता है। आपकी नेटवर्किंग बढ़ेगी और आपको लोगों से मिलने-जुलने के अवसर बढ़ेंगे, जिससे आगे चलकर मुनाफा मिलेगा। निवेश के लिए दिन अनुकूल है, आगे चलकर बड़ा लाभ होगा।

### वृषभ राशि : दिन सफलता से भरा होगा

वृषभ राशि के लोगों के लिए दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए आर्थिक लाभ के योग बने हैं। प्रमोशन या इन्क्रीमेंट की उम्मीदें बन सकती हैं। यदि आपने किसी कानूनी या वित्तीय विवाद में पैसा अटका रखा है, तो वह मामला आपके पक्ष में हल हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिससे आपकी सैलरी ग्रेड में सुधार संभव है। व्यापारियों को किसी धार्मिक स्थल की यात्रा के दौरान नए कारोबारी कनेक्शन बन सकते हैं। शाम को ऑफिस से संबंधित कोई अटकी फाइल आगे बढ़ेगी जिससे बड़ा भुगतान प्राप्त हो सकता है।



### मिथुन राशि : करियर में बड़ी सफलता हासिल होगी

मिथुन राशि के लोगों को करियर में बड़ी सफलता हासिल होगी। रचनात्मक क्षेत्रों जैसे मीडिया, मार्केटिंग, डिज़ाइन, या शिक्षा में कार्यरत जातकों को नाम और धन दोनों की प्राप्ति होगी। कोई फ्रीलांस या एक्स्ट्रा प्रॉजेक्ट आपके हाथ में आ सकता है। जिससे आपकी मासिक आय में इजाफा होगा। कारोबारियों की कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। शेयर बाजार या क्रिप्टो जैसे अस्थायी निवेशों में सोच-समझ कर ही कदम रखें, हालांकि दिन छोटा मुनाफा देने में सक्षम है। सीनियर सहयोगी से प्रेरणा मिलेगी।

### कर्क राशि : आपकी प्रशंसा हो सकती है

कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपको अपने करियर में कुछ अच्छी प्रगति देखने को मिल सकती है। आपके काम को लेकर आपके बॉस या सीनियर्स प्रभावित होंगे और आपकी प्रशंसा हो सकती है, जो आगे चलकर प्रमोशन या वेतनवृद्धि का कारण बनेगा। व्यापार में पुराने कर्ज की रिकवरी होने के संकेत हैं। साझेदारी के काम में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। निवेश के लिए दिन अच्छा है, खासकर लॉन्ग टर्म एसआईपी या इंश्योरेंस सेक्टर में। शाम के समय कोई जरूरी मीटिंग लाभकारी सिद्ध होगी।

### सिंह राशि : धन संबंधी मामलों में नुकसान हो सकता है

सिंह राशि के लोगों के लिए दिन थोड़ा व्यस्त और तनावपूर्ण हो सकता है और आपको धन संबंधी मामलों में नुकसान हो सकता है। उसके बावजूद आप आय के नए स्रोतों की तलाश में सफल रहेंगे। ऑफिस में किसी पुराने टास्क को पूरा करके आप बॉस की नजरों में चढ़ सकते हैं। फाइनेंस सेक्टर, सरकारी सेवा या लॉ से जुड़े जातकों के लिए कोई सरकारी पेमेंट या बोनस मिलने की संभावना है। बिजनस में पुराने निवेश से अब लाभ आने की शुरुआत हो सकती है। कोई यात्रा खर्च बढ़ा सकती है, लेकिन उससे व्यवसायिक संबंध बनेंगे।

### कन्या राशि : आर्थिक लाभ मिलेगा

कन्या राशि के लोगों का दिन अनुकूल है और आपको वाणी और व्यवहार में संयम से ही आर्थिक लाभ मिलेगा। अगर आप कस्टमर सर्विस, बैंकिंग, कंसल्टेंसी, या क्लाइंट डीलिंग में हैं, तो आपका दिन खास फायदे से भरा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई लीड रोल मिल सकता है जिससे आपकी प्रतिष्ठा और आय दोनों में वृद्धि होगी। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में कोई निर्णय लेना हो तो शाम के बाद करें। विदेशी स्रोतों से पैसा आने के संकेत हैं, विशेषकर अगर आप आयात-निर्यात से जुड़े हैं।

### तुला राशि : लाभ की भी स्थिति बन रही है

तुला राशि के लोगों के लिए लाभ और सफलता का दिन है। आपके करियर में स्थिरता के साथ-साथ लाभ की भी स्थिति बन रही है। विवादों का निपटारा होने से रुके हुए कार्य शुरू होंगे। किसी बड़े सरकारी प्रोजेक्ट में भागीदारी हो सकती है। आय वृद्धि के लिए नया व्यवसायिक मॉडल या सब्सिडियरी प्लानिंग करनी पड़ सकती है। जमीन, प्रॉपर्टी, शेयर या फिक्स्ड इनकम जैसे क्षेत्रों में निवेश से बड़ा लाभ हो सकता है। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो उपयुक्त ऑफर मिल सकता है।

### वृश्चिक राशि : आर्थिक योजनाएं सशक्त रूप लेंगी

वृश्चिक राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए दिन आर्थिक समृद्धि देने वाला हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को अप्रत्याशित रूप से बोनस या इन्सेन्टिव मिल सकता है। व्यापारियों के हाथ कोई बड़ी डील लग सकती है। लंबी अवधि का फायदा मिलेगा। अगर आप किसी लोन या वित्तीय सहायता के लिए प्रयास कर रहे हैं तो स्वीकृति मिल सकती है। पारिवारिक व्यवसाय में निवेश के लिए दिन उपयुक्त है। आपकी आर्थिक योजनाएं सशक्त रूप लेंगी।

### धनु राशि : आपकी भूमिका मजबूत होगी

धनु राशि के लोगों के लिए दिन मिलाजुला हो सकता है। आपको करियर में थोड़ा जोखिम उठाने का मन होगा और यदि रणनीति स्पष्ट है तो फायदा निश्चित है। व्यापार में निवेश का अच्छा समय है, खासकर आईटी, ई-कॉमर्स या एजुकेशन सेक्टर में। ऑफिस में किसी महत्व-पूर्ण कार्य को लेकर आपकी सहभागिता बढ़ेगी और आपकी भूमिका मजबूत होगी। यदि आप स्वतंत्र रूप से कार्य करते हैं, तो कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है। दोस्तों या परिचितों से आर्थिक सहायता या व्यापारिक सलाह मिल सकती है जो फायदेमंद होगी।

### मकर राशि : तरक्की के योग बन रहे हैं

मकर राशि के लोगों को लाभ होने की संभावना है और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। भागीदारी और संयुक्त प्रयासों से लाभ होने की संभावना है। कार्यस्थल पर एक से अधिक कार्यों को एक साथ संभालना पड़ेगा, लेकिन आप उसे बखूबी निभाएंगे। परिवार के किसी सदस्य से पैसों या बिजनस में मदद मिल सकती है। अगर आप रियल एस्टेट, कंस्ट्रक्शन, या लॉ से जुड़े हैं तो आय में वृद्धि का योग है। कार्यस्थल में आपके अनुशासन को देखते हुए नया अवसर या जिम्मेदारी मिल सकती है जो आगे चलकर प्रमोशन का रूप लेगी।

### कुंभ राशि : भविष्य में फायदा मिलेगा

कुंभ राशि के लोगों को पैसों के मामले में थोड़ा सोचकर खर्च करने की सलाह है। आपको स्वास्थ्य के साथ-साथ पैसों के मामले में भी सतर्क रहना होगा। कोई पुरानी आर्थिक चूक सामने आ सकती है, जिससे आपकी योजनाओं में थोड़ी रुकावट आ सकती है। लेकिन व्यापार में नये प्रयोग करने से आपको सफलता मिल सकती है। यदि आप टेक या इनोवेशन सेक्टर में हैं तो किसी निवेशक या संस्थान से ऑफर मिल सकता है। ऑफिस में अपनी योग्यता का सही समय पर प्रदर्शन करने से भविष्य में फायदा मिलेगा।

### मीन राशि : धन लाभ के योग हैं

मीन राशि के लोगों को धन लाभ के योग हैं और मनी और करियर के लिहाज से लाभप्रद रहेगा। किसी बड़े सौदे या सरकारी निविदा में आपकी भागीदारी हो सकती है। नौकरी में परिवर्तन या स्थानांतरण के योग बन सकते हैं जिससे आय में वृद्धि होगी। फ्रीलांसर या कंसल्टेंट हैं तो नया क्लाइंट मिलेगा जो अच्छा भुगतान करेगा। पार्टनरशिप बिजनस में निर्णय लेते समय स्पष्टता बनाए रखें। धन आगमन के साथ-साथ निवेश के अच्छे मौके भी मिल सकते हैं।



## कंगना रनौत बनेंगी हॉलीवुड की हॉरर क्वीन

# फिल्म ब्लेस्ड बी द एविल से करेंगी डेब्यू

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री कंगना रनौत के करियर ने नया मोड़ ले लिया है। वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बनाने जा रही हैं। कंगना, हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी। उन्हें हॉलीवुड की हॉरर ड्रामा फिल्म ब्लेस्ड बी द एविल में लीड रोल मिला है। फिल्म की कहानी एक ईसाई कपल की जिंदगी के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी संतान पैदा होने से पहले ही मर जाती है। इस दुख से उबरने के लिए वे एक सुनसान और पुराने फार्म हाउस में जाते हैं, जो पहले से ही काली और रहस्यमयी घटनाओं से जुड़ा हुआ होता है। कपल को धीरे-धीरे बुरी आत्मा और शैतानी ताकत महसूस होने लगती है।

इस फिल्म का निर्माण प्रोडक्शन हाउस लायंस मूवीज के बैनर तले होगा। इसमें कंगना टीन वुल्फ स्टार टायलर पोसी और स्कारलेट स्टैलोन के साथ काम करेंगी।फिल्म की शूटिंग न्यूयॉर्क में शुरू होने जा रही है। फिल्म निर्माताओं ने कहा कि अमेरिका में शूटिंग करने का फैसला इसलिए लिया गया, ताकि वे किसी भी परेशानी या रुकावट से बच सकें, जो हाल ही में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए इंडस्ट्री टैरिफ्स की वजह से हो सकती है।

बता दें कि हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के बाहर बनने वाली सभी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) को अमेरिका के बाहर बनाई गई सभी फिल्मों पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा था। राष्ट्रपति का कहना है कि अमेरिका में फिल्म उद्योग तेजी से खत्म हो रहा है। इसकी वजह यह है कि दूसरे देश फिल्म निर्माताओं और स्टूडियो को आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहन दे रहे हैं।

टेलिंग पॉन्ड के निर्देशक अनुराग रुद्र ने फिल्म की कहानी गाथा तिवारी के साथ मिलकर लिखी है। गाथा तिवारी लायंस मूवीज की अध्यक्ष और संस्थापक हैं।

रुद्र ने कहा, मैं भारत के ग्रामीण इलाके में पैदा हुआ और वहीं मेरा बचपन बीता। मुझे ऐसी कहानियां सुनाई गईं जो मेरे दिलो-दिमाग में बस गईं। यह कहानियां इतनी खास होती थीं कि मैं उन पर विश्वास करने लगा था। मैं चाहता था कि इन कहानियों को दुनिया भर के सामने लाया जाए, और फिल्म सबसे खूबसूरत और ताकतवर जरिया है जो सपनों और हकीकत को जोड़ता है।वहीं गाथा तिवारी ने फिल्म 'ब्लेस्ड बी द एविल' के बारे में अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा, फिल्म की कहानी बहुत ही दुर्लभ होती है। यह कुछ अलग, खास और हटके है। लायंस मूवीज ने एक ऐसी कहानी तैयार की है जो बहुत डरावनी है और इसमें जबरदस्त सस्पेंस और ड्रामा है। यह रहस्य से भरी है, जो दर्शकों को डराने के साथ-साथ रोमांचित भी करेगी। यह फिल्म कई देशों में स्ट्रीमिंग और बिक्री दोनों के मामले में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

# येलो कलर की ड्रेस में पलक तिवारी का अनोखा अंदाज

श्वेता तिवारी की बेटी और अभिनेत्री पलक तिवारी इन दिनों चर्चा में हैं। वह फिल्मों के अलावा अपने फैशनेबल अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया है, जिसमें उनका स्वैग अलग ही नजर आ रहा हैं। फैंस उनकी इस फोटो को बेहद पसंद कर रहे हैं।

इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में पलक येलो कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। उन्होंने फुल स्लीव्स शर्ट और मिनी स्कर्ट पहनी हुई है। शर्ट के साथ उन्होंने टाई भी पहनी हुई है। बालों को ब्लाउंस देते हुए खुला छोड़ा है और पैरों में ब्लैक हील्स नजर आ रही है।

ऑवरऑल उनका लुक बेहद शानदार लग रहा है। उन्होंने इस पोस्ट के साथ कैप्शन में फनी इमोजी भी शेयर किए।

उनकी हाल ही में फिल्म द भूतनी रिलीज हुई। इसमें उन्होंने संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह के साथ काम किया। सिद्धांत सचदेवा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में मौनी ने एक चुड़ैल का किरदार निभाया है।

द भूतनी को सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स ने प्रस्तुत किया है, जिसे सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने प्रोड्यूस किया है। पलक तिवारी की पहली फिल्म किसी का भाई किसी की जान थी। इस एक्शन-कॉमेडी फिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी ने किया था। यह फिल्म 2014 की तमिल फिल्म वीरम की रीमेक है, जिसमें उनके साथ सलमान खान, पूजा हेगड़े, वेंकटेश, शहनाज गिल, जगपति बाबू, जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, मालविका शर्मा और राघव जुयाल समेत अन्य सितारे हैं। इसके अलावा, वह हार्डी संधू के हिट म्यूजिक वीडियो 'बिजली बिजली' में भी नजर आईं।पलक जल्द ही फिल्म रोमियो एस3 में दिखाई देंगी। इसमें उनकी जोड़ी पहली बार ठाकुर अनूप सिंह के साथ नजर आएगी। फिल्म में अनूप पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाएंगे। वह डबल रोल में दिखेंगे। वहीं, एक्ट्रेस उनकी प्रेमिका बनी हैं। इस फिल्म का निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। यह फिल्म 16 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शादियों में नाचने वाले बॉलीवुड एक्टर्स को कहा भांड

नवाजुद्दीन सिद्दीकी जहां इन दिनों ओटीटी पर रिलीज अपनी फिल्म कॉस्ताव को लेकर चर्चा में हैं, वहीं अपने हालिया इंटरव्यूज में वह इंडस्ट्री पर निशाना साधने से भी नहीं चूक रहे हैं। बीते दिनों उन्होंने एक बयान में बॉलीवुड पर चोरी का आरोप लगाया। अब उन्होंने शादियों और प्राइवेट पार्टीज में पैसे लेकर परफॉर्म करने वाले एक्टर्स की तुलना भांड से की है। हालांकि, नवाज ने यह भी कहा है कि वह इसे गलत नहीं मानते, क्योंकि उनके मुताबिक हर कलाकर भांड ही होता है।

अनुराग कश्यप की फिल्म देव डी में नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक गाने इमोशनल अत्याचार में नजर आए थे। इसमें वह कुछ इसी अंदाज में एक कार्यक्रम में स्टेज पर डांस कर रहे थे और गाना गा रहे थे। एक्टर का कहना है कि इस गाने की शूटिंग के दौरान सेट पर उनका अनुभव अच्छा नहीं रहा था। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए नवाजुद्दीन ने स्वीकार किया कि उन्हें अपने साथी बॉलीवुड एक्टर्स के भारी भरकम पैसे लेकर प्राइवेट पार्टीज में नाचने से कोई समस्या नहीं है, बल्कि अगर वो भी ऐसा कर सकते तो जरूर करते।



**हम सभी भांड हैं, इसमें गलत क्या है?**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने यूट्यूब चैनल ऑल अबाउट ईव से बातचीत में कहा कि कलाकार मूल रूप से 'भांड' (लोक मनोरंजन करने वाले) होते हैं, जिन्हें बीते दौर में सभ्य समाज के लिए फिट नहीं माना जाता था। नवाज से पूछा था गया कि या वे शादी में नाचना पसंद करेंगे? इसी पर उन्होंने जवाब दिया, हां, क्यों नहीं? इसमें क्या गलत है? यह हमारे पेशे का हिस्सा है। लोग शिकायत करते हैं कि एक्टर्स शादियों में नाचते हैं, लेकिन समस्या क्या है? आखिरकार, हम सभी भांड हैं।

**पहले सभ्य समाज से दूर रखे जाते थे भांड**

एक्टर ने आगे कहा, 'क्या आप जानते हैं कि पहले भांड को सभ्य समाज में घुलने-मिलने की इजाजत नहीं थी? उन्हें अयोग्य माना जाता था। उन्हें ऐसे लोगों के रूप में देखा जाता था जिनकी कोई विचारधारा नहीं थी, उनका समा पर बुरा प्रभाव था। उन्हें गांवों के बाहर टेंट में रखा जाता था और सिर्फ परफॉर्मेंस के वक्त गांव में एंट्री की इजाजत दी जाती थी। एक बार कार्यक्रम खत्म हुआ, तो उन्हें फिर वापस भेज दिया जाता था।नवाज ने कहा कि वक्त के साथ कलाकारों को लेकर चीजें इसलिए बदल गईं, एक्टर्स अब अमीर और सुसंस्कृत हैं। उन्होंने कहा, जब लोग शादियों में नाचने के लिए उनसे सवाल करते हैं तो वह परेशान हो जाते हैं, लेकिन भांडगीरी जारी रहती है।

कुछ साल पहले कॉफी विद करण में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार ने भी इस पर बात की थी। कहा था कि उन्हें निजी समारोहों में परफॉर्म करने को लेकर शर्मिंदगी महसूस नहीं होती। रणवीर का जिक्र करते हुए अक्षय ने कहा था, यह आदमी शादियों से सबसे आखिर में निकलता है। शादी खत्म हो जाती है, दूल्हा और दुल्हन अपनी सुहागरात के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन रणवीर तब भी नाच रहा होता है। ये सुबह 5 बजे तक नाचता है और जब जाने के लिए तैयार होता है, तब तक दूल्हा-दुल्हन भी बहुत थक चुके होते हैं। इस आदमी के साथ रहना... दीपिका को सलाम है।



# रानी योग के जरिए खुद को रखती हैं फिट

भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अदाकारा रानी चटर्जी हमेशा से ही अपनी एक्टिंग और दमदार अंदाज के लिए जानी जाती हैं, वहीं लोग उनकी फिटनेस के भी दीवाने हैं। एक्ट्रेस का मानना है कि जिंदगी में जितना जरूरी काम है, उतना ही जरूरी अपने शरीर और मन की सेहत को भी बनाए रखना है। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर योग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह योगासन करती नजर आ रही हैं। रानी ने अपने इंस्टाग्राम पर योग का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह अनुलोम-विलोम, बद्धकोणासन, बाल आसन, नाड़ी शोधासन जैसे योगासन करती नजर आ रही हैं। वह सिर्फ शारीरिक रूप से फिट नहीं होना चाहतीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्म-संतुलन भी चाहती हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने एक बेहद खूबसूरत कैप्शन भी दिया। उन्होंने लिखा- योग सिर्फ आत्म प्रेम और शांति के बारे में है।

दरअसल, योग सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, यह एक तरीका है अपने भीतर झांकने का, अपने मन को शांत करने का। रानी अक्सर अपने इंस्टाग्राम पर योग और जिम में एक्सरसाइज करते हुए वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। एक समय था, जब वह काफी मोटी थीं। वजन कम करने के लिए उन्होंने खुद पर ध्यान देना शुरू किया और योग और जिम में जमकर पसीना बहाया। आज उनका बेली फैट पूरी तरह गायब हो चुका है। वहीं उनके चेहरे की रंगत पहले से काफी बदल गई है। अब उनका चेहरा पहले से ज्यादा ग्लो करता है।हाल ही में उन्होंने अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया था। यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल भी हुआ। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने खुद को क्यूट गुंडी का टैग दिया। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में रानी चटर्जी एक्सरसाइज करती नजर आईं। एक्ट्रेस ने इस वीडियो को मजेदार कैप्शन दिया और लिखा, उस लड़की से कभी मत उलझना, जिसने सब कुछ अपने दम पर बनाया है। दिखने में क्यूट हूं, लेकिन मैं बहुत बड़ी गुंडी हूं, इसलिए मुझसे कभी मत उलझना।



# टाइगर श्रॉफ जहान-द लास्ट गिफ्ट में पर्यावरणीय कहानीकार बने

वेव्स समिट 2025 में इसकी आधिकारिक स्क्रीनिंग के बाद, टाइगर श्रॉफ ने इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस विचारोत्तेजक शॉर्ट फिल्म का टीज़र जारी किया। बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार और पर्यावरण के प्रति समर्पित टाइगर श्रॉफ एक बार फिर सुर्खियों में हैं - लेकिन इस बार एक बेहद भावनात्मक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषय को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर द्वारा अभिनीत शॉर्ट फिक्शन फिल्म जहान-द लास्ट गिफ्ट को वेव्स समिट 2025 में प्रदर्शित किया गया, जिसने पर्यावरण चेतना और मानवीय जिम्मेदारी के बारे में बातचीत को बढ़ावा दिया। टाइगर श्रॉफ, जो इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिका में भी शामिल हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा: कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। इस शक्तिशाली संदेश वाली शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे मेरे भाई राहुल शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस समय इसकी ही जरूरत है

राहुल शेट्टी द्वारा निर्देशित 'जहान' जलवायु परिवर्तन और मानवीय उदासीनता की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, जो मार्मिक कहानी और प्रभावशाली दृश्यों के

माध्यम

स दर्शकों को

जोड़ती है। इस फिल्म का

निर्माण आर.डी. एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और

आरएस स्टूडियोज द्वारा किया गया है। यह एक ऐसी

फिल्म है जो दर्शकों से प्रकृति से दोबारा जुड़ने और यह सोचने की अपील करती है कि हम अपने पीछे कैसी विरासत छोड़ रहे हैं। एक ऐसा प्रोजेक्ट जो टाइगर के दिल के बेहद करीब है, 'जहान' टाइगर की प्रकृति प्रेम के प्रति लंबे समय से चली आ रही वकालत और एक युवा आइकन के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है जो अपने मंच का उपयोग सार्थक कारणों के लिए करता है। अपने अनुशासन और समर्पण के लिए जाने जाने वाले टाइगर इस दिल को छू लेने वाली भूमिका में भी वही गहराई

लाते हैं, जो इस बात की पुष्टि

करता है कि असली ताकत उन चीज़ों की

रक्षा करने में है जो वास्तव में मायने रखती हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए, टाइगर श्रॉफ ने कहा, जहान का हिस्सा बनना एक बहुत ही सार्थक अनुभव था। यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो हमारे ग्रह की देखभाल करने की तत्काल आवश्यकता को दर्शाता है, और मैंने हमेशा अपने मंच का उपयोग महत्वपूर्ण विषयों को उठाने के लिए किया है, जो मायने रखते हैं। यह फिल्म एक चेतावनी है जिसकी हम सभी को सख्त ज़रूरत है। यह फिल्म कोरियोग्राफर से निर्देशक बने राहुल शेट्टी के लिए भी एक नई उपलब्धि है, और इसे रेमो डिसूजा, लिज़ेल डिसूजा और आरएस डांस स्टूडियो द्वारा सह-समर्थित किया गया है।जब पूरी दुनिया पर्यावरणीय संकट की कगार पर खड़ी है, ऐसे समय में जहान- द लास्ट गिफ्ट महज एक फिल्म नहीं है - यह एक चेतावनी है।

## आज का राशिफल

**मेष - चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज़ रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफ़ा भी मिले। फूल देकर अपने प्यार का इज़हार करें। आपका कम्युनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगी। यह दिन शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे ख़ास दिनों में से एक रहेगा। दिन के पहले भाग में ख़ुद को थोड़ा अलसाहट भरा महसूस कर सकते हैं, लेकिन अगर आप घर से बाहर निकलने की हिम्मत जुटाएं तो काफ़ी काम किया जा सकता है।

**वृषभ - इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। अपने परिवार को बताकर और अपने कामों से जताकर महसूस कराते रहें कि आप उनकी कितनी परवाह करते हैं। इससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी और इस ख़ुशी को दोगुना करने के लिए उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएं। आप आज प्रेमपूर्ण मनोभाव में होंगे, इसलिए अपने प्रिय के साथ कुछ अच्छा समय बिताने की योजना बनाएँ। पैसा, प्यार, परिवार से दूर होकर आज आप आनंद की तलाश में किसी आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं।

**मिथुन - क,कि,कु,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें। आपके माता-पिता की सेहत पर ज़्यादा ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है। आज का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। मुमकिन है कि आपके माता-पिता आपके जीवनसाथी को कुछ शानदार आशीर्वाद दें।

**कर्क - ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज ख़ास दिन है,आज सिर्फ़ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इज़ाफ़ा कर सके। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी। आपका महबूब आज आपको बड़ी ख़ूबसूरती से कुछ ख़ास करके चौंका सकता है। जो चीजें आपके लिए आवश्यक नहीं हैं उनपर आज अपना अधिकतर समय आप जाया कर सकते हैं। जो बात सच्ची होती है उन्हें कहने में आपके शब्द भी कम जाया होते हैं।

**सिंह - म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैदा होगी। परिवार के सदस्यों की अच्छी सलाह आपके मानसिक तनाव को कम करने में दवा की तरह असरदार साबित होगी। यदि आपको व्यस्त दिनचर्या के बाद भी अपने लिए समय मिल पा रहा है तो आपको इस समय का सदुपयोग करना सीखना चाहिए। ऐसा करके अपने भविष्य को आप सुधार सकते हैं। संभावना है कि आपके और आपके जीवनसाथी के बीच तनाव और बढ़ सकता है। इससे बचाव न करने की स्थिति में इसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

**कन्या - टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीज़ों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। आपको आज ही अपने प्रिय को दिल की बात बताने की ज़रूरत है, क्योंकि कल बहुत देर हो जाएगी। अपने समय की कीमत समझें, उन लोगों के बीच रहना जिनकी बातें आपके समझ में नहीं आती हैं ग़लत है। ऐसा करना भविष्य में आपको परेशानियों के अलावा कुछ नहीं देगा।

**तुला - र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज कोई लेनदार आपके दरवाज़े पर आ सकता है और आपसे पैसे उधार मांग सकता है। उन्हें पैसे लौटाकर आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। आपको सलाह दी जाती है कि उधार लेने से बचें। आपके परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों पर ध्यान देना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज आप अपने प्रिय से अपने जज़्बात का इज़हार करने में मुश्किल महसूस करेंगे। ज़रूरतमंदों की मदद करने की आपकी ख़ासियत आपको सम्मान दिलाएगी। काम को करने से पहले ही उसके बारे में अच्छा बुरा न सोचें, बल्कि कुछ को एकाग्र करने की कोशिश करें इससे सारे काम अच्छी तरह हो पाएंगे।

**वृश्चिक - तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। दीर्घावधि निवेश से बचिए और अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिताएं। किसी ऐसे के साथ परस्पर संवाद की कमी जिसका आपको बहुत ख़याल है, आपको तनाव दे सकती है। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। अपने जीवनसाथी के चलते आप महसूस करेंगे कि स्वर्ग धरती पर ही है। बिना किसी का साथ पाये भी आजके दिन आप भरपूर आनंद उठा पाएंगे।

**धनु - ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयां हल हो जाएंगी। शाम को दोस्तों के साथ घूमें-फिरें, क्योंकि यह आपके लिए इस वक़्त बहुत ज़रूरी है। सावधान रहें, क्योंकि प्यार में पड़ना आज के दिन आपके लिए दूसरी कठिनाइयाँ खड़ी कर सकता है। आज के दिन अधिकांश समय ख़रीदारी और दूसरी गतिविधियों में जाएगा। सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार के साथ मिलकर किसी ज़रूरी फ़ैसले को अन्तिम रूप दिया जा सकता है। ऐसा करने के लिए यही सही वक़्त भी है।

**मकर - भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपको समझना चाहिए कि यह केवल समय की बर्बादी है और इससे कुछ हासिल नहीं होता है। बेहतर रहेगा कि आप अपनी यह आदत बदल दें। रोमांस के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन नहीं है,समय का पहिया बहुत तेज़ी से चलता है इसलिए आज से ही अपने कीमती समय का सही इस्तेमाल करना सीख लें। मुमकिन है कि आपका जीवनसाथी आज आपके लिए पर्याप्त समय न निकाल पाए। आज का दिन किसी भी धार्मिक स्थल के लिए समर्पित करना अपनी मानसिक शांति बनाए रखने का सर्वश्रेष्ठ साधन हो सकता है।

**कुम्भ - गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आपके तनाव और परेशानी की एक बड़ी वजह बचपन की मासूमियत को जानने की चाह है। इसलिए खुलकर जिएं। जिन लोगों ने किसी अनजान शख़्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। घर के माहौल की वजह से आप उदास हो सकते हैं। दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा। आपका जीवनसाथी आपको ख़ुश करने के लिए आज काफ़ी कोशिश करता नज़र आएगा। आपके पिता आज आपके लिए कोई तोहफ़ा ला सकते हैं।

**मीन - दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

एक आध्यात्मिक व्यक्ति आशीर्वाद की वर्षा करेगा और मन की शांति लेकर आएगा। हालांकि धन आपकी मुट्ठियों से आसानी से सरक जाएगा, लेकिन आपके अच्छे सितारे आपको तंगी नहीं आने देंगे। आज आपको दूसरों की ज़रूरतों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। हालांकि बच्चों को ज़्यादा छूट देना आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है। आपका कम्युनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगी। जीवन में सरलता तभी रहती है जब आपका व्यवहार सरल रहता है। आपको भी अपने व्यवहार में सरलता लाने की जरूरत है।

## आज का पंचांग

दिनांक : 11 मई 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : चतुर्दशी रात्रि 08:04 तक
नक्षत्र : स्वाति अहोरात्र
योग : व्यतीपात रात्रि 04:59 तक
करण : गर प्रातः 06:49 तक
चन्द्रराशि : तुला
सूर्योदय : 05:45 , सूर्यास्त 06:39 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:36 ( बेंगलोर )
सूर्योदय : 05:47 , सूर्यास्त 06:30 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:38 , सूर्यास्त 06:29 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : नृसिंह जयंती ,भद्रा रात्रि 08:04 से , कृत्तिका में रवि दोपहर 01:18 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *



पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# दत्तात्रेय का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा है : किशन रेड्डी

**नई दिल्ली/हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने तेलुगु राज्यों में समाज के सभी वर्गों का स्नेह जीता है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक के दौरान, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दत्तात्रेय की आत्मकथा, जनता की कहानी, मेरी आत्मकथा के हिंदी संस्करण का विमोचन किया।शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में हिार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, हरियाणा के मुख्यमंत्री नाय सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, जी किशन रेड्डी, अर्जुन राम मेघवाल सहित अन्य प्रमुख हस्तियों की



उपस्थिति में इसका विमोचन किया गया। किशन रेड्डी ने टिप्पणी की कि दत्तात्रेय ने अपने करियर की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विभिन्न जिम्मेदारियाँ निभाईं।उन्होंने सांसद से लेकर केंद्रीय मंत्री और फिर राज्यपाल बनने तक दत्तात्रेय के सफर पर प्रकाश डाला और इसे वास्तव में प्रेरणादायक बताया। दत्तात्रेय ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य किया और बाद में प्रधानमंत्री मोदी के मंत्रिमंडल में काम किया। किशन रेड्डी ने इस बात पर जोर दिया कि दत्तात्रेय का जीवन युवा राजनीतिक नेताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है, उन्होंने कहा, मेरा अपना राजनीतिक जीवन दत्तात्रेय के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। मैं वर्तमान में सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, जहां से वे चार बार सांसद रहे। उन्होंने मुझे राजनीति सिखाई और इससे मुझे गर्व होता है। केंद्रीय मंत्री ने सेवा भारती के माध्यम से दत्तात्रेय के योगदान को भी याद किया, विशेष रूप से संयुक्त आंध्र प्रदेश में झुग्गी सुधार पहल में, उन्होंने कहा कि उन प्रयासों का स्थायी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने आपातकाल के दौरान कई संघर्षों के बावजूद अपनी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध रहने के लिए दत्तात्रेय की प्रशंसा की। किशन रेड्डी ने पुस्तक के रूप में अपने जीवन के अनुभवों को साझा करने के लिए दत्तात्रेय की सराहना करते हुए कहा, दत्तात्रेय की प्रतिबद्धता, समर्पण और अनुशासन न केवल राजनीतिक नेताओं के लिए बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा है। युवा उनके जीवन से कई मूल्यवान सबक सीख सकते हैं।

## चंडीगढ़ प्रशासन ने युवाओं से आपातकाल में मदद के लिए आगे आने की अपील की

**चंडीगढ़, 10 मई (एजेंसियां)।**

पंजाब और हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसे देख आपका छाती भी गर्व से चौड़ी हो जाएगी। दरअसल चंडीगढ़ प्रशासन ने एक आवाज लगाई थी कि युद्ध हुआ तो आओ हमारा साथ दो। एक आवाज पर चंडीगढ़ के युवा टैगोर थिएटर पहुंच चुके हैं। सभी मदद करना चाहते हैं। भारत माता की जय के नारे लगाते हुए सिर्फ लड़के ही नहीं, लड़कियां भी भारी संख्या में पहुंची। बता दें चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर ने चंडीगढ़ के युवाओं से अपील करते हुए कहा था कि 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा नागरिकों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक के रूप में शामिल होने और आपातकालीन तैयारियों में सहयोग करने के लिए आमंत्रित करता है।आगे बढ़ें, प्रशिक्षित हों और जब सबसे ज्यादा जरूरत हो, तब सेवा करें।

डीसी निशांत यादव ने बताया कि वालंटियर बनने के लिए एक हफ्ते की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस ट्रेनिंग में सिविल डिफेंस के नियम, पुलिस के काम करने का तरीका, राहत और बचाव कार्य सिखाए जाएंगे। लोगों को जागरूक करने के तरीके भी बताए जाएंगे। ट्रेनिंग के बाद, चुने हुए वालंटियर को अलग-अलग सेक्टर, मार्केट और गांवों में तैनात किया जाएगा। वालंटियर की संख्या तय नहीं है और कोई भी युवा इसमें भाग ले सकता है। महिलाओं का भी स्वागत है। अगर आप वालंटियर बनना चाहते हैं, तो 10 मई को सुबह 10:30 बजे टैगोर थिएटर, सेक्टर 18 में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## पाकिस्तान की फतेह मिसाइल को भारत ने मार गिरायार



**सिरसा, 10 मई (एजेंसियां)।**

हरियाणा के सिरसा जिले के रानियां के पास रात करीब साढ़े 12 बजे रोशनी देखी गई और फिर बड़ा धमाका सुना गया। धमाके के बाद रोशनी से रात को दिन जैसा नजारा दिखा। उधर, अब शनिवार सुबह रानिया रोड़ स्थित खाजा खेड़ा गांव के खेतों में पाकिस्तान की मिसाइल के टुकड़े गिरे हैं, जिन्हें आर्मी के जवानों ने इन्हें कब्जे में लिया है। इस धमाके के बाद इलाके में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान ने दिल्ली को निशाना बनाकर एक मिसाइल दागी थी। भारतीय सेना ने उस मिसाइल को सिरसा में ही मार गिराया। यह घटना रात के समय हुई। मिसाइल गिरने से तेज धमाका हुआ और आसपास के इलाके में रोशनी फैल गई। ये पाकिस्तान की फतेह मिसाइल बताई जा रही है।

बता दें कि फतेह-2 एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसकी रेंज 250 से 400 किलोमीटर है। फतेह-2 ईरान द्वारा विकसित की गई है। यह मिसाइल अपनी सटीकता और मारक क्षमता के लिए जानी जाती है। ये गाइडेड आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम युद्ध के मैदान में सटीक हमला करने की क्षमता प्रदान करते हैं। लेकिन भारत ने इस मिसाइल को टीन का डिब्बा बना डाला।

## घर में गिरा पाकिस्तानी ड्रोन, एक ही परिवार के तीन लोग घायल

**चंडीगढ़, 10 मई (एजेंसियां)।**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की तरफ से भारत पर ड्रोन एक बार फिर हमला किया गया है। पंजाब के फिरोजपुर में एक पाकिस्तानी ड्रोन ने रिहायशी में गिरने पर तीन लोग घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को देखते हुए पूर्ण ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। सायरन और विस्फोटों की आवाजें के बीच ड्रोन एक घर गिरा। एक दिन पहले भी पाकिस्तान ने 36 लोकेशन पर 300 ड्रोन दागे थे। शुक्रवार को भारतीय सेना में कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया था कि ये ड्रोन तुर्की के थे। जिन्हें पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ हमले के लिए इस्तेमाल किया।

पाकिस्तानी ड्रोन हमले में घायल हुए एक परिवार के बारे में डॉ. कमल बागी ने बताया, ड्रोन-बम की वजह से 3 लोग घायल हुए हैं। इनमें से एक महिला की हालत गंभीर है, वह बुरी तरह जल गई है। बाकी 2 लोग कम जले हैं। हमने तुरंत उनका इलाज शुरू कर दिया है।

# राजभवन में राज्यपाल बागडे की अध्यक्षता में सर्व धर्म सद्भाव बैठक आयोजित

**जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)।**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि सर्व धर्म सद्भाव भारत की संस्कृति है। उन्होंने कहा की राष्ट्र के लिए यह समय संवेदनशील है। उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि बगैर नागरिक ठिकानों को केन्द्र में रखते हुए वह बहुत संयमित ढंग से कार्यवाही कर रही है। उन्होंने सभी धर्म के अनुयायियों को सद्भाव बनाए रखते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

बागडे ने कहा कि हमारी सेना संयमित और रक्षात्मक कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता की इस घड़ी में परस्पर समन्वय जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का बहुत बड़ा भू भाग सीमा से लगा हुआ है। उन्होंने सीमावर्ती जैसलमेर, फलोदी, बाड़मेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर आदि क्षेत्रों में हो रही कार्यवाही की चर्चा करते हुए कहा कि वहां सभी स्तरों पर सतर्कता और



तालमेल रखा जाए।

बागडे शनिवार को राजभवन में सर्व धर्म सद्भाव बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बहुत संवेदनशील होकर समयबद्ध प्रभावी कदम उठाए गए है। नागरिक सुरक्षा के प्रभावी प्रबंध किए गए हैं। राज्य सरकार ने सभी रेस्क्यू बंदोबस्त किए हैं। उन्होंने सर्व धर्म सद्भाव के साथ विकास की भारतीय नीति को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र प्रथम की सोच से कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार इस समय हर क्षेत्र में सक्रिय होकर कार्य कर रही है। उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों से सावधान रहने, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज प्रसारित होने की घटनाओं को ध्यान में रखकर कार्यवाही करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सद्भाव और मेलजोल में कमी नहीं आए, इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। शर्मा ने कहा कि बोर्डर पर सभी रिक्त पदों को भरने की त्वरित कार्यवाही की गयी है। बिजली, पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ब्लड बैंक, एम्बूलेंस और अन्य साधनों के प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने आम जन से आह्वान भी किया कि वे सीमावर्ती क्षेत्रों में ब्लेक आउट को देखते हुए शादी-विवाह दिन में ही करें। ऐसे अवसरों पर ड्रोन का उपयोग प्रतिबंधित किया हुआ है। इसे ध्यान में रखें।मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में राहत कार्यों के लिए पांच-पांच करोड़ रूपये प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा उनके निकट के जिलों के लिए भी ढाई ढाई करोड़ का प्रावधान किया गया है। आरएसी, होमगार्ड और पुलिस की अतिरिक्त नफरी सीमावर्ती जिलों में भेजी गयी है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि बोर्डर पर रात-रात भर जागकर लोग सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं और उनमें राष्ट्र के प्रति विशेष जज्बा देखने को मिल रहा है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस द्वारा मुस्तैद रहकर कार्य किए जाने की भी सराहना की।इससे पहले विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधियों ने सर्व धर्म सद्भाव की भारतीय संस्कृति की चर्चा करते हुए कहा कि संवेदनशीलता के इस समय में वह अपने स्तर पर सभी तरह से सहयोग देने के लिए तत्पर हैं। बैठक में मोतीडूंगरी गणेश मंदिर के महंत कैलाश शर्मा द्वारा और जैन समाज द्वारा मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में ग्यारह, ग्यारह लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की गई।

## आपदा प्रबंधन के लिए चिकित्सा विभाग अलर्ट

**जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)।**

प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सीमावर्ती जिलों में निरंतर चिकित्सा सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ कर रहा है। किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए विभाग माकूल इंतजाम सुनिश्चित कर रहा है। सीमावर्ती जिलों में चिकित्सक, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को भरने के साथ ही जांच, दवा एवं उपचार के लिए आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटा होने के कारण राजस्थान बेहद संवेदनशील राज्य है। प्रदेश के कई जिले अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़े हुए हैं। इसे देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सीमावर्ती जिलों में चिकित्सा सुविधाओं को आवश्यकतानुसार सुदृढ़ कर रहा है। विभाग ने करीब 336 सीनियर रेजीडेंट एवं 91 स्पेशलिस्ट सीमावर्ती जिलों में तैनात किये हैं। इसी प्रकार 1300 से ज्यादा सीएचओ को सीमावर्ती क्षेत्रों में लगाया है। नर्सिंगकर्मी, फार्मासिस्ट एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ भी आवश्यकतानुसार सीमावर्ती जिलों में नियोजित किया गया है, ताकि वहां स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहे। आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल जांच एवं उपचार की सुविधाएं मिल सकें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने सीमावर्ती जिलों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की दृष्टि से शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर जोधपुर एवं बीकानेर संभाग के जिलों में तैयारियों की समीक्षा की।

## पोषाहार वितरण में होने वाली शिकायतों का पारदर्शिता से हो निस्तारण : दिया कुमारी

**जयपुर, 10 मई (एजेंसियां)।**

उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय स्थित उनके कक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं तथा महिला अधिकारिता निदेशालय) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आई एम शक्ति के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने उड़ान योजना में सेनिटरी नेपकिन की वितरण व्यवस्था के मैकेनिज्म मे पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुहिक विवाह की सूचना 7 दिवस पहले विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। दिया कुमारी ने वर्क फ्रॉम होम योजना पर चर्चा करते हुए चौटबोट विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अमृता हाट को बड़े स्तर पर आयोजित करने एवं इनमें माहिलाओं की सहभागिता बढ़ाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए।

## सीज फायर उल्लंघन के बाद श्रीगंगानगर में फिर से ब्लैकआउट लागू

**श्रीगंगानगर, 10 मई (एजेंसियां)।**

भारत-पाक सीमा पर जारी तनाव और संघर्ष विराम के उल्लंघन की आशंका के मद्देनजर, जिला कलेक्टर (सहायता) एवं आपदा प्रबन्धन अध्यक्ष डॉ. मंजू ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। नागरिक सुरक्षा नियम 1968 के तहत जारी इस आदेश के अनुसार, जिले में आज यानी 10 मई 2025 से आगामी आदेशों तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से सूर्योदय तक पूर्ण ब्लैकआउट रहेगा। यह कदम सीमा पर हालिया गतिविधियों और संभावित सुरक्षा खतरों को देखते हुए उठाया गया है। आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इस अवधि के दौरान सभी नागरिकों को अपने निजी, सार्वजनिक और वाणिज्यिक भवनों के अंदर और बाहर की सभी प्रकार की रोशनी बंद रखनी होगी। किसी भी प्रकार का प्रकाश उत्सर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि आवश्यक हो, तो प्रकाश की व्यवस्था इस प्रकार की जानी चाहिए कि वह घर या भवन से बाहर बिल्कुल भी दिखाई न दे।





आदेश के तहत, बाजार, होटल, मॉल, मैरिज पैलेस और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को शाम 7 बजे तक बंद करने और ब्लैकआउट से पहले अपने कर्मचारियों और ग्राहकों को सुरक्षित घरों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतिष्ठान मालिकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि घर लौटते समय बाहरी बल्ब और सीसीटीवी कैमरों की लाइटें भी बंद हों। सड़क पर मौजूद व्यक्तियों और वाहनों के लिए भी विशेष निर्देश जारी किए गए हैं।

खतरे का सायरन बजते ही, लोगों को तुरंत सड़क के किनारे रुक जाना होगा और वाहनों की सभी लाइटें बंद करनी होंगी। यहां तक कि मोबाइल फोन को भी एरोप्लेन मोड पर रखने का आदेश दिया गया है ताकि कॉल आने पर स्क्रीन की रोशनी भी न हो। हालांकि, आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागों को इस आदेश से छूट दी गई है, लेकिन उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके द्वारा उपयोग की जाने वाली रोशनी बाहर दिखाई न दे।

इन सेवाओं में चिकित्सालय, एम्बुलेंस, पुलिस, होम गार्ड्स, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन विभाग, बिजली, जल आपूर्ति और संचार सेवाओं के आपातकालीन कर्मचारी शामिल हैं, साथ ही वे कर्मी भी शामिल हैं जिनकी ड्यूटी जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई है। जिला कलक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था के खिलाफ नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1968 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह आदेश जनहित और आपातकालीन परिस्थितियों के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच सीएम नीतीश कुमार पहुंचे सीमांचल

### बैठक में सेना के भी अधिकारी

पूर्णिया (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पूर्णिया पहुंचे। पूर्णिया के समाहरणालय सभागार में सुरक्षा की दृष्टिकोण से उच्चस्तरीय बैठक की गई। सीएम नीतीश कुमार की इस उच्चस्तरीय बैठक में सेना के अधिकारी, बिहार के सभी सीमावर्ती जिलों के पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी और रेलवे के अफसर शामिल हुए। इस बैठक में सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। भारत-पाक तनाव के चलते पहले से ही पूरे बिहार में हाई अलर्ट है और बॉर्डर वाले इलाकों में खास सतर्कता बरती जा रही है।



जानकारी के अनुसार, सीएम नीतीश की बैठक में प्रमुख रूप से 7 विषयों पर चर्चा हुई। सीमावर्ती जिलों में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। सीमा पर चौकसी, गश्ती और आवागमन पर निगरानी के साथ मादक पदार्थों, अवैध आग्नेयास्त्रों और मानव तस्करी की रोकथाम को लेकर भी चर्चा की गई। जिला स्तरीय नागरिक सुरक्षा व्यवस्था के साथ आपदा प्रबंधन के दृष्टिकोण से अग्निशमन और चिकित्सा व्यवस्था को अलर्ट रहने के लिए कहा गया। भारतीय सेना और केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों के साथ समन्वय बनाकर काम करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीमा सुरक्षा बल सिलीगुड़ी और एसएसबी पटना के आईजी भी शामिल थे। दोनों अधिकारियों के साथ नेपाल और बंगाल सीमा से सटे राज्य के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामों को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बैठक में सीमा सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल के पुलिस महानिरीक्षक, चुनापुर एयरबेस के स्टेशन कमांडर, कटिहार रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के अलावा पूर्णिया और कोसी प्रमंडल के आयुक्त, पूर्णिया और सहरसा के पुलिस उपमहानिरीक्षक के अलावा पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और सुपौल के डीएम और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हेलीकॉप्टर से पूर्णिया कॉलेज के मैदान में उतरे। जहां से सड़क मार्ग से पूर्णिया समाहरणालय पहुंचे। जहां 45 मिनट तक अधिकारियों के साथ बैठक की गई। अधिकारियों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से पटना लौट गए।

मातृभूमि की रक्षा को समर्पित!

# शिक्षक ने बॉर्डर पर जाने की मांगी इजाजत कहा- देश के लिए सबकुछ कुर्बान

पटना (एजेंसियां)। बिहार के कैमूर जिले के एक शिक्षक ने देश की सेवा के लिए भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जाने की इच्छा जताई है। इसके लिए उन्होंने बिहार शिक्षा विभाग के एसीएस एस. सिद्धार्थ को एक चिट्ठी लिखी है।

बिहार के कैमूर जिले के एक शिक्षक ने देश की सेवा के लिए भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर जाने की इच्छा जताई है। इसके लिए उन्होंने बिहार शिक्षा विभाग के एसीएस एस. सिद्धार्थ को एक चिट्ठी लिखी है।

शिक्षक वैभव किशोर कैमूर जिले के अधौरा प्रखंड के चफना उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्राध्यापक के पद पर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि वे भारत-पाकिस्तान सीमा पर सैन्य अभियान में मदद करना चाहते हैं और इसके लिए उन्हें अनुमति दी जाए।

शिक्षक वैभव किशोर ने बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर युद्ध की स्थिति बन रही है। ऐसे समय में वे एक जिम्मेदार नागरिक और प्रशिक्षित शिक्षक होने के नाते देश की सेवा करना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उन्हें सीमा पर जाकर मातृभूमि की रक्षा करने का मौका मिले। उन्होंने बताया कि भारत ने 7 मई को पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया था, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है।



शिक्षक वैभव किशोर ने पत्र में लिखा है कि उनके पास एनसीसी का 'सी' सर्टिफिकेट है, जिसमें उन्हें 'बीईई' ग्रेड मिला है। इसके अलावा उन्होंने दो साल का रोवर-रेंजर प्रशिक्षण और एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) का प्रशिक्षण भी लिया है। इन सबके आधार पर वे किसी भी राष्ट्रीय आपात स्थिति में मदद करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

वैभव किशोर ने अपने पत्र में लिखा है कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर हालात तनावपूर्ण हो रहे हैं और युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ऐसे समय में अगर उन्हें देश की रक्षा में योगदान करने का मौका मिले, तो यह उनके जीवन का सबसे गर्व भरा पल होगा।

शिक्षक वैभव किशोर ने बताया कि उन्होंने देश के वीर सैनिकों की बहादुरी से प्रेरित होकर यह फैसला लिया है। उन्होंने बिहार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस. सिद्धार्थ को पत्र और ईमेल भेजकर सेना के सैन्य अभियान में सहयोग करने की अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि वे पूरी तरह तैयार हैं और देश के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। हालांकि अभी तक विभाग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है।

उन्होंने यह भी बताया कि वे एनसीसी के 'सी' सर्टिफिकेट धारक हैं, उन्हें 'बीईई' ग्रेड मिला है। साथ ही वे रोवर-रेंजर और एनएसएस से भी प्रशिक्षित हैं। उनकी यह सभी योग्यताएं उन्हें किसी भी राष्ट्रीय आपात स्थिति में योगदान देने के लिए सक्षम बनाती हैं। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच, बिहार के इस शिक्षक ने अपनी देशभक्ति का परिचय देते हुए सेना में सहयोग की इच्छा जताई है।

# पटना की सबसे उंची इमारत पर भाजपा का कब्ज़ा, पूर्व सांसद के बेटे महेश बने उपाध्यक्ष

पटना (एजेंसियां)। बिस्कोमान के चुनाव में राजद एमएलसी सुनील सिंह को जोर का झटका लगा है। मतदान के बाद यह स्पष्ट हुआ कि वोट की कमी की वजह से वंदना सिंह हार गयीं। उन्हें 8 वोट मिले, जबकि विशाल सिंह को 12 वोट मिले हैं। सुनील सिंह बार-बार सरकार पर यह आरोप लगा रहे थे कि सरकार चुनाव नहीं कराना चाह रही है। उनका आरोप था कि सरकार यह नहीं चाहती है कि सुनील सिंह की टीम आगे आये। चुनाव भी सरकार नहीं कराना चाहती है। अब चुनाव भी हो गया और मतदान भी समाप्त हो गया है।





बिस्कोमान के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित विशाल कुमार सिंह की पारिवारिक पृष्ठभूमि पूर्व से ही सहकारिता के राजनीति से जुड़ी हुई है। उनके दादा तपेश्वर प्रसाद सिंह देश के सहकारिता के बड़े नेता रह चुके हैं। विशाल सिंह के पिताजी अजीत सिंह जो जदयू से पूर्व सांसद तो उनके दिवंगत होने के बाद उनकी मां मीना सिंह भी बिक्रमगंज का सांसद रह चुकी है। विशाल सिंह लंबे समय से नेफेड के अध्यक्ष पद पर काबिज हैं। वहीं उनके ससुराल की बात की जाए तो राष्ट्रीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष सह यूपी के केशरगंज लोकसभा के छह बार सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह विशाल सिंह के ससुर हैं। अभी वर्तमान में विशाल के बड़े साले विधायक हैं तो वहीं छोटे साले करण भूषण सिंह पिता के ही सीट केशरगंज से सांसद हैं। विशाल सिंह फिलहाल बिहार कुश्ती संघ के अध्यक्ष भी हैं।

महेश राय गोपालगंज के पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे दिवंगत नगीना राय के बड़े पुत्र है। महेश राय लगातार चार टर्म से दी गोपालगंज सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष पद पर काबिज है। इनके पिता नगीना राय भी सहकारिता के पुरोधा कहे जाते थे। देश में सहकारिता के वरिष्ठ नेताओं में उनकी भी गिनती होती थी। बिहार में को ऑपरेटिव बैंक को शिखर पर पहुंचाने में उनका अहम योगदान माना जाता है।

वहीं एक नजर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पिता के निधन पर नजर डालें तो पूर्व सांसद नगीना राय की जहां उनके ही विधानसभा कुचायकोट थाना क्षेत्र के भूपतिपुर में गोली मार कर हत्या कर दी गई, तो वहीं विशाल सिंह के पिता दिवंगत अजीत सिंह गोपालगंज में ही सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। सांसद रहते अजीत सिंह बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह गोपालगंज जिले के करिया गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए सिवान के रास्ते गोपालगंज जा रहे थे। इस कार्यक्रम में महाराजगंज के वर्तमान सांसद उमाशंकर सिंह शामिल होकर गोपालगंज से सिवान के लिए लौट रहे थे। दोनों लोगों की मुलाकात गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के अमलोरी में हो गई।

# प्लेटफॉर्म पर बने कंक्रीट का यात्री शेड गिरने से चार लोग घायल



### ट्रेन के आने का कर रहे थे इंतजार

जहानाबाद (एजेंसियां)। जहानाबाद कोर्ट स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर बने कंक्रीट का यात्री शेड गिरने से चार लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। सभी घायलों को जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन सभी की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उनको पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ,एसडीपीओ अस्पताल पहुंच कर स्थिति की जानकारी ली।

बताया जाता है कि आज शुक्रवार की संध्या में कोर्ट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 2 का यात्री शेड अचानक भरभरा कर गिर गया, जिसमें चार लोग जख्मी हो गए।

घायल सभी लोग दैनिक मजदूर है जो काम समाप्त होने के बाद अपने घर जाने के लिए ट्रेन की प्रतिक्षा कर रहे थे और इसी दरम्यान कंक्रीट का बना यात्री शेड भरभरा कर गिर गया। घायलों में नरेंद्र कुमार, बूंदी यादव, नीतीश कुमार और सुबोध कुमार शामिल हैं। घायलों का ईलाज कर रहे चिकित्सक डॉ एके नंदा ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद उनके बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

# व्यवसायी के घर 50 लाख की चोरी मामले में सात आरोपी गिरफ्तार, नकद समेत लाखों का गहना बरामद





दरभंगा (एजेंसियां)। समस्तीपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नगर थाना अंतर्गत माड़वारी बाजार के व्यवसायी के घर में हुए चोरी के मामले में सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पांच लाख नकद समेत 20 लाख का गहना भी बरामद किया है।

एएसपी संजय पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 26 अप्रैल को नगर थानान्तर्गत खान मार्केट के रवि कुमार गुप्ता के मकान में लाखों की चोरी हुई थी। चोरी की इस घटना के बाद संदिग्ध मजहर ईमाम उर्फ तौशीफ को नीम गली से गिरफ्तार किया गया। संजय पांडे ने बतलाया कि पूछताछ करने पर खान मार्केट स्थित रवि कुमार गुप्ता के मकान में अपने सहयोगी अपराधकर्मियों के साथ मिलकर लॉकर से आभूषण एवं नकद रुपये चोरी करने की बात स्वीकार की।

मजहर ईमाम उर्फ तौशीफ के स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानद-ही पर चोरी किए गए विभिन्न प्रकार के आभूषणों और नकद पांच लाख रुपये बरामद किया गया है।

विशेष टीम द्वारा चोरी किए गए शेष सामानों की बरामदगी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अपराधकर्मियों का अपराधिक पृष्ठभूमि रहा है, जिस संबंध में पता किया जा रहा है। घटना के उद्भेदन के लिए गठित विशेष टीम के सदस्यों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# ईट भरे ट्रॉली-ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

गोपालगंज (एजेंसियां)। गोपालगंज जिले के कटेया बाजार से रेफरल हॉस्पिटल की तरफ जाने वाली सड़क पर ईट ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवकों की पहचान कटेया थाना क्षेत्र के दिउलियां राजापुर निवासी चंद्रमा पड़ित के 18 वर्षीय पुत्र निगम कुमार पंडित और भोरे थाना क्षेत्र के बनकटा जागीरदारी गांव निवासी हरि चौहान के 19 वर्षीय पुत्र मन्नु चौहान के रूप में हुई है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज भेज दिया है। दोनों मृत युवक डीजे ऑपरेटर का काम करते थे और काम खत्म होने के बाद शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे कटेया बाजार से अपने घर जा रहे थे, जिस दौरान दोनों सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रेफरल हॉस्पिटल रोड पर नीलम श्रीवास्तव के निर्माणधीन मकान के पास भवन निर्माण सामग्री रखी हुई थी, जिससे सड़क का कुछ हिस्सा भी बाधित था। युवकों की मोटर साइकिल, ईट ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक करने के क्रम में सड़क पर गिराए गए ईटों पर जा चढ़ी, जिसके बाद अनियंत्रित होकर बाइक ट्रैक्टर-ट्रॉली के पहियों के ठीक सामने जा गिरी और दोनों ही युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दोनों युवकों को कटेया रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना के बाद ट्रैक्टर का चालक सड़क पर ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़कर फरार हो गया।घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ईट से लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इधर, घटना की सूचना के बाद अस्पताल में पहुंचे मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। खबर लिखे जाने तक परिजनों के द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया था।

# नालंदा प्रशासन ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए उठाए सवाल

पटना (एजेंसियां)। नालंदा में जिलाधिकारी शशांक शुभंकर और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने मिलकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था को ठीक बनाए रखने के लिए कुछ खास कदम उठाए जा रहे हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने सख्त फैसले लेने का फैसला किया है।

नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि जिले में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिहार सरकार ने सभी सिविल और पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सभी अधिकारियों को अपने-अपने मुख्यालय में रहने का आदेश दिया गया है। साथ ही बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी और एसडीपीओ को खास निर्देश दिए गए हैं ताकि वे अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता बरतें।

प्रशासन ने जिले के सभी होटल और लॉज मालिकों को साफ निर्देश दिया है कि वे अपने यहां ठहरने वाले हर व्यक्ति की फोटो पहचान-पत्र की जांच करें और रिकॉर्ड रखें। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है, तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए। इसके लिए अगले दो



दिनों में एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी होटल व लॉज मालिकों के साथ बैठक करेंगे, ताकि इन नियमों का सही पालन हो सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि साइबर कैफे का उपयोग करने वाले हर व्यक्ति से आईडी कार्ड लेना और उसका चेहरे से मिलान करना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए सभी अनुमंडल और थाना स्तर पर साइबर कैफे संचालकों के साथ विशेष बैठकें आयोजित की जाएंगी।

भारत सरकार के निर्णय के अनुसार, अगले दो महीने का खाद्यान्न एक साथ सभी लाभार्थियों को वितरित किया जाएगा।

इसके लिए जिले में विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें परिवहन और अन्य व्यवस्थाएं शामिल हैं। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि कठिन समय में जमाख-ोरी की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों की प्रवृत्ति होती है कि वे आवश्यक वस्तुओं जैसे दवा, तेल, चीनी या खाद्य पदार्थों का संग्रह करके अधिक दाम पर बेचना चाहते हैं। इसके खिलाफ एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया है जो जिले के बड़े थोक व्यापारियों पर नजर रखेगी। किसी भी प्रकार की जमाखोरी या कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिले के सभी अग्निशमन वाहनों को विभिन्न थानों और अनुमंडलों में तैनात कर दिया गया है। सभी वाहन चालकों को सक्रिय रखा गया है और उनके संपर्क विवरण एसडीओ के पास उपलब्ध हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की है कि वे फेक न्यूज को साझा न करें क्योंकि यह विधि व्यवस्था की समस्या या सांप्रदायिक तनाव पैदा कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि न केवल ऐसी सामग्री पोस्ट करने वाले, बल्कि उसे शेयर या पुनः प्रसारित करने वाले भी कानूनी कार्रवाई के भागी होंगे।

एसपी ने यह भी बताया कि सभी महत्वपूर्ण स्थलों, पर्यटक स्थलों और जहां अधिक यात्री आते हैं, वहां सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जा रहा है। पिछले दो दिनों से वाहन जांच में वृद्धि की गई है और वरिष्ठ अधिकारी स्वयं क्षेत्र में निकलकर जांच कर रहे हैं।

जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये सभी कदम केवल एहतियात के तौर पर उठाए जा रहे हैं और जिले में सब कुछ सामान्य रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में खेलो इंडिया गेम्स भी सुचारू रूप से चल रहे हैं और कहीं कोई समस्या नहीं है। प्रशासन ने सभी होटल मालिकों, लॉज संचालकों और साइबर कैफे संचालकों से अपील की है कि वे इन निर्देशों का दृढ़ता से पालन करें ताकि जिले में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com